

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,सोमवार 08 जून 2026 ■ ज्येष्ठ अधिकमास कृष्ण पक्ष-08 ■ वर्ष -42 ■ अंक-071 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 09 जून 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## संगठन बदले या चेहरा भरोसा नहीं लौटेगा

### कांग्रेस पर मुख्यमंत्री साय का बड़ा तंज

**रायपुर,8 जून ■ तरुण छत्तीसगढ़**

कांग्रेस में प्रदेश अध्यक्ष चयन को लेकर दिए गए पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव के बयान पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने तंज कसा है। उन्होंने कहा कि ये हमारा देखने का काम नहीं है, कांग्रेस इसको देखे। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस कितना भी कर लें, जनता का विश्वास नहीं जीत पाएगी। सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस देश की जनता का विश्वास खो चुकी है और लगातार सिमटती जा रही है, क्योंकि ये लोग हमेशा जनता को ठगने का काम करते हैं। इनकी कथनी और करनी में बहुत अंतर है, जमीन-आसमान का फर्क है।उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में भी वर्ष 2018 में प्रदेश की जनता ने इन्हें जनादेश दिया था, लेकिन पांच वर्षों तक इन्होंने केवल जनता को ठगने और प्रदेश को लूटने का काम किया। इसका परिणाम उन्हें 2023 के विधानसभा चुनाव में भुगतना पड़ा। अब ये लोग कुछ भी कर लें, जनता का विश्वास खो चुके हैं।



वहीं एलपीजी सिलेंडर के बढ़े दामों को लेकर मुख्यमंत्री साय ने कहा कि पश्चिम एशिया में युद्ध की जो स्थिति है, उससे हम सब वाकिफ हैं। पूरा विश्व इससे प्रभावित है। हम सबको इसमें सहयोग करना चाहिए और टीम भावना के साथ अपने देश के लिए खड़ा रहना चाहिए।



## भारत में पेट्रोल-डीजल फिर हो सकते हैं महंगे

**नई दिल्ली,8 जून।** पश्चिम एशिया में एक बार फिर बढ़ते तनाव ने दुनिया की अर्थव्यवस्था की चिंता बढ़ा दी है। इजरायल द्वारा लेबनान पर नए हमले किए जाने के बाद ग्लोबल मार्केट में कच्चे तेल की कीमतों में जोरदार उछाल देखने को मिला है। सोमवार को ब्रेंट और अमेरिकी क्रूड ऑयल दोनों की कीमतें 2% से ज्यादा बढ़ गईं। बताया जा रहा है कि यदि हालात जल्द नहीं सुधरे तो पेट्रोल-डीजल की कीमतों में फिर से बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।ताजा कारोबार में अमेरिकी क्रूड ऑयल 2.32% बढ़कर 92.64 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। वहीं ब्रेंट क्रूड 2.5% की तेजी के साथ 95.42 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार करता दिखा। दरअसल, इजरायल और लेबनान के बीच हाल ही में युद्धविराम हुआ था, जिससे उम्मीद थी कि क्षेत्र में शांति लौटेगी। लेकिन नए हमलों ने इन उम्मीदों को झटका दिया है। इसके साथ ही अमेरिका और ईरान के बीच संभावित शांति समझौते की राह भी मुश्किल होती नजर आ रही है। निवेशकों को डर है कि क्षेत्र में बढ़ता संघर्ष तेल सप्लाई को और प्रभावित कर सकता है।

## राइस मिल के गोदाम में आग

**रायगढ़,8 जून।** जूटमिल थाना क्षेत्र के छातामुड़ा चौक स्थित शिव ट्रेडिंग राइस मिल के गोदाम में देर रात अचानक आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग ने देखते ही देखते गोदाम में रखे चावल, बारदाना और भूसे को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और करीब पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। जानकारी के अनुसार रात करीब 11 बजे कर्मचारियों ने गोदाम से धुआं निकलते देखा, जिसके बाद आग लगने की जानकारी मिली। कर्मचारियों ने तुरंत राइस मिल संचालक, पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी। दमकल टीम के पहुंचने तक आग गोदाम के बड़े हिस्से में फैल चुकी थी। गोदाम में बड़ी मात्रा में ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग तेजी से फैलती गई, जिससे आग बुझाने में काफी



कठिनाई हुई। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए दमकल विभाग ने तीन फायर ब्रिगेड वाहनों को मौके पर लगाया। लगातार पानी की बौछार के बाद तड़के करीब 4 बजे आग पर पूरी तरह नियंत्रण पा लिया गया। प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है, हालांकि वास्तविक वजह जांच के बाद स्पष्ट होगी। जिला सेनानी ब्लासियुस कुजूर ने बताया कि नुकसान का आकलन किया जा रहा है। राहत की बात यह रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और समय रहते आग को आसपास के क्षेत्रों में फैलने से रोक लिया गया।

### भूटान में आए भूकंप से दहला पूर्वोत्तर भारत

**नई दिल्ली,8 जून।** रविवार देर रात आए भूकंप के झटके पूर्वोत्तर भारत के कई क्षेत्रों में भी महसूस किए गए. 7 जून की रात लगभग 11:06 बजे भूटान के पास लगभग 5.7 तीव्रता का जो भूकंप आया, उसका केंद्र असम के कुछ हिस्सों से लगभग 252 किलोमीटर दूर था. असम, मेघालय सहित पूर्वोत्तर के अन्य हिस्सों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं. हालांकि अभी तक कहीं से भी जानमाल के नुकसान की तत्काल कोई प्राप्त नहीं हुई है. नेपाल में भी रविवार रात भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए. मीडिया रिपोर्ट्र्स के मुताबिक बांग्लादेश, पश्चिम बंगाल और सिक्किम के कुछ हिस्सों में भी भूकंप के झटके महसूस हुए.

### हाइवा ने बाइक सवार को कुचला,मौत

**कवर्धा,8 जून।** कबीरधाम जिले में सोमवार सुबह को तेज रफ्तार ने कहर बरपाया है. बानो बैरियल के पास भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई. तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार युवक को कुचल दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई. मृतक की पहचान जमुनिया निवासी अर्जुन बैगा के रूप में हुई है. घटना लोहार थाना क्षेत्र की है. जानकारी के मुताबिक, तेज रफ्तार में आ रही हाइवा ने बाइक सवार को टक्कर मारी. सड़क पर गिरने के बाद भारी वाहन उसके सिर के ऊपर से गुजर गई. दर्दनाक दुर्घटना में मौके पर ही युवक की मौत हो गई. हादसे के बाद लोगों की भारी भीड़ जुट गई. सूचना पर लोहारा थाना पुलिस तत्काल घटनास्थल पर पहुंची. शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है. बताया जा रहा है कि दुर्घटना के बाद हाईवा चालक मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस जुटी हुई है. इधर मृतक के परिजनों में शोक का माहौल है. दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है.

### फिलीपींस में भूकंप, कई देशों में सुनामी की चेतावनी

**मनीला,8 जून।** फिलीपींस में सोमवार सुबह ऐसा भूकंप आया जिसने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। रिक्टर स्केल पर 7.8 तीव्रता के इस जोरदार झटके के बाद फिलीपींस, इंडोनेशिया और मलेशिया के तटीय इलाकों में सुनामी का अलर्ट जारी कर दिया गया है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक भूकंप का केंद्र मिंडानाओ द्वीप के जनरल सैंटोस शहर के पास था।



## इंटरव्यू के बीच ट्रंप की एंकर से जबरदस्त बहस

### कहा- 'तुम बेईमान हो या बेवकूफ '

**वाशिंगटन,8 जून।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप रविवार को एक इंटरव्यू में सवाल पूछे जाने पर भड़क गए. राष्ट्रपति डोनाल्ड इस कदर भड़क गए कि उन्होंने पत्रकार को 'बेईमान' और 'मूर्ख' तक कह दिया और इंटरव्यू बीच में ही छोड़कर चले गए. राष्ट्रपति ट्रंप ने न्यूज एंकर के बयान से नाराजगी जताते हुए इंटरव्यू बीच में ही छोड़ दिया. मामला है जब पत्रकार ने कैलिफोर्निया में वोटों की गिनती में देरी को लेकर ट्रंप की तरफ से लगाए गए धांधली के आरोपों पर सवाल किया और उनसे सबूत मांगे. ट्रंप मीडिया को बेईमान बताते हुए और सबूत मांगने पर माइक्रोफोन उतारकर बीच इंटरव्यू के दौरान ही उठकर चले गए.

## ट्रंप की अपील ठुकराकर इजरायल ने दागी ईरान के 4 शहरों पर बैलिस्टिक मिसाइलें

**यरूशलम,8 जून।** पश्चिमी एशिया में एक बार फिर युद्ध शुरू हो गया है। ईरान और इजरायल एक दूसरे पर जोरदार मिसाइल हमले कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपित ने दोनों देशों से हमले न करने की बात कही है। इजरायल के कई शहरों में ईरान ने रविवार रात हमले किए। इसके बाद डोनाल्ड ट्रंप ने बेंजामिन नेतन्याहू को फोन लगाया और कहा कि इजरायल इस हमले पर जवाबी कार्रवाई न करे। हालांकि, नेतन्याहू ने उनकी बात नहीं मानी और रविवार सुबह इजरायल ने भी ईरान के चार शहरों पर बैलिस्टिक मिसाइलें दागी।

ईरान ने इजरायल के हमलों के चलते अपना मुख्य हवाई क्षेत्र बंद कर दिया है। तेहरान के इमाम खुमैनी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के आसपास का एयरस्पेस बंद कर दिया गया है। यह ईरान का मुख्य एयरफील्ड है। वहीं, इजरायल डिफेंस फोर्स ने कहा, "कुछ समय पहले इजरायली एयर फोर्स ने पश्चिमी और मध्य ईरान में ईरानी आतंकी शासन के मिलिट्री ठिकानों पर हमला किया।" इजरायल ने पेंटागन की मदद से ईरान पर हमले किए हैं।

रविवार रात ईरान की तरफ से इजरायल पर कई मिसाइल दागी गईं। इजरायल ने दावा किया है कि ईरान की तरफ से देर रात भारी तादाद में मिसाइल्स दागे गए हैं। इजरायली कब्जे वाले वेस्ट बैंक के आसमान में कई मिसाइल्स नजर आए। ईरान ने लेबनान पर हमले की स्थिति में इजरायल पर अटैक की पहले ही चेतावनी दी थी। रविवार को जब इजरायली सेना ने लेबनान की राजधानी बेरूत में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर हवाई हमला किया तो जवाबी कार्रवाई के तौर पर ईरान ने इजरायल पर ताबड़तोड़ मिसाइल्स दाग दिए। हालांकि, अभी तक इस हमले में किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। इसी बीच अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी है कि वो हमले रोके वरना सीजफायर की डील रुक सकती है। इजरायल ने भी ईरान को जवाबी हमले की धमकी दी है। ईरान के इजरायल पर हमले पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप बड़ा बयान सामने आया है। ट्रंप ने कहा कि ईरान के हमले से इजरायल को नुकसान नहीं हुआ है। उम्मीद है कि इजरायल जवाबी कार्रवाई नहीं करेगा। अटैक के बाद ट्रंप ने ईरान को चेतावनी दी है।

## बिलासपुर से बेंगलुरु के लिए स्पेशल ट्रेन

**रायपुर,8जून।** ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान यात्रियों को राहत देने के लिए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने बिलासपुर और बेंगलुरु के बीच स्पेशल समर ट्रेन चलाने का फैसला किया है। यह ट्रेन बिलासपुर और बेंगलुरु छावनी के बीच एक फेरे के लिए संचालित की जाएगी. इससे यात्रियों को कन्फर्म बर्थ के साथ सुगम और आरामदायक यात्रा सुविधा मिल सकेगी। जानकारी के मुताबिक, गाड़ी संख्या 08263 बिलासपुर-बेंगलुरु छावनी समर स्पेशल 12 जून (शुक्रवार) को बिलासपुर से रवाना होगी। यह ट्रेन एक तरफा वन-वे सेवा के रूप में संचालित की जाएगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे क्षेत्र में इस विशेष ट्रेन का ठहराव बिलासपुर, भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़ और गोंदिया स्टेशनों पर दिया गया है, जिससे छत्तीसगढ़ के यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा।

समर स्पेशल ट्रेन में कुल 18 कोच होंगे, जिनमें 2 एसएलआरडी, 6 सामान्य (जनरल) तथा 10 स्लीपर कोच शामिल हैं। इस व्यवस्था के कारण दक्षिण भारत की ओर यात्रा करने वालों को अतिरिक्त सीटें उपलब्ध हो सकेंगी। ट्रेन 12 जून को दोपहर 2 बजे बिलासपुर से रवाना होगी। इसके बाद यह भाटापारा, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, डोंगरगढ़ और गोंदिया होते हुए महाराष्ट्र, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश और कर्नाटक के विभिन्न प्रमुख स्टेशनों से गुजरते हुए दूसरे दिन रात 8 बजे बेंगलुरु छावनी स्टेशन पहुंचेगी।

## सीएम शुभेंदु ने 4800 घुसपैठियों को बांग्लादेश भेजा

### कहा- डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट की नीति शुरू हो चुकी

**कोलकाता,8 जून।** सीएम शुभेंदु अधिकारी ने भाजपा द्वारा आयोजित 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026' नामक कार्यक्रम में कहा कि, भारत सरकार का एक कानून है, जिसके तहत अवैध घुसपैठियों को जेल भेजने के बजाय बीएसएफ को सौंपा जा सकता है. सीएम शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि पिछले एक महीने में 4,800 अवैध बांग्लादेशी घुसपैठियों को डिपोर्ट किया गया है और जल्द ही 836 को और डिपोर्ट करने की तैयारी राज्य सरकार कर रही है. मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि राज्य के सीमावर्ती जिलों में हिरासत केंद्र स्थापित किए गए हैं जहां रखे गए 836 अवैध घुसपैठियों को जल्द ही बांग्लादेश भेज दिया जाएगा.बंगाल में नई सत्ता के आने के बाद से अवैध प्रवासियों का मुद्दा बहुत ही ज्यादा गर्म है. पश्चिम बंगाल के सीएम शुभेंदु अधिकारी ने बताया कि सीमावर्ती जिलों में स्थापित होल्डिंग सेंटर्स से लगभग 4,800 अवैध प्रवासियों को बांग्लादेश भेजा जा चुका है. 836 को और डिपोर्ट करने की तैयारी राज्य सरकार कर रही है. सीएम शुभेंदु ने सीमा सुरक्षा और बाड़बंदी को राज्य सरकार की महत्वपूर्ण प्राथमिकता बताया. जिस समय शुभेंदु अधिकारी ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थीं उसी समय उन्होंने ने स्पष्ट कर दिया था कि राज्य सरकार अब डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट की नीति पर काम कर रही है.

### म्यांमार-बांग्लादेश बॉर्डर पर ईडी का छापा

**कोलकाता,8 जून।** प्रवर्तन निदेशालय ने आज एक ऑपरेशन के तहत बड़े अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स और मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है. इस कार्रवाई के तहत म्यांमार से जुड़े ड्रग नेटवर्क और 140 करोड़ के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में चार ठिकानों पर छापेमारी की है. प्रवर्तन निदेशालय द्वारा यह छापेमारी रविवार सुबह मिजोरम, त्रिपुरा और पश्चिम बंगाल में एक साथ की गयी है. यह कार्रवाई मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित धन को शेल कंपनियों और बैंक खातों के जरिए विदेश भेजने के आरोपों से जुड़ी है.मादक पदार्थों से जुड़ा अंतरराष्ट्रीय मनी लॉन्ड्रिंग नेटवर्क और 142 करोड़ से ज्यादा संदिग्ध लेनदेन मामले में देश के अलग-अलग राज्यों में छापेमारी के तहत कई गिरफ्तारियां हुई है.



## भाटागांव फ्लाईओवर पर ट्रक-कार में टक्कर

**रायपुर,8 जून।** राजधानी रायपुर के रिंग रोड नंबर-1 स्थित भांठागांव फ्लाईओवर पर ट्रक और कार के बीच हुई जोरदार टक्कर से अफरा-तफरी मच गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार हादसा रॉन्ग साइड से ओवरटेक करने के दौरान हुआ। राहत की बात यह है कि दुर्घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। जानकारी के मुताबिक, भांठागांव फ्लाईओवर पर एक कार चालक रॉन्ग साइड से ओवरटेक करने का प्रयास कर रहा था। इसी दौरान कार की ट्रक से जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि कार के ड्राइवर साइड का हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। हादसे के बाद फ्लाईओवर पर वाहनों की लंबी कतार लग गई और यातायात प्रभावित रहा। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और यातायात को सुचारू करने के साथ मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस दुर्घटना के कारणों की पड़ताल कर रही है।

### धमतरी में 400 किलो से अधिक गांजा जब्त

**धमतरी,8 जून।** जिले में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत धमतरी पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। श्यामतराई वनोपज जांच नाका पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 400 किलो से अधिक गांजा बरामद किया है। इस मामले में एक नाबालिग सहित पांच लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, गांजे की तस्करी एक कार और पिकअप वाहन के माध्यम से की जा रही थी। दोनों वाहन जगदलपुर से रायपुर की ओर जा रहे थे। जांच के दौरान अर्जुनी थाना पुलिस की टीम ने वाहनों को रोककर तलाशी ली, जिसमें बड़ी मात्रा में गांजा बरामद हुआ।

पुलिस के अनुसार, तस्करों ने पिकअप वाहन में फोम की परतों के बीच गांजा के पैकेट छिपाकर रखे थे, ताकि जांच के दौरान पुलिस की नजर से बचा जा सके। हालांकि पुलिस जांच के चलते तस्करों की यह कोशिश सफल नहीं हो सकी। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने करीब 96 पैकेट गांजा जब्त किया है। बरामद गांजे का कुल वजन 400 किलो से अधिक बताया जा रहा है। इसकी बाजार कीमत लाखों रुपए आंकी जा रही है।

मामले में एक नाबालिग समेत पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस उनसे पूछताछ कर गांजे की खेप के स्रोत और गंतव्य के बारे में जानकारी जुटा रही है। साथ ही इस तस्करी नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान करने का प्रयास भी किया जा रहा है।

पुलिस सूत्रों का मानना है कि, पूछताछ में अंतरराज्यीय गांजा तस्करी गिरोह से जुड़े महत्वपूर्ण खुलासे हो सकते हैं। धमतरी पुलिस जल्द ही इस कार्रवाई को लेकर आधिकारिक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर विस्तृत जानकारी साझा कर सकती है।

### विश्व सायकल दिवस 2026 के थीम " हरित भविष्य के लिए सायकल चलाना" से प्रेरित होकर रायपुर में निकली सायकल रैली

## स्वस्थ नागरिक देश को बनाते हैं समृद्ध व खुशहाल

**आलेख.. जसवंत क्लॉडियस, वरिष्ठ स्वतंत्र खेल पत्रकार, टी वी कमेंटेटर, रायपुर. (छ. ग.)**

आमतौर पर यह माना जाता है कि मनुष्य को जिंदगी एक बार मिलती है इसलिए इतने महत्वपूर्ण मानव जीवन से परिवार, समाज, देश को कुछ देने के लिए हमें हमेशा तैयार रहना चाहिए। सृष्टि के आरंभ से लेकर 20 वीं सदी के चौथे दशक तक इंसान के रहन-सहन, खान-पान, दैनिक दिनचर्या, स्वास्थ्य,शिक्षा खेलकूद आदि में लगातार तब्दिली आती रही। संसार में सभ्यता के उदय के बारे में प्राप्त जानकारी के बाद स्पष्ट है कि मनुष्य का जीवन कभी भी स्थिर नहीं रहा। चाहे कबिलाई व्यवस्था हो या राजतंत्र या अधिनायकवाद या फिर लोकतंत्र, सभी दौर में मानव का स्वस्थ होना याने शरीर को पूरी तरह चुस्त-दुरुस्त रखना सबसे पहली व अनिवार्य शर्त थी। इतिहास को सिलसिलेवार पढ़ लीजिए स्वस्थ परिवार, समाज,देश तब बनता है जब मनुष्य मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ व मजबूत होता है। दूसरे विश्व युद्ध की समाप्ति के पश्चात संयुक्त राष्ट्र (यूनाइटेड नेशन्स) की स्थापना 24 अक्टूबर 1946 को हुई। तब से लेकर अब तक पूरे जगत के मनुष्यों के स्वास्थ्य सुधार को लेकर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने कई निर्णय लिये हैं। इसी क्रम में पोलिस-अमेरिकी समाजशास्त्री प्रोफेसर लेशेक सिबिल्स्की ने बेहतर पर्यावरण, स्वास्थ्य के लिए संयुक्त राष्ट्र के साथ मिलकर पूरे जगत में साइकिल दिवस मनाने का एक अभियान चलाया गया जिस पर 12 अप्रैल 2018 को संयुक्त राष्ट्र ने आम सहमति प्रदान करते हुए 03 जून को प्रतिवर्ष विश्व सायकल दिवस मनाने की घोषणा कर दी । तभी से प्रतिवर्ष 03 जून को विश्व सायकल दिवस मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ में भी सायकल की महत्ता को बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों तक पहुंचाने के लिए 07 जून 2026 को राजधानी रायपुर में भारतीय खेल प्राधिकरण के रायपुर प्रशिक्षण केंद्र के द्वारा महाराजा छत्रपति शिवाजी स्टेडियम, बूढ़ातालाब में एक विशाल व भव्य सायकल रैली का आयोजन किया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिक निगम रायपुर की महापौर श्रीमती मीनल चौबे, पुलिस कमिश्नर संजीव शुक्ला, नगर निगम रायपुर के आयुक्त संबित मिश्रा, सायकल एसोसिएशन के सचिव चेन्नावार, पार्षद मुरली शर्मा, व्हालीबाल के अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी दीपेश सिन्हा और रायपुर प्रशिक्षण केंद्र की प्रभारी डिप्टी डायरेक्टर ओलंपियन सुश्री गरिमा चौधरी उपस्थित थीं।

हमारे देश के नागरिकों को स्वस्थ रहने और फिट रहने का मूलमंत्र प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 29 अगस्त 2019 को राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर राष्ट्र को संबोधित करते हुए फिट इंडिया कार्यक्रम के शुरूआत की घोषणा की थी। यह हमारे देश के लिए सौभाग्य की बात है कि देश के नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रधानमंत्री ने स्वयं होकर पहल की. फिर केंद्रीय खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण के माध्यम से 2016/17 से करीब 6200 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कहना स्पष्ट है कि नागरिक स्वस्थ होंगे तो देश स्वस्थ होगा। उधर संयुक्त राष्ट्र द्वारा उत्तम स्वास्थ्य के लिए सायकल चालन को हमारे देश में राष्ट्रीय स्तर पर लागू फिट इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत महत्व देकर उसका प्रचार-प्रसार आरंभ हुआ। विश्व सायकल दिवस मनाते हुए भारत में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया के मार्गदर्शन में भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक हरि रंजन राव की देखरेख में रायपुर के सांईं के प्रादेशिक प्रशिक्षण केंद्र में विश्व सायकल दिवस 07 जून को मनाया गया। इसमें बच्चों से लेकर किशोरों, युवाओं, सेना व अर्धसैनिक बलों के सैकड़ों नौजवानों द्वारा रायपुर शहर के क्षेत्र विशेष में सायकल चलाया गया। इसके माध्यम से शरीर को स्वस्थ रखने के संदेश के अलावा वाहनों से निकलने वाले प्रदूषित वायु से छुटकारा, पेट्रोलियम पदार्थों से होने वाले खर्च से बचत साथ ही साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश रायपुर सहित मीडिया के माध्यम से छत्तीसगढ़ के अन्य दूरस्थ अंचल को भी दी गई। सायकल चलाते वक्त यातायात नियमों का पालन कैसे करना है यह जानकारी आम जनता और सायकल रैली में भाग लेने वालों को प्राप्त हुई। केंद्र सरकार की इस नीति से फिट छत्तीसगढ़ में स्वस्थ नागरिक बनाने की दिशा में कदम आगे बढ़ा है। पेट्रोलियम पदार्थों के कम उपयोग से परिवारों में खुशहाली और दूषित पर्यावरण से बचाव के लिए वृक्षारोपण को बढ़ावा देने की भावना इस प्रदेश के नागरिकों में अवश्य ही पैदा हुई .

# पानी बचाओ-बानी बचाओ खारुन नदी पदयात्रा तरीघाट से शुरू

■ शिवनाथ संगम स्थल सोमनाथ में होगा समापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उतई, 8 जून।** पूरी दुनिया में पानी और बानी(मातृभाषा) को लेकर एक विकट संकट की स्थिति है इसे बचाने, लोगों को जगाने मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी टीम लगातार पानी बचाओ-बानी बचाओ को लेकर अभियान चला रही है. इसी अभियान के तहत रविवार को मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ की टीम ऐतिहासिक-पुरातात्विक स्थल तरीघाट पहुँची. जहाँ टीम ने माँ-महामाया मंदिर में पूजा अर्चना के बाद अपने खारुन नदी पदयात्रा की शुरुआत की. इस यात्रा का समापन शिवनाथ संगम स्थल सोमनाथ में होगा

छत्तीसगढ़ राज्य भी इस संकट से जूझ रहा है. राज्य में लगातार भू-जल स्तर तेजी से नीचे गिर रहा है. नदियों में प्रवाह नहीं है. गर्मी के दिनों में महानदी से लेकर कई-छोटी बड़ी नदिया कई स्थानों पर सूख जाती है. तालाबों और नालों की स्थिति भी अच्छी नहीं है. जल प्रदूषण के साथ बेहताशा कई तरह के खनन संकट बढ़ते ही जा रहा है. अनेक एनीकेट और स्टॉप डैम से नदियों को तलाबों में तब्दील किया जा रहा है.

इसी तरह से छत्तीसगढ़ में मातृभाषाओं पर संकट बढ़ रहा है. छत्तीसगढ़ी, हल्बी, गोंडी, सरगुजी जैसी मातृभाषाओं में पढ़ाई-लिखाई नहीं होने से मातृभाषाएं धीरे-धीरे अपना अस्तित्व खो देंगी। इसे बचाने, लोगों को जगाने मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी टीम लगातार पानी बचाओ-बानी बचाओ को लेकर अभियान चला रही है. टीम के संयोजक डॉ. वैभव बेमेतरिहा ने बताया कि खारुन पदयात्रा दो चरणों में पूरी होगी. पहले चरण की पदयात्रा की शुरुआत रविवार को तरीघाट से शुरू हुई. तरीघाट से खारुन नदी के किनारे-किनारे होते हुए सोमवार को महादेव घाट रायपुर में समाप्त होगी।दूसरे चरण की पदयात्रा महादेव घाट रायपुर से शुरू होकर शिवनाथ संगत स्थल सोमनाथ(सिमगा) में समाप्त होगी।

पहले दिन पदयात्रा में मोर चिन्हारी छत्तीसगढ़ी टीम के राजीव तिवारी, संजीव साहू, राघवेंद्र साहू, समरेंद्र शर्मा, मनोज सिंह बघेल के साथ पर्यावरण प्रेमी पत्रकार रोम शंकर यादव, दीपक गोस्वामी, अशोक कुमार, भेद प्रकाश वर्मा, हरीश साहू,मुकेश सेन सहित कई लोग शामिल रहे।

## समाचार संक्षेप

### घुघुवा क में डोम शेड निर्माण का भूमिपूजन किया गया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 8 जून।** क्षेत्र के ग्राम घुघुवा क में स्थित साहू भवन के बाउंड्री अंदर मैदान में डोम सेड की आवश्यकता होने की मांग साहू समाज के लोगों ने सांसद जी से किया था जिस पर सांसद विजय बघेल जी के अनुशंसा से स्वीकृत राशि से डोम सेड निर्माण हेतु भूमिपूजन का कार्यक्रम किया गया जिसके मुख्य अतिथि सभापति जनपद पंचायत पाटन माननीय प्रणव शर्मा जी रहे, मुख्य अतिथि द्वारा पुष्प माल्यार्पण कर नारियल तोड़कर नींव खुदाई कर भूमिपूजन किया गया, इस अवसर पर स्थानीय साहू के अध्यक्ष ओगी राम साहू, ग्राम की सरपंच शैलेन्द्री साहू एवं स्थानीय साहू समाज के लोगों की उपस्थिति रही।

### उर्स में शामिल हुए जायरीन, चादरपोशी के साथ हुआ लंगर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 8 जून।** ताज दरबार कैंप-1 में हजरत नानी अम्मा रहमतुल्ला अलैहि का 20 वां उर्स पाक पूरी शानो शौकत के साथ मनाया गया। हर साल की तरह इस साल भी सैकड़ों की संख्या में जायरीन शामिल हुए और उन्होंने चादरपोशी की रस्म अदा की संदल चादर पेश की। लोगों ने खैर और बरकत की दुआएं मांगी। इसके बाद फातिहा ख्वानी की गई। जिसमें सैकड़ों की तादाद में लोगों ने लंगर में भागीदारी दी। ताज दरबार की खिदमत गुजार एवं हजरत नानी अम्मा कल्याण समिति की अध्यक्ष हज्जन बदरुन्निसा ताजी और गद्दी नशीन मोहम्मद सादिक ताजी ने बताया कि हर साल की तरह इस साल भी बड़ी तादाद में लोगों ने शिरकत की।

### प्रदूषण नियंत्रण शोध पर पूर्णिमा मिश्रा को पीएचडी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 8 जून।** रसायनविद् पूर्णिमा मिश्रा को पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। यह उपाधि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा उनके शोध कार्य के सफल मूल्यांकन एवं निर्धारित शैक्षणिक प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद प्रदान की गई। पूर्णिमा मिश्रा ने अपना शोध कार्य विश्वविद्यालय के डिप्टी रजिस्ट्रार डॉ. राजमणि पटेल के निर्देशन तथा दिग्विजय कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ. डाकेश्वर कुमार वर्मा के सह-निर्देशन में पूरा किया। उनका शोध विषय सिंथेसिस एंड कैरेक्टराइजेशन ऑफ़ हैलॉयसाइट मेडिएटेड कंपोजिट्स फॉर द रिमूवल ऑफ़ पोलूटेंट्स रहा, जो प्रदूषण नियंत्रण और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। शोध में प्रदूषक तत्वों को हटाने के लिए विशेष प्रकार के कंपोजिट पदार्थों के निर्माण एवं उनके गुणों का अध्ययन किया गया। यह शोध भविष्य में जल एवं पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण के क्षेत्र में उपयोगी साबित हो सकता है। पूर्णिमा मिश्रा वर्तमान में पीएचईडी, जिला राजनांदगांव की प्रयोगशाला में केमिस्ट के पद पर कार्यरत हैं।

### वीडियो वायरल होने पर जुर्म दर्ज



**भिलाई, 8 जून (तछसं.)।** भिलाई सुपेला थाना क्षेत्र के एक युवक ने सुपेला में रिपोर्ट दर्ज काराय कि लगभग एक वर्ष पूर्व उसकी एक युवती से मित्रता थी इससे कुछ समय तक बातचीत होने के पश्चात उसने संपर्क समाप्त कर दिया था उसे काल कर उक्त व्यक्ति ने स्वयं को उक्त युवती का बॉयफ्रेंड बताते हुए मिलने की इच्छा व्यक्त की घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के उपरांत थाना सुपेला में धारा 296, 115(2), 351(3), 191 (2), 191 (3) बीएनएस तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया मामले में पुलिस पंकज विश्वकर्मा (21 साल ) निवासी कातुलबोर्ड मिलन चौक समेत 5 नाबालिग को गिरफ्तार कर लिया है

## एक नजर

### अवैध रूप से शराब बिक्री,युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 8 जून (तछसं.)।** भिलाई असोगा-जरवाय रोड के पास अवैध रूप से शराब बिक्री के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहे एक युवक को रानीतराई पुलिस ने गिरफ्तार किया है? आरोपी के कब्जे से 35 पौवा देशी शोले मसाला शराब जब्त की है रानीतराई थाना प्रभारी कमल सिंह सेंगर ने बताया कि थाना रानीतराई क्षेत्रांतर्गत अशोगा जरवाय रोड के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बिक्री किए जाने की सूचना मिली। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो एक व्यक्ति प्लास्टिक बोरी के थैले में अधिक मात्रा में अवैध शराब रखकर ग्राहक का इंतजार करते पाया पूछताछ करने पर अपना नाम कुलेश्वर साहू (37 साल ) निवासी ग्राम कुम्हली, थाना जामगांव बताया। आरोपी के कब्जे से 35 पौवा देशी शोले मसाला शराब जब्त किया पूछताछ में आरोपी ने अवैध शराब बिक्री हेतु शराब रखना स्वीकार किया गया। आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया है ।

### लोगों को डरा रहा युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 8 जून (तछसं.)।** पुरानी भिलाई टीआई अंबर सिंह भारद्वाज ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति दादर रोड पुलिया के पास विद्युत खंभे के नीचे धारदार हथियार लेकर आने-जाने वाले लोगों को डरा-धमका रहा है। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची एवं घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया पूछताछ में उसने अपना नाम नितिन कुमार डहरिया उर्फ बंटी, (28 साल ) निवासी ग्राम दादर थाना भिलाई-03 बताया तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से एक नग लोहे का धारदार दांतेदार हथियार बरामद किया गया है।

### लोगों को धमकाने वाला युवक गिरफ्तार



**भिलाई, 8 जून (तछसं.)।** भिलाई वैशाली नगर टीआई प्रशांत मिश्रा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि कचरा भट्ठी जवाहर नगर के पास एक व्यक्ति हाथ में धारदार हथियार लेकर राहगीरों एवं आम नागरिकों को डरा-धमका रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके के लिए रवाना हुई वैशाली नगर थाने पुलिस टीम के पहुंचने पर संदिग्ध व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा उसे घेराबंदी कर पकड़ा गया पूछताछ पर उसने अपना नाम शेख सलीम (19 साल ) निवासी घासीदास नगर जामुल के पीछे बताया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक नग धारदार हथियार बरामद किया गया आरोपी का कृत्य शस्त्र अधिनियम के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने पर थाना वैशाली नगर में धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### केबल चोरी के प्रयास में एक गिरफ्तार

**भिलाई, 8 जून (तछसं.)।** भिलाई भट्ठी थाना क्षेत्र के कापर केबल चोरी करने कुछ युवक बीएसपी में घुसे गतिविधियां संदिग्ध लगने पर केऔसुब इकाई में कार्यरत अधिकारियों ने एरिया की सर्चिंग की। इस बीच एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया पूछताछ में अपना नाम सुनील कुमार (20 साल ) पुरैना बताया। उसने पूछताछ में बताया कि अपने तीन साथी अमन, उमेश व संदीप पुरैना क्षेत्र से दीवार फांदकर संयंत्र में घुसे थे एरिसा से दो बंडल कापर केबल एक बंडल लगभग 65 कि. ग्राम चोरी कर ले जाने का प्रयास कर रहे थे। अन्य आरोपियों की पुलिस तलाश कर रही है।

# पांच दिवसीय ध्यान एवं योग शिविर का समापन,इंद्रजीत का हुआ सम्मान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 जून।** कान्हा पार्क कोहका स्थित वीराजी के अंगना में आयोजित पांच दिवसीय ध्यान एवं योग शिविर के समापन शिविर में स्वास्थ्य, मानसिक संतुलन और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे विषयों पर विशेष जोर दिया गया। समारोह में सर्व समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उनके साथ उनकी माता कुलवंत कौर भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में पतंजलि योग समिति छत्तीसगढ़ के राज्य प्रभारी अनुप बंसल, रामऋषि अग्रवाल, डॉ. राघवेंद्र साहू, विमला राय और डॉ. अनिल मिश्रा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। दीप प्रज्ज्वलन और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में योग शिक्षिकाओं विमला राय, सुधा सोनी और साधना साहू ने प्रतिभागियों को योग और प्राणायाम का अभ्यास कराया। शिविर में युवाओं और महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली। पतंजलि योग समिति के सदस्य भावेश साहू ने कहा कि इंद्रजीत सिंह समाज के हर वर्ग के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। जरूरतमंदों की सहायता, सामाजिक एकता और छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका प्रेरणादायक है। इस अवसर पर उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में अनुप बंसल ने कहा कि आज की तेज़ रफ्तार और तनावपूर्ण जीवनशैली में योग युवाओं के लिए सबसे प्रभावी साधन बन सकता है। कार्यक्रम में राधिका नगर, रामनगर और कुरुद रोड कोहका में नियमित योग कक्षाएं संचालित करने वाले प्रशिक्षकों का सम्मान भी किया गया। वहीं कुलवंत कौर और अनुप बंसल को कामधेनु गौमाता की प्रतिमा भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में मुरलीधर साव, डॉ. नेमलाल साहू, ओमप्रकाश साहू, एस.के. निर्मलकर, गिरीश कुमार, जागेश्वरी साहू, संगीता धोटे, तिजऊ राम साहू, बलवंत सिंह सहित बड़ी संख्या में योग साधक और नागरिक उपस्थित रहे।

# एओआई की नई कार्यकारिणी घोषित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 जून।** एसोसिएशन ऑफ ओटोराइनोलैरिंजोलॉजिस्ट्स ऑफ इंडिया ए.ओ.आई. के दुर्ग-भिलाई एवं राजनांदगांव चैप्टर की सामान्य सभा शनिवार को संपन्न हुई। बैठक में नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में डॉ. आदित्य मेठी को अध्यक्ष, डॉ. राघवेंद्र सिंह गौर को उपाध्यक्ष, डॉ. मयुरेश वर्मा को सचिव तथा डॉ. गिरीश उमरेडकर को कोषाध्यक्ष चुना गया। संयुक्त सचिव के रूप में डॉ. नमन पींचा एवं डॉ. सीमा पति को जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं डॉ. अभिराज तिवारी को मीडिया समन्वयक और डॉ. मिथिलेश शर्मा को बाह्य कार्य समन्वयक नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों में डॉ. एस.एम. इकबाल, डॉ. गौतम पींचा, डॉ. पी.के. बनर्जी, डॉ. मीनाक्षी केकरे, डॉ. ए.के. गर्ग, डॉ. आर.आर. बारले, डॉ. रतन तिवारी, डॉ. मंजूषा, डॉ. सुनील नेमा, डॉ. अनुज गुप्ता, डॉ. संजय तिवारी, डॉ. शुभम अग्रवाल एवं डॉ. अपूर्व वर्मा शामिल हैं। नवगठित कार्यकारिणी ने कान, नाक एवं गला रोग से संबंधित शैक्षणिक एवं वैज्ञानिक गतिविधियों को नई गति देने का संकल्प लिया है। संगठन युवा ईएनटी विशेषज्ञों और रेजिडेंट चिकित्सकों के लिए विशेष प्रशिक्षण, केस डिस्कशन, सर्जिकल स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम और शोध गतिविधियों को भी बढ़ावा देगा। साथ ही श्रवण हानि, एलर्जी, साइनस एवं सिर-गर्दन संबंधी रोगों पर जनजागरूकता अभियान और स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा।



### शराब तस्करी के मामले में युवक गिरफ्तार

**भिलाई, 8 जून (तछसं.)।** भिलाई कुम्हारी पुलिस ने एक आरोपी को अवैध शराब की तस्करी करते हुए गिरफ्तार किया है कुम्हारी प्रभारी पुरुषोत्तम कुर्रे ने बताया कि ग्राम सांकरा के पास शराब बेचने की शिकायत मिली थी कुम्हारी थाने पुलिस ने दबिश देकर युवक को पकड़ लिया पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम सांकरा निवासी यादराम साहू बताया है। युवक के पास से पुलिस ने 29 पौवा देशी शोले मसाला शराब बरामद किया है जिसकी कीमत 3480 रुपए आंकी गई है युवक को न्यायालय में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

# पौधे बांटकर युवाओं से पर्यावरण बचाने की अपील




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 जून।** श्री साईं नाथ जन सेवा समिति ने विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर पावर हाउस स्थित अंबेडकर चौक में निःशुल्क पौधा वितरण एवं जागरूकता अभियान चलाया।

अभियान के दौरान राहगीरों, युवाओं और स्थानीय नागरिकों को करीब 40 पौधे निःशुल्क वितरित किए गए। समिति के सदस्यों ने लोगों से केवल पौधे लगाने ही नहीं, बल्कि उनकी नियमित देखभाल करने का भी आग्रह किया। समिति पदाधिकारियों ने कहा कि आज जलवायु परिवर्तन और प्रदूषण पूरी दुनिया के सामने बड़ी चुनौती बन चुके हैं। ऐसे समय में हर व्यक्ति यदि एक पौधा लगाकर उसकी जिम्मेदारी ले, तो आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर और स्वच्छ वातावरण तैयार किया जा सकता है। कार्यक्रम में डॉ. के. चिरंजीवुलू, के. उमाशंकर राव, एम. पापाराव, सीएच. अप्पलस्वामी, जी. माधव राव, अनमोल, पी. भरत, एल. चरण राज और धीरज कुमार सहित समिति के सदस्य एवं पर्यावरण प्रेमी उपस्थित रहे।

## श्रीराम कथा से मिला संस्कारों और सकारात्मक सोच का संदेश: विजय बघेल




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 जून।** जुनवानी के खम्हारिया गार्डन में आयोजित पांच दिवसीय दिव्य श्रीराम कथा का समापन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के माहौल में हुआ। कथा वाचक कांता प्रसाद महाराज ने श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा, सत्य और कर्तव्य के प्रसंगों के माध्यम से श्रद्धालुओं को जीवन मूल्यों का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि श्रीराम का चरित्र आज भी युवाओं और समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत है। इस अवसर पर सांसद विजय बघेल ने कहा कि श्रीराम कथा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज को संस्कृति, संस्कार और नैतिक मूल्यों से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। ऐसे आयोजन युवाओं को सकारात्मक सोच, अनुशासन और समाज के प्रति जिम्मेदारी का संदेश देते हैं। कार्यक्रम के आयोजक दीपक भोण्डेकर, भवानी शंकर जनकल्याण समिति की अध्यक्ष मंजू जांगड़े तथा संरक्षक कन्हैया सोनी और लोकेश पाण्डेय ने सभी श्रद्धालुओं, अतिथियों और सहयोगकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

# विशेष ग्राम सभा में कचरा प्रबंधन,पर्यावरण संरक्षण की जानकारी दी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**पाटन,8 जून।** ग्राम पंचायत औंसर-डिघारी में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। बैठक में ग्रामीणों को कचरा प्रबंधन, स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण,खेत बचाओ अभियान के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। ग्राम सभा में घर-घर से निकलने वाले गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्करण, प्लास्टिक कचरे के दुष्प्रभाव, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाने तथा स्वच्छता बनाए रखने के उपायों पर चर्चा की गई। ग्रामीणों को बताया गया कि ठोस अपशिष्ट का उचित प्रबंधन न केवल गांव को स्वच्छ बनाता है, बल्कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को भी कम करता है। इस अवसर पर सरपंच श्रीमती प्रियालता महिपाल ने कहा कि स्वच्छ एवं स्वस्थ गांव के निर्माण के लिए प्रत्येक नागरिक की भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के नियमों का पालन करने और स्वच्छता अभियान में सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में शशि वर्मा सचिव,पंचायत प्रतिनिधि सुरेश वर्मा,भूपेश निर्मलकर, खुमान यादव, प्रकाश भास्कर, सुखदेव ठाकुर, दौलत राम ठाकुर, अनीता वर्मा, अनीता ठाकुर, अंजू महिपाल ,श्यामा भारती, मीना यादव, चंद्रकला वर्मा,गजेंद्र भारती, उत्तर ठाकुर, पिंगला भास्कर, निर्मला भांडेकर, उषा भारती, भूषण वर्मा, मुरली मनोहर चंदेल, ललिता वर्मा, शशि महिपाल, मंजू ठाकुर, दिनेश धनकर, मोतीलाल ठाकुर, छबीलाल सोनवानी,पूजा ठाकुर,स्वच्छता दीदी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका,ग्रामवासी, महिला स्व-सहायता समूहों के सदस्य, युवा एवं अन्य गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न

**दुर्ग, 8 जून ।** जिला स्तरीय परामर्शदात्री समिति एवं जिला स्तरीय समीक्षा समिति की बैठक 6 जून को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष दुर्ग में कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। कलेक्टर श्री सिंह ने विभिन्न शासकीय विभागीय योजनाओं का विभागवार एवं बैंकवार समीक्षा की। उन्होंने समीक्षा के दौरान जिन विभागों की योजनाओं के प्रगति में कमी पायी गई उन्हें वित्तीय वर्ष में पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। साथ ही विभागों एवं बैंक के मध्य उचित समन्वय स्थापित कर दुर्ग जिले में चल रहे विभिन्न योजनाओं के लक्ष्य पूर्ति हेतु निर्देशित किया। बैठक में बैंकों की सीडी रेशियों, प्राथमिकता क्षेत्र अंतर्गत दिए ।

## निधन

### पंडित ओमप्रकाश अवस्थी



**भिलाई, 8 जून।** कैंप-2 स्थित प्रकाश आटा चक्की के संचालक पंडित ओमप्रकाश अवस्थी 72 वर्ष का रविवार को आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे पत्नी श्रीमती गोमती देवी अवस्थी, पुत्र योगेश अवस्थी एवं मनीष अवस्थी सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे विकास अवस्थी एवं अशोक अवस्थी के चाचा थे।उनका अंतिम संस्कार सोमवार 8 जून को प्रातः 10 बजे रामनगर मुक्तिधाम किया गया।

# विश्व साइकिल दिवस पर फिट रहने के साथ पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

- ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर में बच्चों ने मलखंभ में दिखाया हुनर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**बलौदाबाजार,8 जून।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर फिट इंडिया मूवमेंट के तहत बलौदाबाजार में एक शानदार साइकिल रैली का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत योग भवन से हुई, जहां वरिष्ठ भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी, पार्षद जितेंद्र डड़सेना और वरिष्ठ नागरिक जयनारायण केशरवानी ने हरी झंडी दिखाकर साइकिल रैली को रवाना किया। फिट रहने,पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश देती हुई यह रैली योग भवन से निकलकर ज्ञान गंगा स्कूल मार्ग से होते हुए वापस योग भवन में आकर संपन्न हुई। रैली में बड़ी संख्या में जिले के युवाओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। साइकिल रैली के समापन के बाद योग भवन में ही जिला स्तरीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर के समापन अवसर पर शिविर के दौरान विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण लेने वाले बच्चों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसमें मलखंभ के खिलाड़ियों द्वारा प्रस्तुत किए गए हैरतअंगेज और साहसिक करतब मुख्य आकर्षण का केंद्र रहे। बच्चों की इस अद्भुत प्रतिभा और संतुलन को देखकर उपस्थित अतिथियों और दर्शकों ने तालियों के साथ उनका उत्साहवर्धन किया।

कार्यक्रम में शिविर के सभी होनहार प्रतिभागियों को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए सर्टिफिकेट और पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम के अंतिम चरण में सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए वहां उपस्थित सभी अतिथियों, प्रशिक्षकों और प्रतिभागियों ने जल संचय की सामूहिक शपथ ली और पानी बचाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी और खेल अधिकारी प्रीति बंछोर सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

## एक नजर

### पंजीकृत निर्माण श्रमिक के बच्चों के लिए नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना

**बलौदाबाजार 8 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों के प्रथम दो बच्चो हेतु नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना संचालित है। इसके अंतर्गत कक्षा 1 से स्नातकोत्तर एवं व्यवसायिक में अध्ययनरत छात्र एवं छात्राओं को रूपये 1000 से 10000 तक कक्षा अनुसार छात्रवृत्ति प्रदाय किया जाता है।इसके अतिरिक्त नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना लाभ प्राप्त करने वाले बच्चों को पृथक से स्टेशनरी एवं गणवेश हेतु 2000 रुपए प्रदाय किया जाता है। विभाग के द्वारा ऐसे पंजीकृत निर्माण श्रमिकों से उपरोक्त योजना अंतर्गत अधिक से अधिक आवेदन प्रस्तुत करने हेतु अपील किया गया है।च्वॉईस सेन्टर, श्रम संसाधन केन्द्र, विभाग का वेबसाईट shramevjayate.cg.gov.in, श्रमेव जयते ऐप या श्रम कार्यालय कक्ष क्रमांक 117 कलेक्टर परिसर के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते है।

### मार्कफेड के संचालक मंडल की बैठक में लिए गए कई निर्णय

**डोंगरगढ़ 8 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित (मार्कफेड) के मुख्यालय नवा रायपुर में गत दिनों संचालक मंडल की बैठक संपन्न हुई । जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उक्त बैठक में प्रमुख रूप से मार्कफेड के प्राधिकृत अधिकारी शशिकांत द्विवेदी जी प्रबंध संचालक जितेंद्र शुक्ला एवं अपर आयुक्त सहकारिता सावित्री भगत , सचिव भूपेन्द्र सिंह ठाकुर आदि अधिकारी गण विशेष रूप से उपस्थित रहे ।बैठक में आगामी खरीफविपणन वर्ष की तैयारी को लेकर कार्ययोजना बनाई गई तथा धान उपार्जन एवं उठाव की समीक्षा की गई। जिसमें धान उपार्जन केंद्रों तथा संग्रहण केंद्रों में शेष बचे धान के उठाव एवं निराकरण किए जाने के कड़े निर्देश दिए गए । साथ ही रासायनिक खाद के भंडारण एवम् वितरण एवं नैनो उर्वरकों की भी समयावधि में सभी सहकारी समितियों में आपूर्ति की जाए, इन सभी विषयों की विस्तृत चर्चा की गई । श्री द्विवेदी ने बताया कि संचालक मंडल की बैठक में कर्मचारियों के कल्याण तथा सेवा शर्तों से जुड़े विभिन्न प्रस्तावों पर सकारात्मक निर्णय लिए गए। श्री द्विवेदी ने बैठक में लिए गए सभी निर्णयों के समयावधि में क्रियान्वयन सुनिश्चित किए जाने के भी निर्देश दिए।

### सुरक्षा व्यवस्था को लेकर बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस मुस्तैद

**बलौदाबाजार 8 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में अमन-चैन, सुरक्षा और सुदृढ़ कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी. शर्मा के कुशल निर्देशन में जिले के सभी थाना और चौकी क्षेत्रों में एक विशेष सुरक्षा एवं सत्यापन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले के विभिन्न औद्योगिक संयंत्रों, होटलों, ढाबों तथा रोड किनारे स्थित दुकानों में काम करने वाले बाहरी व स्थानीय व्यक्तियों से विस्तृत पूछताछ कर उनका डेटाबेस तैयार किया जा रहा है और उनके फिंगरप्रिंट लिए जा रहे हैं। ?अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने और संदिग्धों की पहचान सुनिश्चित करने के लिए इस अभियान को लगातार गति दी जा रही है। इसी कड़ी में ?कल 06.06.2026 को पुलिस टीमों द्वारा मुस्तैदी से कार्रवाई करते हुए कुल 232 लोगों से पूछताछ कर उनके फिंगरप्रिंट लिए गए थे। ?आज दिनांक 07.06.2026 को अभियान को और व्यापक रूप देते हुए आज रिकॉर्ड 514 लोगों का सत्यापन कर उनके फिंगरप्रिंट कलेक्ट किया गया है। ?पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी. शर्मा के मार्गदर्शन में चलाए जा रहे इस अभियान का मुख्य उद्देश्य जिले की सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाना है। विभिन्न व्यावसायिक प्रतिष्ठानों और संयंत्रों में काम करने वाले कर्मचारियों का फिंगरप्रिंट रिकॉर्ड और पूर्ण विवरण पुलिस के पास सुरक्षित होने से किसी भी अप्रिय घटना या वारदात के समय अपराधियों तक पहुँचने में मदद मिलेगी। साथ ही, इससे असामाजिक तत्वों में डर पैदा होगा। व्यवसायियों और संयंत्र प्रबंधकों से पुलिस की अपील-?बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस ने जिले के सभी संयंत्र प्रबंधकों, होटल-ढाबा संचालकों और दुकानदारों से अपील की है कि वे अपने यहाँ काम करने वाले हर छोटे-बड़े कर्मचारी का शत-प्रतिशत पुलिस वेरिफिकेशन (सत्यापन) अनिवार्य रूप से करवाएं। बाहरी राज्यों या जिलों से आने वाले श्रमिकों की जानकारी नजदीकी थाने में अवश्य दें, ताकि जिले में शांति और सुरक्षा का माहौल बना रहे। यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# मस्ती की पाठशाला में पारंपरिक खेलों के प्रति बच्चों में दिखा उत्साह

## जुम्बा डॉस में सभी वर्ग के लोग छत्तीसगढ़ी गाने में जमकर झूमे

- 14 जून को मस्ती की अंतिम पाठशाला का मजा लेने महापौर ने नागरिको से की अपील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता




**राजनांदगांव 8 जून।** हर रविवार को आयोजित होने वाली मस्ती की पाठशाला के लिये लोगो का उत्साह बढता जा रहा है। आज की पाठशाला में नये नये पारंपरिक खेलो को खेल बच्चे एवं बडो ने मजा लिया। आज जहाँ सभी वर्ग के लोग गेडी दौड, बाटी चम्मच दौड, स्पंज को भिगोकर पानी भरने, रस्साकसी कर बाल डालने जैसे नये खेलो में बढ़ चढ कर हिस्सा लिए। वही पिट्ठुल, रींग टास्क, साप सीडी,बेडमिंटन, तीरंदाजी, कराटे खेल का आनंद लिए तथा नन्हे मुन्ने बच्चे छोटे छोटे खेलो में हिस्सा लेकर झुला, फिसल पट्टी का मंजा उठाये है, वही बडे बुजुर्ग स्वस्थ रहने के लिए योग का सहारा लिए तथा बच्चे एंव युवा बड़ी संख्या में अंत तक जुम्बा डॉस में छत्तीसगढी गाने में जमकर झुमे। साथ ही बड़ी संख्या मे बच्चे चित्रकला में भाग लेकर अपनी भावनाओ को ड्राईग सीट मे उकेरे। आज की पाठशाला में बच्चों के साथ बंदर, गोरिल्ला तथा मिकी माउस झुमते नजर आये।

महापौर श्री मधुसूदन यादव एवं आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने निगम अध्यक्ष श्री टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा एवं पार्षदों के साथ मस्ती की पाठशाला में आये लोगो से मिलकर उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने चित्रकला के बच्चों को पुरूस्कार भी दिए। इस अवसर पर महिलाओ एवं युवाओ ने मस्ती की पाठशाला आयोजित करने पर उन्हें धन्यवाद देते हुए पाठशाला की सराहना की। महापौर श्री यादव ने कहा कि हर रविवार के मस्ती की पाठशाला में बढ़ते भीड़ को देखकर लगता है कि छोटे बड़े सभी में स्वस्थ मनोरंजन के लिए उत्साह है। सुबह से ही बच्चे एवं युवा बडी संख्या में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेकर भारतीय परंपरा से जुड़े खेल के अलावा योगा एवं जुम्बा डांस का आनंद ले रहे है। उन्होंने कहा कि अगले रविवार को अंतिम मस्ती की पाठशाला रहेगी। मैं सभी से निवेदन करता हूँ कि परिवार सहित उपस्थित होकर पाठशाला का आनंद उठावे।

आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि मस्ती की पाठशाला में सभी वर्ग के लोग पहुँच रहे है, यह देखकर पाठशाला की सफलता दिख रही है। उन्होंने कहा कि शहर के समाजिक एवं खेल जगत के लोगो के सहयोग से मस्ती की पाठशाला का सफल आयोजन किया जा रहा है। पाठशाला के सफल संचालन के लिए निगम प्रशासन, पुलिस तथा यातायात विभाग के अधिकारी, कर्मचारी व्यवस्था में लगे हुए है, अगले रविवार को अंतिम पाठशाला में भी सभी का सहयोग अपेक्षित है। आज के पाठशाला की सफलता में बाडी टेक जीम, रीदम रिवाल्युसन ग्रुप, पतंजलि भारत स्वाभिमान न्यास तथा योगासन स्पोर्टस एसोसिएशन ग्रुप,मदर टेरेसा ग्रुप, ब्लड डोनेड संघ, यामिनी कला केन्द्र, राजनांदगांव रनर ग्रुप, के अलावा खेल जगत से हॉकी, कराटे, तीरंदाजी आदि संघो का सहयोग रहा। मस्ती की पाठशाला में पार्षदो सहित बच्चे, युवा एवं बुजुर्गो ने परिवार सहित बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## कृषि विभाग ने भारी अनियमितता के कारण अग्रवाल कृषि सेवा केंद्र को किया सील

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 8 जून।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार तथा उप संचालक कृषि श्री दीपक कुमार नायक के मार्गदर्शन में लगातार कृषि केन्द्रों का सघन निरिक्षण की कार्यवाही जारी है। इसी तारतम्य में रविवार को उर्वरक निरीक्षण के दौरान एक कृषि सेवा केन्द्र में भारी अनियमितता पाए जाने पर केंद्र को सील बंद कर नोटिस जारी किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड कसडोल के उर्वरक निरीक्षक धनेश्वर साय के द्वारा ग्राम बया में संचालित अग्रवाल कृषि सेवा केंद्र का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्र में भारी अनियमितता पाई गई। कृषि केंद्र में उपलब्ध भौतिक उर्वरक स्कंध तथा पॉस मशीन में उपलब्ध स्कंध में भिन्नता पाई गई।इसके अलावा विक्रय केंद्र में स्टॉक रजिस्टर एवं बिल बुक का उचित संधारण नहीं पाया गया। स्कंध एवं मूल्य सूची का प्रदर्शन अद्यतन नहीं किया गया था। इस कारण विक्रय केंद्र को सील करते हुए उर्वरक विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है।साथ ही विक्रय केंद्र को कारण बताओं नोटिस भी जारी किया गया है। विकासखंड बलौदा बाजार के उर्वरक निरीक्षक लोकनाथ दीवान द्वारा प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति सरखोर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण पश्चात सहकारी समिति को शासन के नियमानुसार ही संतुलित उर्वरक का विक्रय करने हेतु निर्देशित किया गया है।साथ ही कृषकों को नैनो यूरिया नैनो एवं नैनो डीएपी के उपयोग हेतु समझाइस देते हुए कृषक के सहमति पश्चात नैनो उर्वरक विक्रय करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## जिला शिक्षा अधिकारी नींद में, मनमानी पर उतरे निजी स्कूल; बच्चों और पालकों में बढ़ा आक्रोश: मदन साहू



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 8 जून।** जिले में निजी स्कूलों की कार्यप्रणाली को लेकर जिला किसान कांग्रेस अध्यक्ष मदन साहू ने गंभीर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जिला शिक्षा विभाग की उदासीनता और निरीक्षण के अभाव में जिले के अनेक निजी स्कूल शासन के नियमों और मापदंडों को ताक पर रखकर संचालित हो रहे हैं। इससे विद्यार्थियों और अभिभावकों में भारी नाराजगी है। श्री साहू ने जिले की शिक्षा व्यवस्था पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए कहा है कि राजनांदगांव सहित पूरे छत्तीसगढ़ में निजी स्कूलों की स्थिति लगातार बदतर होती जा रही है। शिक्षा, जिसे समाज में मंदिर का दर्जा दिया जाता है आज कई स्थानों पर व्यवसाय का रूप लेती नजर आ रही है। शिक्षा विभाग की निष्क्रियता और नियंत्रण के अभाव में निजी स्कूल संचालकों की मनमानी चरम पर पहुंच गई है। श्री साहू ने आरोप लगाया कि जिला शिक्षा अधिकारी की निष्क्रियता के कारण शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक अनेक निजी स्कूल बिना आवश्यक सुविधाओं और शासन के निर्धारित मापदंडों के संचालित हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा स्कूलों को मान्यता तो प्रदान कर दी जाती है लेकिन यह देखने की जहमत नहीं उठाई जाती कि वे निर्धारित नियमों का पालन कर भी रहे हैं या नहीं। उन्होंने बताया कि जिले के कई निजी स्कूलों में पर्याप्त खिड़कियां, दरवाजे, वेंटिलेशन, पंखे, स्वच्छ पेयजल, शौचालय और साइकिल स्टैंड जैसी मूलभूत सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं हैं। कई स्कूल ऐसे भवनों में संचालित हो रहे हैं जो मूल रूप से आवासीय उपयोग के लिए बनाए गए थे। बच्चों के खेलने के लिए मैदान तक नहीं है और छात्र-छात्राओं को आवश्यक सुविधाओं से वंचित रखा जा रहा है। उन्होंने ने सवाल उठाते हुए कहा कि आखिर जिला शिक्षा विभाग किस आधार पर ऐसे स्कूलों को मान्यता प्रदान करता है। यदि शिक्षा विभाग गंभीरता से जिलेभर के निजी स्कूलों का औचक निरीक्षण करे तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आ सकते हैं और अनेक स्कूलों की मान्यता तक खतरे में पड़ सकती है। उन्होंने कहा कि 16 जून से नया शैक्षणिक सत्र शुरू होने जा रहा है लेकिन शिक्षा विभाग अब तक गहरी नींद में सोया हुआ है। स्कूलों की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने और विद्यार्थियों की सुरक्षा तथा सुविधाओं का जायजा लेने के लिए विभाग के पास समय नहीं है। वहीं सरकार भी इस गंभीर विषय पर अपेक्षित ध्यान नहीं दे रही है। श्री साहू ने निजी स्कूलों द्वारा फीस, ड्रेस और किताबों के नाम पर अभिभावकों पर बढ़ते आर्थिक बोझ का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कई स्कूल अपनी मनमर्जी से शुल्क वसूल रहे हैं जिससे गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने प्रदेश के शिक्षा मंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री पर भी निशाना साधते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था को सुधारने की दिशा में ठोस कदम उठाने की आवश्यकता है। केवल भूमिपूजन, उद्घाटन और औपचारिक कार्यक्रमों से शिक्षा व्यवस्था में सुधार नहीं होगा। यदि समय रहते निजी स्कूलों की मनमानी पर अंकुश नहीं लगाया गया तो शिक्षा का मंदिर पूरी तरह व्यवसाय का केंद्र बनकर रह जाएगा। श्री साहू ने मांग की है कि नया शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पहले जिले के सभी निजी स्कूलों की व्यापक जांच कराई जाए तथा जिन संस्थानों में नियमों का उल्लंघन पाया जाए, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए निजी स्कूलों की नियमित निगरानी एवं कड़ी कार्रवाई समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

# कमलेश वर्मा बने सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष, क्षेत्र के सरपंचों ने जताई खुशी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 8 जून।** जनपद पंचायत डोंगरगढ़ क्षेत्र के सरपंचों की बैठक में सर्वसम्मति से पारागांव के सरपंच कमलेश वर्मा को सरपंच संघ का नया ब्लॉक अध्यक्ष चुना गया। उनके चयन के बाद क्षेत्र के सरपंचों में खुशी का माहौल देखा गया।

शनिवार को जनपद पंचायत डोंगरगढ़ के सभा कक्ष में आयोजित बैठक में विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंचों ने भाग लिया। बैठक में विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से कमलेश वर्मा को सरपंच संघ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। इससे पहले बोरतलाव के सरपंच कैलाश उईके संघ के अध्यक्ष थे, लेकिन सरपंचों ने उनकी कार्यप्रणाली को लेकर असंतोष व्यक्त करते हुए नए नेतृत्व की आवश्यकता महसूस की।

कमलेश वर्मा दो बार जनपद सदस्य रह चुके हैं। वे जिला किसान कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष, डोंगरगढ़ ग्रामीण कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा वर्तमान में पारागांव के सरपंच हैं। उनके चयन को लेकर सरपंचों ने विश्वास जताते हुए उम्मीद व्यक्त की कि वे संगठन को मजबूत बनाने के साथ ही सरपंचों की समस्याओं के समाधान के लिए प्रभावी पहल करेंगे।

नवनियुक्त अध्यक्ष कमलेश वर्मा ने कहा कि सरपंचों ने उन पर जो भरोसा जताया है, उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि गांवों के विकास कार्यों में आने वाली समस्याओं को दूर करने तथा सरपंचों के हितों की रक्षा के लिए शीघ्र आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। बैठक में सरपंच मानिकलाल वर्मा, नीता टेंबूरकर, गायत्री टेंबूरकर, लच्छनी पटेल, कविता धुर्वे, यशोदा मंडावी, सुरेश सहारे, चम्पा सिन्हा, मालती उईके, कांतिबाई ताराम, ईश्वरी ठाकुर, ओमप्रकाश लिल्हारे, संजय उईके, बरसन नेटी, अश्वनी चंद्रवंशी, रवि कुमार, मोहन कंवर, सुनील कुमार, शत्रुघ्न उईके, पीतांबर सिन्हा, चमेली साहू, रामलाल टांडेकर, पुनेश्वरी कंवर, रीता वर्मा, आरती वर्मा, प्रतिमा वर्मा सहित बड़ी संख्या में सरपंच उपस्थित रहे।

### 14 दिवसीय विशेष अभियान में कुल 93 स्थायी व गिरफ्तारी वारंटी धरे गए

**बलौदाबाजार 8 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा आपराधिक तत्वों पर नकेल कसने के उद्देश्य से जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में पुलिस अधीक्षक श्री ओ.पी. शर्मा के कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में एक विशेष अभियान चलाया गया। दिनांक 25.05.2026 से 07.06.2026 तक चले इस 14 दिवसीय सघन अभियान के दौरान पुलिस द्वारा न्यायालयीन आदेशों की अवहेलना करने वाले और लंबे समय से फरार चल रहे वारंटियों के खिलाफ चौतरफा कार्रवाई की गई है।?पुलिस अधीक्षक के कड़े रुख और सटीक रणनीति के चलते जिले के विभिन्न थानों की पुलिस टीमों द्वारा मुस्तैदी से काम करते हुए कुल 93 स्थाई और गिरफ्तारी वारंटियों को दबोचने में सफलता हासिल की गई है। इस विशेष अभियान की सबसे खास बात यह रही कि बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस की टीमों द्वारा न केवल स्थानीय स्तर पर, बल्कि छत्तीसगढ़ के अन्य जिलों में भी आरोपियों के छिपने के ठिकानों पर ताबड़तोड़ दबिश दी गई।

# शिक्षक लक्ष्मीकांत शर्मा राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित

- उभरती प्रौद्योगिकियों और नवाचारी शिक्षण पद्धतियों में उत्कृष्ट योगदान के लिए मिला राष्ट्रीय सम्मान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 8 जून।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, नवाचारी शिक्षण पद्धतियों के सफल प्रयोग तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास हेतु किए गए उल्लेखनीय प्रयासों के लिए शिक्षक लक्ष्मीकांत शर्मा को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। उन्हें 6 जून 2026 को नई दिल्ली के द्वारका स्थित आईटीसी वेलकम होटल में आयोजित शिक्षा में उभरती प्रौद्योगिकियों पर राष्ट्रीय शिक्षक परामर्श कार्यक्रम में प्रशंसा प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। लक्ष्मीकांत शर्मा वर्तमान में शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खपरीकला, विकासखंड डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव में गणित एवं संस्कृत विषय के शिक्षक के रूप में कक्षा 6वीं से 8वीं तक के विद्यार्थियों को शिक्षण कार्य करा रहे हैं। उनका निवास रिद्धि सिद्धि कॉलोनी, राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) में है। यह प्रतिष्ठित कार्यक्रम भारती एयरटेल फाउंडेशन एवं द टीचर ऐप के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया था जिसमें देश के विभिन्न राज्यों से चयनित शिक्षकों, शिक्षा विशेषज्ञों तथा नवाचारों से जुड़े शिक्षाविदों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य शिक्षा के क्षेत्र में उभरती प्रौद्योगिकियों, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), डिजिटल शिक्षण संसाधनों तथा नवाचार आधारित शिक्षण प्रक्रियाओं के प्रभावी उपयोग पर शिक्षकों के अनुभव, सुझाव और विचार प्राप्त करना था। कार्यक्रम के दौरान लक्ष्मीकांत शर्मा ने शिक्षा में तकनीकी नवाचारों के प्रयोग, विद्यार्थियों में रचनात्मकता एवं तार्किक सोच विकसित करने के प्रयासों तथा आधुनिक शिक्षण विधियों के माध्यम से सीखने को अधिक प्रभावी और रोचक बनाने संबंधी अपने अनुभव साझा किए। उनके कार्यों और शिक्षा के प्रति समर्पण को देखते हुए उन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया गया। यह प्रशंसा प्रमाण-पत्र भारती एयरटेल फाउंडेशन की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुश्री नूरिया अंसारी द्वारा प्रदान किया गया। सम्मान प्राप्त करते हुए लक्ष्मीकांत शर्मा ने कहा कि यह उपलब्धि केवल उनकी व्यक्तिगत सफलता नहीं है, बल्कि उनके विद्यालय, विद्यार्थियों, अभिभावकों तथा समस्त शिक्षक समुदाय के सामूहिक प्रयासों और सहयोग का परिणाम है। उन्होंने कहा कि यह सम्मान उन्हें शिक्षा के क्षेत्र में और अधिक समर्पण एवं नवाचार के साथ कार्य करने की प्रेरणा प्रदान करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल तकनीकों का प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। ऐसे में शिक्षकों की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है कि वे इन तकनीकों का सकारात्मक एवं रचनात्मक उपयोग करते हुए विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करें। लक्ष्मीकांत शर्मा को राष्ट्रीय स्तर पर मिले इस सम्मान से उनके विद्यालय, सहकर्मियों तथा क्षेत्र के शिक्षा जगत में हर्ष का वातावरण है। उनके सहयोगियों, शिक्षा विभाग के अधिकारियों एवं शुभचिंतकों ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं। सभी ने इसे शिक्षा जगत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए कहा कि ऐसे शिक्षक समाज और राष्ट्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राष्ट्रीय मंच पर प्राप्त यह सम्मान न केवल लक्ष्मीकांत शर्मा की मेहनत, लगन और नवाचारी सोच का प्रमाण है, बल्कि यह शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य कर रहे शिक्षकों के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बनेगा।

## चुनाव जिता नहीं पाते हैं इसलिए सपने देखते हैं

हर क्षेत्र में दो तरह के लोग होते हैं एक जो सपना देखते हैं और उसे पूरा करने का प्रयास करते हैं,निरंतर प्रयास में जुटे रहते हैं और एक दिन अपना सपना पूरा कर लेते हैं। एक होते हैं जो सपने तो देखते हैं लेकिन उनको यही पता नहीं रहता है कि सपने को पूरा कैसे किया जाता है।उनका एक सपना पूरा नहीं होता है तो दूसरा सपना देखते हैं, दूसरा पूरा नहीं होता है तो तीसरा सपना देखते हैं और निरंतर सपना देखते रहते हैं। कांग्रेस के सबसे बड़े नेता राहुल गांधी इसी तरह के आदमी हैं। वह सपने तो देखते रहते हैं लेकिन सपने को पूरा नहीं कर पा रहे हैं, उनको यही पता नहीं है कि उनका सपना कैसे पूरा हो सकता है।किसी सपने को पूरा करने के लिए दस बारह साल बहुत होते हैं कोई भी आदमी दस बारह साल किसी सपने को पूरा करने का प्रयास करे तो वह सफल हो सकता है लेकिन राहुल गांधी दस बारह साल से अपने सपने को पूरा नहीं कर पा रहे हैं। राहुल गांधी का एक ही सपना है कि पीएम मोदी को हराना और वह पीएम मोदी को तीन चुनाव हो गए हरा नहीं पा रहे हैं।खुद हरा नहीं पा रहे हैं इसलिए वह सपना देखते रहते हैं कि छह माह में मोदी सरकार गिर जाएगी, मोदी सरकार कमजोर सरकार इसलिए वह ज्यादा दिन नहीं चलने वाली है। मोदी सरकार तो दो बैसाखी पर टिकी सरकार है किसी भी दिन गिर जाएगी। राहुल गांधी बारह साल हो गए कहते रहते हैं लेकिन उनके कहे अनुसार तो कुछ नहीं होते है। देश के लोगों को आदत हो गई है,सुनने की कि राहुल गांधी तो कुछ भी कहते रहते हैं और वह जैसा कहते हैं वैसा तो बिलकुल नहीं होता है।अब राहुल गांधी ने कहा है कि चीजों को नियंत्रित करने का सिस्टम अब ध्वस्त हो रहा है और उनका अंदाजा है कि एक साल के भीतर पीएम मोदी पद पर नहीं रहेंगे।एक कार्यक्रम में उन्होंने दावा किया है कि अब सरकार के भीतर से ही संस्थागत विद्रोह शुरू हो गया है और बहुत बड़ी आर्थिक सुनामी आने वाली है क्योंकि इस सरकार ने अर्थव्यस्था को सुरक्षित करने वाले कवच को ही नष्ट कर दिया है।राहुल गांधी कह रहे है कि अब मुझे चुनाव आयुक्त के संदेश आ रहे है,खुफिया सिस्टम के प्रमुख के संदेश आ रहे हैं,उच्च न्यायपालिका के लोगों की तरफ से विद्रोह हो रहा है। यह भी राहुल गांधी का सपना है क्योंकि वह एक चुनाव नहीं जिता पा रहे है इसलिए हताशा व निराशा में सपने देख रहे हैं,कुछ तो ऐसा होगा जिससे मोदी को सत्ता छोड़ना पड़ेगा।कभी चंद्रबाबू नायडू से उम्मीद करते हैं कि वह सरकार गिरा देंगे कभी नीतीश कुमार से उम्मीद करते हैं कि वह सरकार गिरा देंगे।ऐसा हुआ नही तो अब वह उम्मीद कर रहे हैं कि देश में आर्थिक सुनामी आएगा तो मोदी सरकार चली जाएगी। अब तक जिन संस्थाओं को राहुल गांधी कम्प्रोमाइज्सड कहते थे, अब वह देख रहे है और देश को बता रहे हैं कि वह सारी संस्थाएं जो पिछले महीने तक कंप्रोमाइज्ड थी, वह अब विद्रोह करने जा रही है और वह सब राहुल गांधी को संदेश भेज कर यह बता रहे हैं। राहुल गांधी खुद कुछ कर नहीं पा रहे हैं, उनके पास सबसे पुरानी पार्टी और विपक्ष भी उनके साथ है कि पीएम मोदी को हराना है लेकिन यही काम राहुल गांधी कर नहीं पा रहे हैं।क्योंकि लोगों को लगता है कि राहुल गांधी देश के विकास के लिए, देश के भले के लिए कुछ सोच नहीं रहे हैं, उनको मालूम है कि आर्थिक सुनामी आने वाली है जनता को बहुत तकलीफ होगी लेकिन वह बता नहीं रहे हैं कि क्या किया जाना चाहिए जिससे जनता को तकलीफ न हो, वह तो जनता को तकलीफ होने का इंतजार कर रहे हैं। वह सोचते हैं कि जनता को तकलीफ होगी तो जनता सड़क पर आएगी और पीएम मोदी को सत्ता से हटा देगी। वह तो कोरोना के वक्त भी ऐसा सोच रहे थे, वह किसान आंदोलन के समय भी ऐसा सोच रहे थे, वह तो बांग्लादेश, नेपाल में जेनजी के आंदोलन के समय ऐसा सोच रहे थे कि भारत में भी ऐसा आंदोलन होगा और सत्ता कांग्रेस को मिल जाएगी। कई दिनों तक जेन जी को जगाने, आंदोलन करने,सड़क पर उतरने की अपेक्षा की जाती रही लेकिन कई माह बाद भी जेनजी भारत में सड़क पर नहीं उतरा है तो अब एक नया आंदोलन शुरू करने की तैयारी की जा रही है. यह आंदोलन काकरोच जनता पार्टी करने वाली है। वह भी जनता के गुस्से को भुनाने के लिए उकसाने व भड़काने वाली बातें कर रही है और राहुल गांधी सहित विपक्ष उम्मीद कर रहे हैं काकरोच जनता पार्टी जरूर देश के युवाओं को सड़क पर लाएगी और ऐसा बड़ा आंदोलन होगा कि मोदी सरकार को जाना पड़ेगा।राहुल गांधी और विपक्ष अब तक कुछ कर नहीं पाया है इसलिए उनको लगता है कि जेनजी कुछ करेगा, काकरोच जनता पार्टी कुछ करेगी। देश की जनता सब समझती है कि इस देश को नुकसान पहुंचाने के लिए विदेशी ताकते पिछले १२ सालों में कैसा कैसा खेल खेलती आई है और राहुल गांधी सहित विपक्ष कैसे उनके हाथ का खिलौना बन जाता है।.यही वजह है कि जनता मोदी के साथ खड़ी रहती है और उनको जब भी चुनाव में मौका आता है तो हर तरह से मजबूत करती है। यह सच है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मजबूत विपक्ष जरूरी होता है लेकिन हमारे देश का विपक्ष तो लोकतंत्र को मजबूत करने के नाम पर लोकतंत्र को कमजोर करने का काम करता रहा है, यही वजह है जब भी जनता को चुनाव में मौका मिला है तो जनता ने ज्यादातर राज्यों के चुनाव में विपक्ष को हराने काम किया है, विपक्ष को कमजोर कर पीएम मोदी को और मजबूत करने का काम किया है।विपक्ष तमिलनाडु व पं.बंगाल मे सबसे मजबूत था जनता ने दोनों जगह विपक्ष के दो मजबूत नेताओं को चुनाव में हराकर साफ कर दिया है कि देश के खिलाफ सोचने वालों के साथ वह नहीं है। जो देश के लिए बुरा सोचते रहते हैं,जनता उनके साथ नहीं है।दो राज्यों में विपक्ष की हार से विपक्ष कमजोर हुआ है तो उसके लिए राहुल गांधी सहित विपक्ष के तमाम नेता दोषी है क्योंकि वह कभी यह सोच नहीं पाते हैं, कहते नहीं है कि वह देश के लिए मोदी से बेहतर क्या करने वाले हैं। वह कहते हैं कि मोदी को गद्दी से हटा दो सब ठीक हो जाएगा, जनता इस बात पर यकीन नहीं करती है।

**विश्लेषण**

# राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा है जनसांख्यिकीय बदलाव

**मनोज कुमार अग्रवाल**



जनसांख्यिकीय बदलाव के कारणों के अध्ययन, अवैध प्रवासन की जांच और समाधान हेतु भारत सरकार ने हाल ही में जस्टिस प्रकाश प्रभाकर नावलेकर की अध्यक्षता में एक हाई-लेवल कमेटी का गठन किया है। यह समिति राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक संतुलन पर पड़ने वाले प्रभावों का आकलन कर रही है।इसके अतिरिक्त, डेमोग्राफिक डिविडेंड (जनसांख्यिकीय लाभांश) का लाभ उठाने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए मुख्य कदम निम्नलिखित हैं. डीसीयुवाओं को प्रशिक्षित करने के लिए स्किल इंडिया मिशन और प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना चलाई जा रही है।रोजगार और उद्यमिता और मुद्रा योजना के माध्यम से स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा रहा ह। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जा रही है।

बता दें कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में डेमोग्राफिक चेंज और घुसपैठ बड़ा मुद्दा था। इस मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने तत्कालीन ममता बनर्जी सरकार का घेराव किया था। इसी आधार पर भाजपा ने विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को मात दी और पूर्व बहुमत से सत्ता हासिल की। ऐसे में अब केंद्र सरकार द्वारा डेमोग्राफिक चेंज पर हाई लेवल कमेटी गठित करना अहम माना जा रहा है।

डेमोग्राफिक चेंज पर केंद्र सरकार ने हाई लेवल कमेटी का गठन किया है. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मंगलवार (26 मई 2026) को इसकी घोषणा की. केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा कि घुसपैठ और अन्य कारणों से किसी भी राष्ट्र के वर्तमान व भविष्य के लिए एक बहुत बड़ी चुनौती है. इसी चुनौती से निपटने के लिए 15 अगस्त 2025 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डेमोग्राफिक चेंज पर 'हाई लेवल कमेटी' बनाने की घोषणा की थी. गृह मंत्री अमित शाह ने एक्स पर पोस्ट कर लिखा, 'मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि सरकार ने इस कमेटी का गठन कर लिया है. जस्टिस प्रकाश प्रभाकर नावलेकर (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता में बनी इस कमेटी में जनगणना आयुक्त के साथ दुर्गा शंकर मिश्रा (रिटायर्ड आईएएस), बालाजी श्रीवास्तव (रिटायर्ड आईपीएस) और डॉ. शमिका रवि समिति के सदस्य होंगे. संयुक्त सचिव (फॉरैनर्स-I), गृह मंत्रालय, इस समिति के सदस्य सचिव होंगे.'

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में डेमोग्राफिक चेंज और घुसपैठ बड़ा मुद्दा था. इस मुद्दे को लेकर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) ने तत्कालीन ममता बनर्जी सरकार का घेराव किया था. इसी आधार पर बीजेपी ने विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को मात दी और पूर्ण बहुमत से सत्ता हासिल की. ऐसे में अब केंद्र सरकार द्वारा डेमोग्राफिक चेंज पर हाई लेवल कमेटी गठित करना अहम माना जा रहा है.

आपको याद हो कि पीएम मोदी ने 15 अगस्त 2025 कहा था कि भारत अवैध घुसपैठ से निपटने के लिए जनसांख्यिकीय मिशन शुरू करेगा. उन्होंने लोगों को अवैध घुसपैठ के माध्यम से देश की जनसांख्यिकी को बदलने की सोची-समझी साजिश के बारे में चेतावनी दी और कहा कि कोई भी राष्ट्र घुसपैठियों को बर्दाश्त नहीं कर सकता, क्योंकि उन्होंने इस समस्या से निपटने के लिए एक उच्च स्तरीय जनसांख्यिकीय मिशन की घोषणा की.उनहोने कहा था आज देश के सामने एक चिंता, एक चुनौती के संबंध में आगाह करना चाहता हूं. षड्यंत्र के तहत, सोची समझी साजिश के तहत देश की डेमोग्राफी को बदला जा रहा है. एक नए संकट के बीच बोए जा रहे हैं और यह घुसपैठिए, मेरे देश के नौजवानों के रोजी-रोटी छीन रहे हैं. यह घुसपैठिए मेरे देश की बहन बेटियों को निशाना बना रहे हैं, यह बर्दाश्त नहीं होगा. यह घुसपैठिए भोले भाले आदिवासियों को भ्रमित करके उनकी जमीनों पर कब्जा कर रहे हैं. यह देश सहन नहीं करेगा और इसलिए मेरे प्यारे देशवासियों जब डेमोग्राफी परिवर्तन होता है, सीमावर्ती क्षेत्रों में डेमोग्राफी में परिवर्तन होता है, तब राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए संकट पैदा होता है. देश की एकता, अखंडता और प्रगति के लिए यह संकट पैदा करता है. सामाजिक तनाव के बीज बो देता है और कोई देश अपना देश घुसपैठियों के हवाले नहीं कर सकता है. दुनिया का कोई देश नहीं कर सकता है, तो हम भारत को कैसे कर सकते हैं हमारे पूर्वजों ने त्याग और बलिदान से आजादी पाई है. हमें स्वतंत्र भारत दिया है, उन महापुरुषों के प्रति हमारा कर्तव्य हैं कि हम हमारे देश में ऐसी हरकतों को स्वीकार न करें, उनकी सच्ची श्रद्धांजलि होगी और इसलिए मैं आज लाल किले को प्राचीर से कहना चाहता हूं. हमने एक हाई पावर डेमोग्राफी मिशन शुरू करने का निर्णय किया है. यह मिशन, इस मिशन के द्वारा यह जो भीषण संकट नजर आ रहा है, भारत पर मंडरा रहा है यह जो संकट है, उसको निपटाने के लिए तय समय में सुविचारित निश्चित रूप से अपने कार्य को करेगा, उस दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं.

भारत में धर्म के अनुसार जनसंख्या का प्रतिशत लगातार हिन्दू आबादी के गिरावट होने का संकेत देता है 1951 2011 2001 1991 1981 1971 1961 ह1951
हिंदू -4.30% 79.80% 80.50% 81.50% 82.30% 82.70% 83.50% 84.10%
मुस्लिम 4.40% 14.20% 13.40% 12.60% 11.80% 11.20% 10.70% 9.80%।

1951 से 2011 तक की जनगणना में जो सभी धर्मों की जनसंख्या वृद्धि में असमानता दिखती है, उसका प्रमुख कारण घुसपैठ है. इस देश में 1951, 1971, 1991 और 2011 में जनगणना हुई, जिनमें शुरू से ही धर्म पूछने की परंपरा रही है. 1951 की जनगणना में हिंदू आबादी 84 प्रतिशत थी, जबकि मुस्लिम आबादी 9.8 प्रतिशत थी. 1971 में हिंदू आबादी 82 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 11 प्रतिशत हो गई. 1991 में हिंदू आबादी 81 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 12.2 प्रतिशत हो गई.

वहीं, 2011 में हिंदू आबादी 79 प्रतिशत और मुस्लिम आबादी 14.2 प्रतिशत हो गई. मुस्लिम आबादी में 24.6 प्रतिशत की दर से वृद्धि हुई है, जबकि हिंदू आबादी में 4.5 प्रतिशत की कमी आई है. मोदी सरकार की घुसपैठ विरोधी 3डी नीति- पहचान करना मतदाता सूची से हटवाना , उन्हें वापस भेजना है.

सबसे गौरतलब बात है कि भारत में मुस्लिम समुदाय की आबादी हिंदू आबादी की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ रही है. साल 2010 में 14.4% से बढ़कर 2050 में 18.4% होने का अनुमान है.बीजेपी सांसद निशिकांत दुबे ने कहा था कि झारखंड की आदिवासी आबादी में गिरावट के पीछे बांग्लादेशी घुसपैठ का हाथ है. उन्होंने मांग की थी कि राज्य के कुछ हिस्सों के साथ-साथ पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद और मालदा जिलों और बिहार के किशनगंज और कटिहार को केंद्र शासित प्रदेश घोषित किया जाए ताकि क्षेत्र में "बांग्लादेश से अवैध प्रवासियों" की बढ़ती संख्या से उत्पन्न चुनौती से निपटा जा सके, जिसके कारण, उनके अनुसार, आदिवासी आबादी में काफी कमी आई है.लोकसभा में शून्यकाल के दौरान यह मुद्दा उठाया और कहा कि झारखंड के संथाल परगना क्षेत्र में आदिवासियों की आबादी बांग्लादेशी घुसपैठियों की बढ़ती संख्या के कारण घट रही है. उन्होंने कहा कि संथाल परगना क्षेत्र में आदिवासी आबादी 2000 में 36% थी, जो अब घटकर 26% रह गई है. उन्होंने पूछा, 'ये आदिवासी कहां चले गए?'2014 से, भारत की सीमाओं पर घुसपैठ के 8,500 से अधिक प्रयासों का पता चला है, जबकि 20,000 से अधिक घुसपैठियों को गिरफ्तार किया गया है.

भारत में जनसांख्यिकीय बदलाव को लेकर सुरक्षा, अर्थशास्त्र और नीति निर्माण के स्तर पर अलग-अलग दृष्टिकोण हैं। केंद्र सरकार और सुरक्षा विश्लेषकों का एक वर्ग इसे राष्ट्रीय सुरक्षा और सामाजिक संतुलन के लिए गंभीर चुनौती मानता है, जबकि अर्थशास्त्री और जनसांख्यिकी विशेषज्ञ इसे गिरती प्रजनन दर और बुजुर्ग होती आबादी से जुड़ी आर्थिक चुनौती के रूप में देखते हैं।इस विषय को मुख्य रूप से अलग-अलग दृष्टिकोणों के माध्यम से समझा जा सकता है: सुरक्षा और सामाजिक संतुलन का दृष्टिकोण इस दृष्टिकोण के तहत, देश के कुछ विशिष्ट क्षेत्रों, विशेषकर सीमावर्ती इलाकों में हो रहे "अस्वाभाविक जनसांख्यिकीय बदलाव" को एक बड़ा खतरा माना जाता है। केंद्रीय गृह मंत्रालय के अनुसार, अवैध घुसपैठ और अनियमित प्रवासन के कारण सीमावर्ती राज्यों जैसे असम, पश्चिम बंगाल, और बिहार की जनसंख्या बनावट में असामान्य बदलाव आए हैं, जो कानून-व्यवस्था और संप्रभुता के लिए चिंता का विषय हैं।सरकार को गंभीरता से सख्त कदम उठाने चाहिए ।

## आज का राशिफल

मेष राशि- आज आपका दिन बढिय़ा रहने वाला है। कृषकों के लिए दिन बेहतर रहेगा। कृषि कार्यों में प्रगति होगी आज अगर नया काम शुरू करना चाहते हैं तो आपको सफलता जरूर मिलेगी। प्रतियोगी क्षेत्र में आपको आगे बढऩे का मौका मिलेगा। साथ ही अपनी तैयारी जारी रखनी चाहिए। जमीन जायदाद से जुड़े काम आज पूरा कर लेंगे। इससे आपको हार्दिक खुशी होगी। स्वास्थ्य के नजरिये से आपका दिन अच्छा रहेगा।

वृष राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। आज ऑफिस में आपके प्रमोशन होने की खुशखबरी मिलेगी। आज घर वालों के साथ खुशी का माहौल बना रहेगा। आज किसी बात पर अधिक गौर न करें अन्यथा आपको उलझने होंगी। आज आपका स्वास्थ्य फिट रहेगा। काम में आपका मन लगेगा। आज आपका चल रहा लोन पूरा होने की संभावना है। सिविल इंजीनियर आज किसी नए प्रोजेक्ट की शुरुआत करेंगे।

मिथुन राशि- आज आपका दिन शानदार रहने वाला है। अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी निभायेंगे। आज परिवार के लोग आपकी सराहना करेंगे। राजकीय क्षेत्र में लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना कर रखें। लोग आपका समर्थन करेंगे। लवमेट की पहले से चली आ रही अनबन आज ख़त्म होगी। एक दूसरे को और बेहतर समझेंगे। आज आय में वृद्धि के कई स्त्रोत मिलेंगे। आज आपका स्वास्थ्य चुस्त दुरुस्त बना रहेगा।

कर्क राशि- आज आपके लिए दिन लाभदायक रहेगा। आज बड़ों की राय मानना आपके लिए बेहतर साबित हो सकता है। कॉम्पटीशन की तैयारी कर रहे छात्रों की मेहनत जल्द रंग लाएगी। इस राशि के इलेक्ट्रीशियन के कारोबारियों को व्यापार में अधिक लाभ मिलेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपका मान सम्मान बढ़ेगा। लोग आपके सज्जन स्वभाव की तारीफ करेंगे। संतान पक्ष से आपको बड़ी खुशखबरी मिल सकती है। कई दिनों से चल रही किसी स्वास्थ्य संबंधी समस्या से आज छुटकारा मिलेगा।

सिंह राशि- आज आपका दिन अच्छा गुजरने वाला है। इस राशि के एमटेक के छात्र किसी टॉपिक में उलझ सकते हैं, बेहतर रहेगा आप किसी से राय ले लें। आज आपके मन में शुभ विचारों का उदय होगा। आपको कुछ नया करने की उत्सुकता बढ़ेगी। आपकी आर्थिक स्थिति में मजबूती आयेगी। आज मनचाही वस्तु आप ले सकते हैं। ऑफिस में अपनी छवि और बेहतर करने का प्रयास करेंगे। आज आपका दांपत्य जीवन शानदार बना रहेगा।

कन्या राशि- आज आपका दिन मिला- जुला रहेगा। आज अनावश्यक विवाद करने से बचें आपकी उलझने बढ़ सकती हैं। आज दोस्तों का भरपूर सहयोग आपको मिलेगा। आज कार्य क्षेत्र में कुछ नए लोगों से मुलाकात हो सकती है। उनसे महत्वपूर्ण जानकारी मिलेगी। जीवनसाथी से मन की बात शेयर कर सकते हैं। परिवार से दूर रहकर जॉब कर रहे लोगों को घरवालों से मुलाकात करने का मौका मिलेगा।

तुला राशि- आज आपका दिन अच्छा जाने वाला है। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की सैलरी में इंक्रीमेंट होगा, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आज पारिवारिक सुख समृद्धि में वृद्धि होगी। आज किसी धार्मिक स्थल पर जाने का प्रोग्राम बनायेंगे। अपनी जरूरत का सामान रखना न भूलें। आपके निर्णय में परिवार का भरपूर सपोर्ट मिलेगा। स्वास्थ्य के नजरिये से दिन ऊर्जा से भरा रहेगा। आज घर की जरूरी सामग्री लेने मार्केट जा सकते हैं। वहां किसी दोस्त से मुलाकात होगी।

वृश्चिक राशि- आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आपके मनोबल में वृद्धि होगी। कार्य क्षेत्र में आपकी मेहनत सफलता दिलाएगी। व्यापार में उतार-चढ़ाव से आज आपको राहत मिलेगी। आज आपकी सेल्स में बढ़ोतरी होगी। दोस्तों के साथ आज छोटी मोटी पार्टी का आयोजन कर सकते हैं। आपके स्वभाव में सकारात्मक परिवर्तन आयेगा। अगर आप वाहन लेना चाहते है तो दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपके सभी प्रयत्न सफल होंगे। लवमेट से मनपसंद उपहार मिलेगा।

धनु राशि- आज आपका दिन बेहतरीन रहने वाला है। सामाजिक कार्यों में रुचि लेने वाले लोगों को सम्मानित किया जायेगा। पारिवारिक सुख समृद्धि बढ़ेगा। स्वजनों से लगाव बना रहेगा। आपका आर्थिक पक्ष पहले से अधिक मजबूत बनेगा। घर बनवा रहे लोगों का काम तेजी से आगे बढ़ेगा। नयी-नयी चीजों की ओर आपका ध्यान आकर्षित होगा। वेब डिजाइनिंग सीख रहे लोगों को आगे बढऩे का मौका मिलेगा।

मकर राशि- आज आपका दिन सकारात्मक ऊर्जा से भरा रहेगा। आज मनपसंद वाहन लेने की ओर आपका ध्यान आकर्षित होगा। बेटी का किसी मनचाहे फील्ड में सिलेक्शन होने के योग बन रहे हैं। आज जल्दबाजी के चक्कर में काम गलत हो सकता है, ध्यान से काम करने की आवश्यकता है। आपकी जीवनशैली में पहले से अनुकूल परिवर्तन आयेगा। मैकेनिकल इंजीनियर्स पुराना टारगेट पूरा करके नए टारगेट की जिम्मेदारी पा सकते हैं।

कुंभ राशि- आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहेगा। राजनीति में आज आपके कार्यभार की जिम्मेदारी बढ़ सकती है। आज बड़ों की बात ध्यान से सुनें, बात को बीच में न काटें। इस राशि के लवमेट शाम को शॉपिंग पर जायेंगे। दिन मनोरंजन से भरपूर रहेगा। आपके व्यापार में पहले से बेहतर अनुकूलता रहेगी। ग्राहकों के प्रति अपने व्यवहार को मधुर बनाना चाहिए।

मीन राशि- आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज सबके प्रति स्नेह पूर्वक रहें। आज समझदारी से बातों को समझेंगे। आज आपके लिए आय के नए मार्ग प्रदर्शित होंगे। विद्यार्थियों की आज लेखन कार्य में रुचि बढ़ेगी। आप किसी प्रतियोगिता में हिस्सा ले सकते हैं। हार्डवेयर के कारोबारियों का काम अच्छा चलेगा। आज कुछ जानकार लोगों से आपकी जान पहचान बढ़ेगी। टेक्निकल क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन फायदेमंद रहेगा।

## सू- दोकू क्र.063

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.062 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

## शब्द सामर्थ्य -063

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. हृदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | | ■ | | ■ | 6 | | |
| ■ | 7 | | | | ■ | | ■ | |
| 8 | | ■ | ■ | | ■ | 9 | 10 | |
| | ■ | ■ | ■ | 11 | 12 | ■ | | ■ |
| 13 | | | 14 | ■ | 15 | | | ■ |
| | ■ | ■ | 16 | 17 | | ■ | 18 | 19 |
| ■ | 20 | ■ | ■ | | ■ | 21 | ■ | |
| 22 | | | | | ■ | 23 | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 062 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | ■ | मु | ■ | सं | स्था | न | ■ |
| ग | ■ | म | र्दा | न | गी | ■ | त | म |
| ली | प | ना | ■ | ■ | त | न | ■ | ■ |
| ■ | ना | ना | ■ | ■ | ■ | ■ | ज | ■ |
| मा | ह | ■ | रा | ■ | सा | ज | न | ■ |
| न | ■ | स | ह | दे | व | ■ | म | द |
| व | ■ | म | ■ | व | न | ज | ■ | ल |
| ता | क | त | व | र | ■ | मी | ■ | द |
| ■ | ल | ल | क | ■ | क | र | त | ल |

# राहुल गांधी का 20 साल पुराना सपना, कांग्रेस में 'ओल्ड गार्ड' की जगह अब 'न्यू जेनरेशन' राज

**संजय सक्सेना,लखनऊ,**



भारतीय राजनीति के सबसे पुराने दल कांग्रेस के भीतर इन दिनों एक खामोश लेकिन बेहद गहरा बदलाव आकार ले रहा है। यह बदलाव अचानक नहीं हुआ है, बल्कि इसके पीछे दो दशकों की एक लंबी राजनीतिक तपस्या और जिद छिपी है। साल 2004 में जब राहुल गांधी ने सक्रिय राजनीति में कदम रखा था, तब से उनका एक सबसे बड़ा और महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट था कांग्रेस का सांगठनिक कायाकल्प और 'जनरेशन चेंज' यानी पीढ़ीगत बदलाव। वह कांग्रेस को पार्टी के उन बुजुर्ग और 'ड्राइंग रूम पॉलिटिक्स' करने वाले नेताओं के चंगुल से बाहर निकालना चाहते थे, जो सिर्फ बंद कमरों में नीतियां बनाते थे। राहुल का सपना एक ऐसी युवा, आक्रामक और जमीन पर चौबीसों घंटे लड़ने वाली पार्टी तैयार करना था, जो सीधे जनता के बीच खड़ी दिखे। शुरुआती दौर में राहुल गांधी का यह सियासी प्रयोग पुराने दिग्गजों (ओल्ड गार्ड) के कड़े विरोध, अंदरूनी खींचतान और सोनिया गांधी के दरबार में बुजुर्ग नेताओं के वीटो पावर के चलते परवान नहीं चढ़ सका था। लेकिन आज की तारीख में कांग्रेस के भीतर जो फैसले लिए जा रहे हैं, उससे साफ जाहिर होता है कि राहुल गांधी का 20 साल पुराना यह सपना अब हकीकत में बदलने लगा है।

इस पीढ़ीगत बदलाव की सबसे ताजा और दमदार बानगी हालिया राज्यसभा चुनावों के टिकट वितरण में देखने को मिली है। कांग्रेस ने राज्यसभा के लिए अपने जिन उम्मीदवारों के नाम का ऐलान किया है, उनमें पुराने और पारंपरिक चेहरों को दरकिनार कर पूरी तरह संगठन और राहुल गांधी के करीबियों पर भरोसा जताया गया है। कर्नाटक से स्वयं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के साथ पवन खेड़ा और मंसूर अली खान को राज्यसभा का उम्मीदवार बनाना इसी रणनीति का हिस्सा है। मध्य प्रदेश से मीनाक्षी नटराजन, राजस्थान से नीरज डांगी, तमिलनाडु से प्रवीण चक्रवर्ती और झारखंड से प्रणव झा को राज्यसभा का टिकट दिया गया है। ये सभी नाम किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं और इन्हें राहुल गांधी की कोर टीम का हिस्सा माना जाता है। प्रवीण चक्रवर्ती को राहुल का बेहद करीबी रणनीतिकार माना जाता है, जो पार्टी के 'प्रोफेशनल कांग्रेस' और डेटा विभाग के प्रमुख के तौर पर आर्थिक व तकनीकी मामलों को देखते हैं। अभिनेता से नेता बने सी जोसेफ विजय की पार्टी टीवीके के साथ तमिलनाडु में कांग्रेस का गठबंधन कराने में भी उनकी अग्रणी भूमिका रही थी। इसी तरह, राष्ट्रीय सचिव प्रणव झा कांग्रेस अध्यक्ष कार्यालय का कामकाज संभालते हैं, जबकि पवन खेड़ा अपनी मुखर आवाज से टीवी डिबेट्स में सरकार को फ्रंटफुट पर घेरने के लिए जाने जाते हैं। राहुल गांधी ने पवन खेड़ा को कर्नाटक जैसी सुरक्षित सीट से उच्च सदन भेजकर पूरे कैडर को एक साफ संदेश दिया है कि जो जमीन पर लड़ेगा, उसे उसका हक और इनाम जरूर मिलेगा।



यह बदलाव सिर्फ दिल्ली के गलियारों या राज्यसभा के टिकटों तक सीमित नहीं है, बल्कि राज्यों की सत्ता और कमान सौंपने में भी राहुल गांधी की पसंद साफ दिखाई दे रही है। केरल में कांग्रेस ने 69 साल के रमेश चैन्निथला और 64 साल के केसी वेणुगोपाल जैसे कद्दावर नेताओं को नजरअंदाज कर 61 साल के वीडी सतीशन को मुख्यमंत्री की कुर्सी सौंप दी। इतना ही नहीं, केरल की नई सरकार के मंत्रिमंडल में 50 फीसदी मंत्रियों की उम्र 50 साल से कम रखकर युवाओं को तरजीह दी गई। इसी तरह का एक बड़ा और साहसिक प्रयोग कर्नाटक में देखने को मिला। वहां 77 साल के सिद्धारमैया की जगह 64 साल के आक्रामक और संकटमोचक नेता डीके शिवकुमार की ताजपोशी की गई। कर्नाटक जैसे राज्य में जहां सामाजिक और जातीय समीकरण बेहद जटिल हैं, वहां नेतृत्व परिवर्तन करना एक बड़ी चुनौती थी। सिद्धारमैया ओबीसी (कुरुबा) समुदाय से आते हैं, जिन्हें नाराज करने का जोखिम कोई दल नहीं उठाना चाहता। लेकिन कांग्रेस ने राजनीतिक रूप से ताकतवर वोक्कालिगा जाति के डीके शिवकुमार पर दांव लगाया और संतुलन बनाए रखने के लिए ओबीसी समुदाय से आने वाले जी परमेश्वर को डिप्टी सीएम और बीके हरिप्रसाद को प्रदेश अध्यक्ष की कमान सौंपी। साथ ही, कैबिनेट में मल्लिकार्जुन खरगे और सिद्धारमैया के बेटों को जगह देकर भविष्य की लीडरशिप की राह भी खोल दी गई। इसी फेहरिस्त में तेलंगाना की कमान 56 साल के युवा और ऊर्जावान नेता रेवंत रेड्डी को सौंपना और हिमाचल प्रदेश में 62 साल के सुखविंदर सिंह सुक्खू को मुख्यमंत्री बनाना यह साबित करता है कि अब राज्यों में 'ओल्ड गार्ड' को राष्ट्रीय भूमिकाओं में भेजकर नई पीढ़ी को आगे किया जा रहा है। देखा जाए तो कांग्रेस में यह जेनरेशनल शिफ्ट करीब दो दशक बाद देखने को मिल रहा है। कुछ समय पहले जब बीजेपी में पीढ़ीगत बदलाव के तहत नेतृत्व में नए चेहरे सामने आए थे, तब कांग्रेस के बुजुर्ग नेतृत्व को लेकर काफी आलोचनाएं होती थीं। लेकिन अब कांग्रेस अपनी राजनीतिक सीमाओं के भीतर रहते हुए इस ढर्रे को पूरी तरह बदल चुकी है। पहले राज्यों के बड़े फैसले वहां के क्षत्रप लिया करते थे, लेकिन अब हाईकमान ने संगठन के लोकतांत्रीकरण की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। प्रादेशिक और जिला संगठनों में राहुल गांधी की 'यूथ कांग्रेस' वाली मूल टीम के नेताओं को बड़ी जिम्मेदारियां दी जा रही हैं। सैयद नसीर हुसैन को जम्मू-कश्मीर, कृष्ण अल्लावरु को बिहार और सप्तगिरी उलाका जैसे युवा चेहरों को अहम राज्यों का प्रभारी बनाया गया है। पंजाब में कमान 48 साल के अमरिंदर सिंह राजा वडिंग के हाथों में है, बिहार में 56 साल के राजेश कुमार प्रदेश अध्यक्ष हैं, उत्तर प्रदेश में अजय राय और महाराष्ट्र में 58 साल के हर्षवर्धन सपकाल जैसे जमीनी नेताओं को आगे बढ़ाया गया है। इन तमाम नियुक्तियों से राजस्थान में सचिन पायलट समेत अन्य राज्यों के उन युवा नेताओं की उम्मीदें भी बढ़ गई हैं, जो लंबे समय से अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। मल्लिकार्जुन खरगे के अध्यक्ष बनने और राहुल गांधी के 'नेता प्रतिपक्ष' के रूप में मजबूत होकर उभरने के बाद पार्टी में चाटुकारिता और परिक्रमा की राजनीति खत्म हो रही है। 'भारत जोड़ो यात्रा' के बाद कांग्रेस बंद कमरों से निकलकर सड़कों पर संघर्ष करती दिखने लगी है, जो कि राहुल गांधी के इसी नए प्रयोग और दूरगामी विजन का नतीजा है।

## एक नजर

### युवा कांग्रेस प्रदेश महासचिव पद के लिए अयफाज मेमन ने पेश की दावेदारी

**अकलतरा/रायपुर,8 जून।** छत्तीसगढ़ युवा कांग्रेस के आगामी संगठनात्मक चुनावों को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में सोशल मीडिया और संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय युवा नेता अयफाज मेमन ने युवा कांग्रेस के प्रदेश महासचिव पद के लिए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की है।



अयफाज मेमन लंबे समय से कांग्रेस की विचारधारा को मजबूती देने के लिए जमीनी स्तर के साथ-साथ डिजिटल मंचों पर भी सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। छात्र राजनीति के दौर से ही संगठन के विभिन्न अभियानों और कार्यक्रमों में उनकी महत्वपूर्ण भागीदारी रही है। संगठन में उनके अनुभव और कार्यशैली को देखते हुए युवा कार्यकर्ताओं के बीच उनकी अच्छी पकड़ मानी जाती है। अयफाज मेमन पूर्व में छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी (अल्पसंख्यक विभाग) सोशल मीडिया के स्टेट चेयरमैन, एनएसयूआई सोशल मीडिया की राष्ट्रीय टीम में राष्ट्रीय संयोजक तथा एनएसयूआई हिमाचल प्रदेश एवं ओडिशा के सह-प्रभारी जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। प्रदेश और राष्ट्रीय स्तर पर संगठनात्मक कार्यों का उनका अनुभव उनकी दावेदारी को और मजबूत बनाता है। दावेदारी पेश करते हुए अयफाज मेमन ने कहा कि उनका लक्ष्य प्रदेश के युवाओं को कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ते हुए संगठन को बूथ स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक अधिक सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि युवाओं की भागीदारी बढ़ाकर संगठन को नई ऊर्जा और नई दिशा देने के लिए वे पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करेंगे। अयफाज मेमन की दावेदारी सामने आने के बाद युवा कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और समर्थकों में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि संगठनात्मक अनुभव, डिजिटल रणनीति की समझ और युवाओं के बीच सक्रियता उन्हें चुनाव में एक मजबूत दावेदार के रूप में स्थापित करती है।

### डाक विभाग कर्मचारियों की एकदिवसीय क्षमता विकास कार्यशाला आयोजित



**कोंडागांव, 8 जून।** भारतीय डाक विभाग, उपसंभाग कोंडागांव द्वारा शनिवार को स्थानीय वन काष्ठागार परिसर में ग्रामीण डाक कर्मचारियों के लिए एकदिवसीय क्षमता विकास कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बस्तर संभाग के अधीक्षक डाकघर श्री मोहम्मद नियाजुद्दीन एवं सहायक अधीक्षक श्री सुमन एक्का विशेष रूप से उपस्थित रहे। प्रशिक्षण कार्यक्रम में कोंडागांव एवं मर्दापाल उपडाकघरों के अंतर्गत कार्यरत ग्रामीण डाक कर्मचारियों ने सहभागिता की। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को अधीक्षक महोदय द्वारा विभागीय योजनाओं, डाक सेवाओं, डिजिटल सुविधाओं तथा कार्यप्रणाली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां विस्तारपूर्वक प्रदान की गईं। साथ ही लक्ष्य प्राप्ति, ग्राहक सेवा की गुणवत्ता में सुधार तथा कार्य दक्षता बढ़ाने के विभिन्न पहलुओं पर प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया गया अधिकारियों ने कर्मचारियों को विभागीय दायित्वों का प्रभावी निर्वहन करने, जनहितकारी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने तथा निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए समर्पित भाव से कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रशिक्षण सत्र में प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया तथा विभाग की नवीन योजनाओं एवं डिजिटल सेवाओं की जानकारी साझा की गई कार्यशाला के दौरान अधिकारियों ने ग्रामीण डाक सेवकों से संवाद कर उनकी समस्याओं, कार्यानुभवों एवं सुझावों पर चर्चा की। विभागीय कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन, ग्राहक सेवा में सुधार, डिजिटल सेवाओं के विस्तार तथा लक्ष्य आधारित कार्य संस्कृति को मजबूत बनाने पर भी विस्तृत विचार-विमर्श हुआ। कार्यक्रम में उपसंभागीय निरीक्षक आर.एस. मिश्रा, उपडाकपाल एस.एल. गोटी, आईपीपीबी मैनेजर प्रीतम कुमार गुप्ता सहित विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत भी किया गया। कार्यशाला के सफल आयोजन पर कर्मचारियों ने इसे उपयोगी, ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी बताते हुए भविष्य में भी ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित किए जाने की बात कही।

### प्रधानमंत्री आवास ने बदली मसूराम सेठिया के परिवार की जिंदगी

**जगदलपुर, 8 जून।** जिले के तोकापाल विकासखंड के ग्राम छापर भानपुरी निवासी मसूराम सेठिया के लिए पक्के मकान का सपना कभी दूर की बात लगता था। सीमित आय और परिवार की जिम्मेदारियों के बीच जीवन यापन कर रहे मसूराम ने कभी नहीं सोचा था कि उनका परिवार भी एक सुरक्षित और सुविधायुक्त घर में रह सकेगा। लेकिन शासन की प्रधानमंत्री आवास योजना ने उनके इस सपने को साकार कर दिया है। करीब एक एकड़ कृषि भूमि पर खरीफ सीजन में धान की खेती और वर्षभर मजदूरी कर अपने छह सदस्यीय परिवार का भरण-पोषण करने वाले मसूराम वर्षों तक कच्चे मकान में रहने को मजबूर थे।

---

आदिवासियों की पदयात्रा, 11 जून को कलेक्ट्रेट में सौपेंगे ज्ञापन

# आलनार में लौह अयस्क खनन के विरोध में आदिवासी समाज






**विश्वजीत सरकार**

पहाड़ रोये, जंगल बोले
जंगल की सांसों को मत बेचो बाजारों में...
ये धरती मां है साहब,
कोई खिलौने नहीं

**बचेली -दंतेवाड़ा,8 जून।** जिले के ग्राम आलनार में प्रस्तावित लौह अयस्क (आयरन ओर) खनन परियोजना के विरोध में आदिवासी समाज अब खुलकर मैदान में उतर आया है। आरती स्पंज परियोजना के खिलाफ रविवार दिनांक 07 जून से शुरू हुई पदयात्रा ने पूरे क्षेत्र में हलचल तेज कर दी है। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण, महिलाएं और युवा जल-जंगल-जमीन की रक्षा के लिए एकजुट होते दिखाई दिए।

पूर्व विधायक एवं आदिवासी नेता मनीष कुंजाम के नेतृत्व में बस्तरिया राज मोर्चा के बैनर तले यह आंदोलन लगातार गति पकड़ रहा है। पदयात्रा के दौरान दंतेवाड़ा के साथ-साथ बीजापुर और सुकमा जिले के कई जनप्रतिनिधि, सरपंच और ग्रामीण भी शामिल हुए ग्रामीणों ने बताया कि सड़क निर्माण और अन्य कार्यों के नाम पर हजारों पेड़ों की कटाई की जा चुकी है। वहीं नालों पर पुलिया निर्माण की तैयारी से पर्यावरणीय संतुलन बिगड़ने की आशंका और बढ़ गई है। मौके पर मनीष कुंजाम ग्रामीणों के साथ पैदल नाला पार कर पहाड़ी क्षेत्र तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि आदिवासियों की जमीन कोई सौदेबाजी का सामान नहीं है। जल, जंगल और जमीन पर पहला अधिकार स्थानीय लोगों का है, और इसे छीनने की कोशिश बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

( पदयात्रा कार्यक्रम )
7 जून- आलनार से हिरौली
8 जून- हिरौली से कड़मपाल
9 जून- कड़मपाल से कमेली
10 जून-कमेली से गमावाड़ा
11 जून- गमावाड़ा से जिला मुख्यालय दंतेवाड़ा कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा जाएगा

ग्रामीणों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि उनकी मांगों को अनदेखा किया गया तो आंदोलन और उग्र रूप ले सकता है।

**हाईलाइट्स**

- आलनार खनन परियोजना के विरोध में आदिवासी समाज सड़कों पर
- पूर्व विधायक मनीष कुंजाम के नेतृत्व में निकली पदयात्रा
- हजारों पेड़ों की कटाई का ग्रामीणों ने लगाया आरोप
- जल-जंगल-जमीन बचाओ के नारों से गूंजा क्षेत्र
- 11 जून को दंतेवाड़ा कलेक्ट्रेट में होगा बड़ा प्रदर्शन
- बीजापुर और सुकमा से भी पहुंचे जनप्रतिनिधि व ग्रामीण
- खनन के खिलाफ अब आंदोलन ने पकड़ी व्यापक रफ्तार

**पूर्व विधायक मनीष कुंजाम**



जिस क्षेत्र में अभी तक वास्तविक खनन कार्य शुरू भी नहीं हुआ, वहां कागजों में गतिविधियां दिखाकर खेल खेला जा रहा है। विकास के नाम पर जंगलों की बलि दी जा रही है जिससे स्थानीय आदिवासियों के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है।

---

# किरंदुल में उप मुख्यमंत्री अरुण साव के दौरे में 7.19 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात से विकास को मिली नई दिशा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल,8 जून।** छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव के किरंदुल दौरे ने लोहा नगरी को विकास की बड़ी सौगात दी है। नगर पालिका क्षेत्र में 7.19 करोड़ रुपये के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया गया। जिसमें करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित आधुनिक ऑक्सीजोन ऑक्सीजन पार्क का उद्घाटन प्रमुख रहा।



किरंदुल नगर पालिका के लगभग 25 वर्षों के इतिहास में पहली बार किसी महिला अध्यक्ष के कार्यकाल में नगर को इतनी बड़ी विकासात्मक सौगात प्राप्त हुई है। नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह के नेतृत्वए सतत प्रयासों और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता का ही परिणाम है कि करोड़ों रुपये की विकास योजनाएं धरातल पर उतर रही हैं। वहीं नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशिभूषण ने योजनाओं के क्रियान्वयनए प्रशासनिक समन्वय एवं विकास कार्यों को गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। अध्यक्ष एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी की टीम ने मिलकर नगर के विकास के लिए सराहनीय कार्य किया हैए जिसकी चर्चा आम जनता के बीच भी हो रही है।

काग्रेसियों ने कई मुद्दों पर उठाये सवाल-दौरे के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उप मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपकर ऑक्सीजोन पार्क का नाम स्वर्गीय शहीद महेंद्र कर्मा के नाम पर रखने तथा उनकी प्रतिमा स्थापित करने की मांग की। कांग्रेस ने नाम परिवर्तन को लेकर आपत्ति दर्ज कराई।दौरे के दौरान जहां विकास कार्यों को लेकर उत्साह दिखाई दियाए वहीं कुछ स्थानीय मुद्दों और मांगों को भी प्रमुखता से उठाया गया। जनता ने उम्मीद जताई है कि स्वीकृत योजनाओं का लाभ शीघ्र ही आम नागरिकों तक पहुंचेगा।कुल मिलाकर उप मुख्यमंत्री का यह दौरा किरंदुल के विकास के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नगर पालिका अध्यक्ष रूबी शैलेन्द्र सिंह एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी शशिभूषण के प्रयासों से नगर को मिली यह बड़ी सौगात आने वाले समय में विकास के नए अध्याय लिखने का आधार बनेगी।

---

## समाचार संक्षेप

### पेट्रोल डीजल के लिए लोगों को लगानी पड़ रही है लम्बी कतारें




■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर,8 जून।** जिला मुख्यालय बीजापुर में संचालित कुछ पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल एवं डीजल का स्टॉक अस्थायी रूप से समाप्त हो जाने से आम नागरिकों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। ईंधन की कमी के कारण कुछ पेट्रोल पंपों का संचालन प्रभावित हुआ, जिससे लोगों में चिंता की स्थिति बन गई। मामले की जानकारी मिलते ही जिला प्रशासन सक्रिय हुआ और संबंधित पेट्रोल पंप संचालकों से संपर्क कर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिला मुख्यालय में साप्ताहिक बाजार के दिन बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं आम नागरिक विभिन्न कार्यों से पहुंचते हैं, जिससे ईंधन की मांग सामान्य दिनों की तुलना में काफी बढ़ जाती है। स्थिति को ध्यान में रखते हुए सभी पेट्रोल पंप संचालकों को पर्याप्त मात्रा में पेट्रोल और डीजल का भंडारण सुनिश्चित करने तथा समय पर ईंधन की आपूर्ति बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने यह भी कहा है कि भविष्य में किसी भी पेट्रोल पंप पर ÷पंप ड्राई÷ जैसी स्थिति उत्पन्न न हो, इसके लिए विशेष सतर्कता बरती जाए।जिला प्रशासन ने आश्वस्त किया है कि ईंधन आपूर्ति व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा संबंधित एजेंसियों के साथ समन्वय स्थापित कर आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के प्रयास किए जा रहे हैं। प्रशासन का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और जिले में ईंधन की उपलब्धता सामान्य बनी रहे।

### रासायनिक उर्वरक वितरण के लिए नई ई टोकन आधारित प्रणाली के लिए बीजापुर चयनित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर,8 जून।** भारत सरकार उर्वरक एवं रसायन मंत्रालय संचालनालय उर्वरक, नई दिल्ली द्वारा फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल एफ.एफ.एस. हेतु बीजापुर जिला को पायलट जिला के रूप में चयनित किया गया है। फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल एफ.एफ. एस. में सही समय पर उर्वरक की उपलब्धता, समय की बचत, मेहनत की बचत, आसान मोबाइल आधारित प्रक्रिया, आधार से सुरक्षित और सरल सत्यापन, परिवार के सदस्य द्वारा खाद प्राप्त करने की सुविधा उपलब्ध होगी। इस प्रक्रिया में किसान ऐसे विक्रेता का चयन कर क्यू आर कोड जनरेट करेगा जहां उसके लिए स्टॉक उपलब्ध है एफ.एफ. एस. में जिन किसानों के पास फार्मर आईडी है वे मोबाइल आधारित आसान आवेदन कर सकते हैं व जिनके पास फार्मर आईडी नहीं है वे अपने आधार व भूमि विवरण डालकर आवेदन करेंगे। आवेदन की प्रक्रिया में सर्वप्रथम किसान लोक सेवा केंदों, सहकारी समितियों, निजी विक्रेताओं या स्वयं अपने मोबाइल से फार्मर आईडी या आधार नंबर डालकर अपना आधार से सत्यापन करेंगे, फिर फसल का चयन कर जहां उर्वरक का स्टॉक उपलब्ध है उस रिटेलर को चुनकर कर क्यू आर कोड जनरेट करेंगे जो की तीन दिनों के लिए वैध रहेगा, उर्वरक नहीं लेने से वह स्वतह निरस्त हो जायेगा। जनरेटेड क्यू आर कोड को दूसरे दिन चुने गए उर्वरक विक्रेता के, पोस मशीन से स्कैन या टोकन नंबर डालकर या बायोमेट्रिक सत्यापन द्वारा सत्यापित कर उर्वरक प्राप्त किया जावेगा।

### मानसून के साथ ही बस्तर की सबसे महंगी सब्जी फुटु , बोड़ा, बांस की करील मिलेगी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 8 जून।** बस्तर के सुदूर वनांचलों में रहने वाले हजारों ग्रामीण परिवारों के लिए मानसून की पहली फुहार पड़ते ही बस्तर के जंगल से सबसे मंहगी सब्जी फुटु (जंगली मशरूम), बोड़ा, बांस की करील (कोपलें) मिलने लगता है । ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह होते ही महिलाएं और बच्चे पारंपरिक टोकरियां लेकर जंगलों की ओर निकल पड़ते हैं। वहां से फुटु (जंगली मशरूम), बोड़ा, बांस की करील (कोपलें) एकत्र किए जाते हैं। यह ग्रामीणों के भोजन का एक अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रिय हिस्सा है। ये खाद्य पदार्थ केवल उनके स्वाद का हिस्सा नहीं हैं, बल्कि ग्रामीण परिवारों की खाद्य सुरक्षा और पोषण की मजबूत ढाल भी हैं। फुटु और बोड़ा में उच्च प्रोटीन, विटामिन-बी और पोटैशियम की प्रचूर मात्रा होती है, वहीं बांस की करील में प्रचुर मात्रा में पोटैशियम, फाइबर और प्रोटीन मिलता है। जंगल से मिलने वाले ये उत्पाद ग्रामीणों के न केवल पेट भरते हैं, बल्कि ग्रामीणों की आय का भी एक बड़ा जरिया हैं। बरसात के मौसम में मिलने वाला बोड़ा बस्तर का सबसे महंगा वन उत्पाद माना जाता है, जिसकी कीमत शहरी बाजारों में 1500 रूपये प्रति किलो तक पहुंच जाती है।

---

40 वर्षों से नक्सली दंश झेलते रहे, अब जगी ग्रामीणों में उम्मीद किरण

# विकास की राह देखता उसूर का पुसबाका ग्राम सड़क के इंतजार में तरस रही ग्रामीणों की आंखें



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 8 मई।** बीजापुर जिले के उसूर विकासखंड अंतर्गत पुसबाका गगनपल्ली पंचायत क्षेत्र आज भी सड़क जैसी बुनियादी सुविधा के लिए संघर्ष कर रहा है। दशकों से विकास की मुख्यधारा से दूर रहे इस इलाके के ग्रामीणों को आवागमन के लिए भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के दिनों में स्थिति और भी विकट हो जाती है, जब कच्चे रास्ते दलदल में तब्दील हो जाते हैं और गांवों का संपर्क मुख्य मार्गों से लगभग कट जाता है।

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले लगभग 40 वर्षों तक नक्सल प्रभावित क्षेत्र होने के कारण यहां विकास कार्यों की गति बेहद धीमी रही। सुरक्षा कारणों से सड़क निर्माण जैसी योजनाएं भी कागजों तक सीमित रहीं। इसका खामियाजा स्थानीय लोगों को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार जैसी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहकर भुगतना पड़ा।वर्तमान में राज्य सरकार नक्सल प्रभावित क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए सड़क, संचार और अन्य आधारभूत सुविधाओं का विस्तार कर रही है। बीजापुर के कई दूरस्थ क्षेत्रों में सड़क और संचार परियोजनाओं पर कार्य भी शुरू हुआ है, जिससे विकास की नई उम्मीद जगी है। उल्लेखनीय है कि पुसबाका, गगनपल्ली क्षेत्र के अनेक गांव आज भी पक्की सड़क की सुविधा से वंचित हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क नहीं होने के कारण मरीजों को अस्पताल पहुंचाने, बच्चों को स्कूल भेजने तथा किसानों को अपनी उपज बाजार तक ले जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य स्वीकृत कर क्षेत्रवासियों को राहत प्रदान की जाए।

**ग्राम पंचायत सरपंच**-सचिव ने बताया कि सड़क नहीं होने से मुख्यालय आने जाने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सड़क निर्माण हेतु अनेक बार आवेदन किया गया है किन्तु आज पर्यंत तक स्वीकृति प्राप्त हुई है। बिना सड़क के बारिश के दिनों में कच्चा रास्ता जलमग्न और कीचड़नुमा हो जाता है, आवागमन बाधित हो जाता है।

### 10.983 किलो अवैध गांजा के साथ तीन आरोपी गिरफ्तार

**सुकमा , 8 जून ।** जिले की पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर एनएच-30 मार्ग पर आज रविवार को घेराबंदी कर दो संदिग्ध व्यक्तियों को पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उनके कब्जे से कुल 10.983 किलोग्राम अवैध गांजा, नगदी रकम 2470 रुपए, 01 नग मोबाइल फोन बरामद कर अंतर्राज्यीय गांजा तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़ करते हुए अब तक कुल तीन आरोपियों 1. मोहम्मद जमीर खान, उम्र 29 वर्ष, निवासी मंदिर हसौद, जिला रायपुर, 2. तनिल राजपूत, उम्र 19 वर्ष, निवासी मंदिर हसौद, जिला रायपुर, 3. रोशन दत्ता, उम्र 25 वर्ष, निवासी माना कैंप, जिला रायपुर को गिरफ्तार किया है, जबकि एक अन्य आरोपी की सरगर्मी से तलाश जारी है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ करने पर यह तथ्य सामने आया कि वे गांजा की खेप को रायपुर ले जाकर विक्रय करते थे। पूछताछ के दौरान गांजा की सप्लाई करवाने एवं इसके विक्रय व गांजा की व्यवस्था करने वाले अन्य आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई है।

---

# प्रदेश अध्यक्ष के आव्हान पर साहू संघ ने किया पौधारोपण

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा 8 जून।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ नीरेंद्र साहू के निर्देश पर में 7 जून 2026 को प्रदेशव्यापी वृहद वृक्षारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिला साहू संघ के अध्यक्ष एवं सभी तहसील साहू संघ गीदम बचेली दंतेवाडा के अध्यक्ष वह पदाधिकारी सामूहिक रूप से वन मंदिर में उपस्थित होकर वृक्षारोपण किया गया जिसमें कई तरह के वृक्ष लगाए गए



जिसमें फलदार वृक्ष दशहरी आम, कटहल, आंवला, मूनगा, काजू पीपल, पपीता एवं अन्य कई तरह के पौधे लगाए गए इस कार्यक्रम का नेतृत्व प्रदेश संगठन सचिव श्रीमती बीना साहू, जिला साहू संघ दंतेवाडा के अध्यक्ष श्री एन.आर.साहू के द्वारा किया गया कार्यक्रम में उपस्थित जिला साहू संघ के उपाध्यक्ष योगेश साहू ,जिला महिला उपाध्यक्ष अनीता साहू, जिला संगठन सचिव निर्मला साहू,जिला कोषाध्यक्ष भगत राम साहू, जिला संगठन सचिव नारायण लाल साहू दंतेवाड़ा ,तहसील अध्यक्ष वैभव चंदन, बचेली तहसील अध्यक्ष देवेंद्र कुमार साहू, बचेली महिला साहू संघ उपाध्यक्ष चित्रलेखा साहू, बचेली कार्यकारिणी सदस्य हीरूराम साहू एवं दंतेवाड़ा तहसील उपाध्यक्ष नोहर साहू दंतेवाड़ा महिला संगठन सचिव चंम्पा साहू, जिला महिला संरक्षक कुसुम साहू जिला युवा प्रकोष्ठ के सदस्य राकेश साहू जिला मीडिया प्रभारी गणेश्वर साहू, जिला कार्यकारिणी सदस्य प्रीतम साहू, पिनेश्वर साहू तहसील साहू संघ दंतेवाड़ा के सचिव जितेश साहू एवं अन्य साहू समाज के सामाजिक सदस्य मौजूद थे इस पूरे कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए जिला साहू समाज के अध्यक्ष

एन.आर.साहू ने सभी को धन्यवाद प्रेषित करते हुए, साहू समाज के स्वजाति को अधिक से अधिक वृक्षारोपण करने हेतु आग्रह किया गया आओ मिलकर प्रगति का ऋण चुकाये एक-एक पौधा लगाकर पर्यावरण बचाये

---

# सुरक्षा अभियानों को प्रभावी बनाने पांच हजार बस्तर फाइटर्स की होगी भर्ती

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 8 जून ।** नक्सलियों से निपटने डीआरजी की तर्ज पर बस्तर में नया बल गठित किया गया था, जिसे ÷बस्तर फाइटर्स नाम दिया गया। इसी पहल को आगे बढ़ाते हुए अब माओवाद के खिलाफ निर्णायक रणनीति के तहत बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने की तैयारी की जा रही है। इसके अंतर्गत केंद्र सरकार के अधीन तैनात करीब 40 हजार केंद्रीय सुरक्षा बलों की चरणबद्ध वापसी का खाका तैयार किया गया है, जिसके बाद स्थानीय स्तर पर तैयार किए गए बस्तर फाइटर्स यह जिम्मेदारी संभालेंगे। इस रणनीति



के तहत बस्तर के ग्रामीण और संवेदनशील इलाकों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और सुरक्षा अभियानों को प्रभावी बनाने के लिए लगभग 5,000 बस्तर फाइटर्स की भर्ती का निर्णय लिया गया है। यह पूरी भर्ती प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी की जाएगी। पहले चरण में 1,500 फाइटर्स की नियुक्ति के लिए राज्य शासन से प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। इसके बाद शेष दो चरणों में आगे की भर्ती की जाएगी।गृह विभाग इस भर्ती को राज्य स्तर पर आयोजित करने के बजाय संभाग और जिला स्तर पर कराने की तैयारी में है, ताकि स्थानीय युवाओं की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित की जा सके। सरकार का लक्ष्य है कि दिसंबर तक पहले चरण की भर्ती प्रक्रिया पूरी कर ली जाए, जिसके बाद क्रमशः दूसरे और तीसरे चरण की प्रक्रिया शुरू होगी। यह पहली बार नहीं है जब बस्तर में स्थानीय युवाओं को सुरक्षा व्यवस्था का हिस्सा बनाया जा रहा है। इससे पहले नक्सल विरोधी अभियानों के लिए सलवा जुडूम जैसे जन-आंदोलन भी सामने आ चुके हैं। बस्तर फाइटर्स की खासियत यह होगी कि इसमें स्थानीय युवाओं की भागीदारी सीधे तौर पर होगी, जिससे उन्हें क्षेत्र की भौगोलिक परिस्थितियों, स्थानीय बोली-बानी और सामाजिक संरचना की गहरी समझ का लाभ मिलेगा।बस्तर फाइटर्स के लिए जिला स्तर पर जवानों की भर्ती होगी। इसके लिए शारीरिक मापदंड में कुछ शिथिलता के प्रयास किए जा रहे हैं। यदि सरकार ने मंजूरी दी तो स्थानीय लोगों को इसका लाभ मिलेगा। साथ ही जिन उम्मीदवारों की भर्ती की जाएगी उन्हें स्थानीय भाषा-बोली का ज्ञान होना अनिवार्य किया जाएगा।

प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा व यूथ एंड इको क्लब का संयुक्त आयोजन

# विश्व पर्यावरण दिवस पर पामगढ़ कार्यशाला में बच्चों ने बनाए 500 सीड बॉल, ट्रेन से फेंकने का लिया संकल्प

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**खरसिया, 8 जून।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर आज प्राथमिक शाला पामगढ़ में सीड बॉल निर्माण कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा, यूथ एंड इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में हुए इस कार्यक्रम में प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला तथा हाई स्कूल पामगढ़ के बच्चों, पालकों और शिक्षकों ने मिलकर लगभग 500 सीड बॉल तैयार किए।



### बच्चों में दिखा गजब का उत्साह

कार्यक्रम के लिए बच्चों ने पहले से ही इमली, करंज, नीम, जामुन और लीची के बीज इकट्ठा कर रखे थे। बच्चों ने बड़े उत्साह से सीड बॉल का निर्माण किया। कुछ बच्चों ने कहा, जब हम जगन्नाथ पुरी या अन्य जगह यात्रा पर जाएंगे तो ये सीड बॉल साथ ले जाएंगे और ट्रेन से बाहर फेंक देंगे ताकि दूर-दराज में भी पेड़ उग सकें। बच्चों के लिए यह एक मजेदार और नया प्रयोग रहा।

### अधिकारियों ने समझाया महत्व

इस अवसर पर खरसिया बीआरसी प्रदीप साहू एवं हाई स्कूल पामगढ़ के प्राचार्य हरिशंकर पटेल ने बच्चों को सीड बॉल और पर्यावरण संरक्षण का महत्व बताया। बच्चों ने इसे आत्मसात करते हुए भविष्य में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक भुनेश्वरी मंथन, एसएमसी अध्यक्ष चंद्रकांत पटेल सहित तीनों स्कूलों के पालकगण व शिक्षक मौजूद रहे और सभी ने मिलकर सीड बॉल बनाए। बढ़ती गर्मी और ग्लोबल वार्मिंग के दौर में प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण जरूरी है। सीड बॉल इस दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। यह पहल बच्चों में प्रकृति प्रेम, पारिस्थितिकी की समझ और ग्लोबल वार्मिंग के नुकसान के प्रति जागरूकता बढ़ाती है।

### पूरे छत्तीसगढ़ में चल रहा अभियान

प्रकृति शिक्षण विज्ञान यात्रा की टीम द्वारा संपूर्ण छत्तीसगढ़, विशेषकर जगदलपुर, कांकेर आदि जगहों पर विशाल सीड बॉल कार्यशालाओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में पामगढ़ में यह आयोजन हुआ।

### जानें क्या है सीड बॉल?

सीड बॉल बनाने के लिए मिट्टी और खाद को आटे की तरह गूंथकर गोले बनाए जाते हैं। गोले के बीच में बीज डालकर छांव में सुखा दिया जाता है। बारिश में इन सूखे बॉल्स को दूर-दराज के इलाकों में फेंक दिया जाता है। बारिश का पानी पाकर बीज अंकुरित हो जाते हैं और पेड़ बन जाते हैं।

## एक नजर

### मुख्यमंत्री विद्यार्थी उत्कर्ष योजना के तहत उत्कृष्ट निजी स्कूलों में मिलेगी कक्षा 12वीं तक मुफ्त शिक्षा

**जगदलपुर, 8 जून।** राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री अनुसूचित जाति एवं जनजाति विद्यार्थी उत्कर्ष योजनांतर्गत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के तहत कक्षा 06 वीं में प्रवेश हेतु रविवार 05 जुलाई 2026 को दोपहर 12 बजे से 2 बजे तक राज्य स्तर पर लिखित प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। इस योजना का मुख्य ध्येय अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के ग्रामीण क्षेत्रों के होनहार विद्यार्थियों को राज्य के प्रतिष्ठित और उत्कृष्ट निजी स्कूलों में प्रवेश दिलाकर उन्हें उच्च स्तरीय एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना है। इस योजनांतर्गत चयनित विद्यार्थियों की स्कूल फीस सहित पढ़ाई का संपूर्ण खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा और वे इस योजना के माध्यम से कक्षा 12 वीं तक नियमित रूप से निःशुल्क अध्ययन की सुविधा का लाभ उठा सकेंगे, जिससे उनके बहुमुखी व्यक्तित्व का विकास हो सके और उन्हें एक बेहतर करियर चयन का अवसर मिल सके।इस महत्वाकांक्षी योजना से लाभान्वित होने के लिए अनिवार्य पात्रता के तहत विद्यार्थी का छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होने सहित सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी स्थायी जाति प्रमाण पत्र धारक होना आवश्यक है। इसके साथ ही छात्र वर्तमान में किसी मान्यता प्राप्त संस्था में कक्षा 05 वीं में नियमित रूप से अध्ययनरत होना चाहिए तथा उसने कक्षा चैथी की परीक्षा में न्यूनतम 80 प्रतिशत से अधिक अंक या उसके समकक्ष ग्रेड प्राप्त किया हो। संबंधित विद्यार्थी के पिता या पालक की सभी स्त्रोतों से सम्मिलित वार्षिक आय ढाई लाख रुपए से अधिक नहीं होनी चाहिए, जिसके लिए आय प्रमाण पत्र और पालक का स्वघोषणा पत्र अनिवार्य है। योजना का स्वरूप पूरी तरह ग्रामीण केंद्रित है, इसलिए केवल ग्राम पंचायत, जनपद पंचायत और नगर पंचायत क्षेत्र के विद्यालयों से कक्षा चौथी उत्तीर्ण करने वाले छात्र ही इसके पात्र होंगे। इसके अतिरिक्त सीट निर्धारण के नियमों के तहत छात्र जिस जिले का मूल निवासी है, उसे सक्षम प्राधिकारी के निवास प्रमाण पत्र के आधार पर उसी जिले में आवेदन करने की पात्रता होगी और अन्य जिले से किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। उक्त योजनांतर्गत लाभान्वित होने के लिए आगामी 20 जून 2026 तक आवेदन आमंत्रित किए गए हैं, इस नियत तिथि को शाम 05 बजे तक विद्यार्थी अपना निर्धारित आवेदन पत्र संबंधित विद्यालय में जमा कर सकेंगे। इसके बाद शाला प्रमुखों द्वारा आवेदनों का परीक्षण कर उन्हें 22 जून तक संबंधित खण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में जमा किया जाएगा।

### पंचायत विकास योजना पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

**महासमुंद, 8 जून ।** राष्ट्रीय ग्रामीण स्वराज अभियान योजना अंतर्गत 16वें वित्त आयोग के दिशा-निर्देशों के अनुरूप पंचायत विकास योजना के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु जिला पंचायत महासमुंद में शुक्रवार को एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में ग्राम पंचायतों में सहभागी एवं समावेशी विकास योजनाओं के निर्माण तथा उनके बेहतर क्रियान्वयन के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, वरिष्ठ करारोपण अधिकारी, संकाय सदस्य, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के उपखंड अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी, मनरेगा के कार्यक्रम अधिकारी, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन के कार्यक्रम प्रबंधक सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।कार्यक्रम में उपसंचालक पंचायत एवं ग्रामीण विकास श्रीमती दीप्ति साहू, जिला समन्वयक योगेश साहू तथा पीरामल फाउंडेशन के प्रतिनिधि महेंद्र आर्या द्वारा पंचायत विकास योजना की अवधारणा, ग्राम पंचायत विकास योजना तैयार करने की प्रक्रिया, 16वें वित्त आयोग के प्रावधानों, स्थानीय आवश्यकताओं के आधार पर योजनाओं के निर्माण तथा विभिन्न विभागों के समन्वय की भूमिका पर विस्तृत जानकारी दी गई।

# विश्व साइकिल दिवस पर रायगढ़ में दिखा फिटनेस के लिए उत्साह



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 8 जून।** विश्व साइकिल दिवस के अवसर पर रविवार सुबह आज रायगढ़ शहर में आयोजित ''संडेज ऑन साइकिल'' रैली फिटनेस, स्वास्थ्य जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश बनकर उभरी। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार तथा फिट इंडिया मूवमेंट के तहत जिला प्रशासन एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायगढ़ के तत्वावधान में आयोजित इस जन-जागरूकता कार्यक्रम में स्कूली बच्चों, एनसीसी कैडेट्स, अधिकारियों-कर्मचारियों, खेल प्रेमियों तथा बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रातः 6.30 बजे रायगढ़ स्टेडियम, बोईरदादर से प्रारंभ हुई साइकिल रैली चक्रधर चौक, सिग्नल चौक एवं शहीद भगत सिंह चौक होते हुए पुनः सिग्नल चौक पहुंची तथा कमला नेहरू उद्यान में इसका समापन हुआ। रैली के दौरान 150 प्रतिभागियों ने स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, नियमित व्यायाम को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने तथा साइकिल के उपयोग को बढ़ावा देने का संदेश दिया इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर श्री धनराज मरकाम ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि साइकिलिंग केवल एक खेल गतिविधि नहीं, बल्कि बेहतर स्वास्थ्य, स्वच्छ पर्यावरण और सक्रिय जीवनशैली की दिशा में एक प्रभावी पहल है। उन्होंने युवाओं एवं नागरिकों से फिट इंडिया अभियान को जन-जन तक पहुंचाने और नियमित शारीरिक गतिविधियों को अपने जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान किया। मौके पर सहायक संचालक, खेल एवं युवा कल्याण रायगढ़ श्रीमती प्रतिमा सागर ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन युवाओं और नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम बन रहे हैं। उन्होंने जिलेवासियों से नियमित रूप से साइकिलिंग एवं अन्य शारीरिक गतिविधियों को अपनाने की अपील की।

कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, प्रदूषण नियंत्रण, ईंधन बचत तथा पर्यावरण के अनुकूल परिवहन के महत्व के प्रति जागरूक किया गया। आयोजन में शामिल सभी प्रतिभागियों एवं समूहों का पंजीयन भारत सरकार के निर्धारित पोर्टल पर भी किया गया। रैली के दौरान रायगढ़ की सड़कों पर फिटनेस और जागरूकता का अनूठा उत्साह देखने को मिला। प्रतिभागियों ने ''फिट इंडिया'' के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने तथा स्वस्थ, सक्रिय एवं सशक्त भारत के निर्माण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर सहा. जिला क्रीड़ा अधिकारी श्री जीवन लाल नायक, श्री जितेश्वर प्रधान व्यायाम शिक्षक, श्री सम्मी पुरसेठ व्यायाम शिक्षक, श्री विकास सिन्हा शिक्षक, श्री शारदा सिंह गहलोत फुटबॉल कोच, श्री जयकुमार यादव ताईक्वांडो प्रशिक्षक, श्री आनंद डनसेना कबड्डी कोच, संचालक, उन्नायक सेवा समिति रायगढ़ उपस्थित रहे।

# जिले में 41 समाधान शिविरों के माध्यम से कुल 35 हजार 470 आवेदन मिले

**महासमुंद,8 जून ।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप प्रदेशभर में आयोजित सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत महासमुंद जिले में जनसमस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के लिए आयोजित समाधान शिविर सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न विकासखंडों में कुल 41 समाधान शिविरों का आयोजन किया गया, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों एवं आमजनों ने अपनी मांगों, समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर श्री लंगेह ने संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए लंबित आवेदनों का शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

सुशासन तिहार के दौरान जिले में 01 मई से 05 जून 2026 तक कुल 35 हजार 470 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें 34 हजार 411 मांग संबंधी आवेदन तथा 360 शिकायत संबंधी आवेदन शामिल हैं। प्राप्त आवेदनों में से अब तक 24 हजार 725 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है, जो कुल प्राप्त आवेदनों का लगभग 70 प्रतिशत है। शेष 10 हजार 745 लंबित आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया तेजी से जारी है।मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय अपने औचक निरीक्षण के दौरान कमरौद में चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। वहीं जिले के प्रभारी मंत्री एवं खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल, सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी शिविरों में शामिल हुए।

# मेडिकल स्टोर और कार में दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजा गया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 जून।** महिला थाना पुलिस ने प्रधानमंत्री जनऔषधि केंद्र के संचालक नंदकुमार गुप्ता (60 साल ) को दुष्कर्म के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है आरोपी पर मेडिकल स्टोर और कार में पीड़िता के साथ दुष्कर्म करने का आरोप है। पुलिस ने आरोपी की कार भी जब्त कर ली है पुलिस के मुताबिक आरोपी ने पीड़िता को अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा देकर 4 मई को अपने जनऔषधि केंद्र में काम पर रखा उसने कहा था कि उसका दामाद आईएएस है, उससे बोलकर अच्छी जगह नौकरी लगवा देगा तब तक वह उनकी दुकान में काम करती रहे चार दिन बाद रात करीब 9 बजे आरोपी ने केंद्र के कमरे में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। आरोपी ने पीड़िता को धमकाया कि घटना की जानकारी किसी को न दे आरोपी ने पीड़िता पर दबाव बनाने के लिए कहा कि उसकी पहचान कोतवाली थाने में है और उसका दामाद आईएएस अधिकारी है। धमकी से डरी पीड़िता का फायदा उठाकर आरोपी ने कमरे में दुष्कर्म किया। दुकान में आहट होने पर वह बाहर निकला। पीड़िता जब घर जाने लगी तो आरोपी ने कार से छोड़ने की बात कहकर उसे जबरिया कार में बैठाया और कोटनी ले जाकर कार में दोबारा दुष्कर्म किया। पीड़िता की शिकायत पर महिला थाना पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म सहित अन्य धाराओं में प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया

# अनुसूचित जाति-जनजाति समुदायों के समग्र विकास पर मंथन, संसदीय समिति की बैठक में शामिल हुए राज्यसभा सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह




शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और सामाजिक सशक्तिकरण से जुड़े मुद्दों पर हुई विस्तृत चर्चा

**रायगढ़, 8 जून।** अनुसूचित जातियों एवं अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक, शैक्षणिक और आर्थिक उत्थान से जुड़े विभिन्न विषयों के अध्ययन एवं समीक्षा के लिए ऊटी में आयोजित संसदीय समिति के अध्ययन दौरे में राज्यसभा सांसद श्री देवेंद्र प्रताप सिंह शामिल हुए। इस दौरान समिति की बैठक में अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदायों के कल्याण और सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न योजनाओं की प्रगति, प्रभाव और जमीनी स्तर पर उनके क्रियान्वयन की विस्तार से समीक्षा की गई।

बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, रोजगार सृजन, सामाजिक सुरक्षा तथा आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़ी योजनाओं पर व्यापक चर्चा हुई। केंद्र एवं राज्य सरकारों द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक किस प्रकार पहुंच रहा है तथा उनके प्रभावी क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों का समाधान कैसे किया जा सकता है। इस दौरान संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श कर योजनाओं की पहुंच और प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए आवश्यक सुझावों पर भी चर्चा की गई।

समावेशी विकास और सामाजिक न्याय सरकार की प्राथमिकता -सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह बैठक के दौरान सांसद देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के सामाजिक न्याय, समान अवसर और समावेशी विकास के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के वंचित, कमजोर और पिछड़े वर्गों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ते हुए उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और कौशल विकास के क्षेत्र में संचालित योजनाओं के माध्यम से अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदायों के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसके साथ ही यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और कोई भी पात्र हितग्राही इससे वंचित न रहे।बैठक में संसदीय समिति के अध्यक्ष फग्गन सिंह कुलस्ते सहित समिति के सभी सदस्य सांसद एवं संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में विभिन्न विषयों पर प्राप्त सुझावों और निष्कर्षों के आधार पर अनुसूचित जाति एवं जनजाति समुदायों के सामाजिक, शैक्षणिक एवं आर्थिक विकास को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में आगे की रणनीति पर भी विचार किया गया।

# किरोड़ीमल जिला चिकित्सालय में पहली बार सफल स्पाइन सर्जरी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 8 जून ।** रायगढ़ के स्वास्थ्य क्षेत्र में आज एक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज हुई। किरोड़ीमल शासकीय जिला चिकित्सालय में पहली बार रीढ़ की हड्डी (स्पाइन) की जटिल शल्य चिकित्सा सफलतापूर्वक संपन्न की गई। इस सफलता के साथ जिला अस्पताल ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अब गंभीर स्पाइन संबंधी समस्याओं से पीड़ित मरीजों को उपचार के लिए बड़े शहरों का रुख करने की आवश्यकता कम होगी।



कलेक्टर के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल जगत एवं सिविल सर्जन डॉ. दिनेश पटेल के नेतृत्व में जिला चिकित्सालय में स्वास्थ्य सुविधाओं का निरंतर विस्तार किया जा रहा है। आधुनिक चिकित्सा उपकरणों और विशेषज्ञ सेवाओं के समन्वय का ही परिणाम है कि जिला अस्पताल में पहली बार स्पाइन सर्जरी जैसी जटिल शल्य चिकित्सा सफलतापूर्वक की जा सकी। यह ऑपरेशन ओपी जिंदल फोर्टिस हॉस्पिटल के वरिष्ठ स्पाइन सर्जन डॉ. पाढ़ी के सहयोग से संपन्न हुआ। शल्य चिकित्सा टीम में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. दिनेश पटेल, डॉ. राजकुमार गुप्ता, निश्चेतना विशेषज्ञ डॉ. पद्मलोचन पटेल, डॉ. ऊषा किरण भगत सहित ऑपरेशन थिएटर स्टाफ लाल कुमारी महंत एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।मरीज लंबे समय से स्पाइनल कैनाल स्टेनोसिस नामक गंभीर रीढ़ संबंधी बीमारी से पीड़ित था। इस बीमारी के कारण रीढ़ की नलिका संकरी हो जाने से नसों पर दबाव पड़ रहा था, जिससे उसे पैरों में झुनझुनी, असहनीय दर्द तथा कमजोरी की शिकायत थी। स्थिति ऐसी हो गई थी कि उसकी सामान्य दिनचर्या और चलने-फिरने की क्षमता भी प्रभावित हो चुकी थी। चिकित्सकों ने अस्पताल में उपलब्ध नई सी-आर्म मशीन की सहायता से लेमिनेक्टॉमी एवं डिस्केक्टॉमी शल्य चिकित्सा सफलतापूर्वक की। ऑपरेशन के बाद मरीज की स्थिति में उल्लेखनीय सुधार देखा गया है तथा दर्द, झुनझुनी और कमजोरी में लगातार कमी आ रही है। यह सफलता केवल एक मरीज के उपचार तक सीमित नहीं है, बल्कि रायगढ़ के सरकारी स्वास्थ्य तंत्र की बढ़ती क्षमता, विशेषज्ञता और आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं का प्रतीक है। जिला अस्पताल में जटिल शल्य चिकित्साओं की सफल शुरुआत से आम नागरिकों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं अपने जिले में ही उपलब्ध होने का विश्वास मिला है।

# सुशासन तिहार में वृद्धों और दिव्यांगों को मिले सहायक उपकरण



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायगढ़, 8 जून।** मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की मंशानुरूप संचालित सुशासन तिहार 2026 के अंतर्गत जिलेभर में आयोजित समाधान शिविरों में प्रशासन द्वारा वृद्धजनों एवं दिव्यांगजनों को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। विभिन्न विकासखंडों में आयोजित शिविरों के माध्यम से पात्र हितग्राहियों को वॉकर, वॉकिंग स्टिक तथा श्रवण यंत्र प्रदान कर उनकी दैनिक जीवन की कठिनाइयों को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। विकासखंड धरमजयगढ़ के बाकारूमा में 2 जून को आयोजित शिविर में जनपद पंचायत अध्यक्षा एवं उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा बालकपोड़ी बाकारूमा निवासी शिवप्रसाद, सिसरिंगा निवासी बंकट सिंह राठिया तथा चरखापारा बाकारूमा निवासी गुलाब को वृद्धजन छड़ी प्रदान की गई।

इसी प्रकार 3 जून को लैलूंगा विकासखंड के ढोरोंबीजा में आयोजित शिविर में वरिष्ठ नागरिक देवसिंह सिदार एवं पेतराम सिदार को वॉकिंग स्टिक प्रदान की गई। वहीं बैस्कीमुड़ा निवासी दिव्यांग हितग्राही सेवन कुमार चौहान को भी चलने-फिरने में सुविधा हेतु वॉकिंग स्टिक उपलब्ध कराई गई। 4 जून को खरसिया विकासखंड के छोटे मुड़पार में आयोजित शिविर में भैनापारा निवासी तुषार रौतिया को डिजिटल श्रवण यंत्र प्रदान किया गया। वहीं कुशवाराम सिदार, अघोरी दास महंत, भोकलो पटेल एवं नान्हूराम पटेल को समायोज्य वॉकिंग स्टिक वितरित की गई। 5 जून को धरमजयगढ़ विकासखंड के छाल में आयोजित सुशासन तिहार शिविर में सांसद राधेश्याम राठिया, जिला पंचायत सदस्या रजनी राठिया एवं अन्य जनप्रतिनिधियों के करकमलों से छाल निवासी श्रीमती मनकुंवर महंत, श्रीमती गुरबारी राठिया तथा नवापारा छाल निवासी श्रीमती गंगाबाई पटेल को वॉकिंग स्टिक प्रदान की गई।

# धान,बारदाना गबन मामले में सहकारी समिति प्रभारी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 8 जून।** सेवा सहकारी समिति रौंदा में 15 लाख रुपए से अधिक के धान एवं बारदाना गबन प्रकरण में सहकारी समिति प्रभारी को धमधा थाने पुलिस ने गिरफ्तार किया है शासकीय कार्य में धोखाधड़ी कर शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाने के संबंध में अपराध दर्ज कर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया धमधा टीआई महेश ध्रुव ने बताया कि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग की घोंठा शाखा के शाखा प्रबंधक भूपेन्द्र

सिंह मढ़रिया ने थाना धमधा में



शिकायत दर्ज कराई गई थी। शिकायत में बताया गया कि 29 मई 2026 को खाद्य विभाग, सहकारिता विभाग एवं जिला सहकारी बैंक के अधिकारियों की संयुक्त टीम ने सेवा सहकारी समिति मर्यादित रौंदा एवं उसके उपार्जन केंद्र का आकस्मिक निरीक्षण और भौतिक सत्यापन किया था। जांच समिति में शाखा प्रबंधक भूपेन्द्र सिंह मढ़रिया, सहायक खाद्य अधिकारी शशि सिंह, खाद्य निरीक्षक सुधा महिलांग तथा सहकारिता निरीक्षक प्रजय सोनी शामिल थे। जांच में पाया गया कि खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में समिति द्वारा कुल 73,952.80 क्विंटल धान का उपार्जन किया गया था। अभिलेखों के अनुसार धान की उपलब्ध मात्रा एवं वास्तविक भौतिक सत्यापन में भारी अंतर पाया गया। मौके पर किए गए सत्यापन में कुल 560.28 क्विंटल धान तथा 2103 नग नया बारदाना कम पाया, जिसकी कुल कीमत लगभग 15,08,161 रुपये आंकी गई जांच प्रतिवेदन के आधार पर थाना धमधा में धारा 316 (5), 318 (1) के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया विवेचना के दौरान उपलब्ध दस्तावेजी साक्ष्यों के आधार पर समिति प्रभारी जगदीश कुमार नवरंगे (60 साल ) निवासी पेंड्रावन, थाना धमधा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ की पर्याप्त साक्ष्य पाए जाने पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार किया है।

## एक नजर

### 9 जून की कैबिनेट बैठक में डीए-डीआर,कैशलेस चिकित्सा सुविधा पर निर्णय की मांग

**रायपुर, 8 जून।** भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ छत्तीसगढ़ के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव ने 9 जून को होने वाली कैबिनेट बैठक में राज्य कर्मचारियों, पेंशनरों एवं परिवार पेंशनरों के लिए जनवरी 2026 से लंबित 2त्न डीए-डीआर स्वीकृत करने तथा एरियर्स भुगतान का निर्णय लेने की मांग की है। उन्होंने कहा कि डीए-डीआर में देरी से लाखों कर्मचारी एवं पेंशनर प्रभावित हो रहे हैं। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों की सुविधा के लिए सभी पेंशनरों एवं परिवार पेंशनरों हेतु कैशलेस चिकित्सा सुविधा लागू करने का भी आग्रह किया है। महासंघ के प्रांताध्यक्ष वीरेन्द्र नामदेव एवं अन्य पदाधिकारी क्रमशः जे पी मिश्रा, अनिल गोल्हानी, प्रवीण कुमार त्रिवेदी, आलोक त्रिवेदी, एन आर साहू, लोचन पांडेय, उर्मिला शुक्ला टी पी सिंह, शैलेन्द्र सिन्हा, आर जी बोहरे, ओ डी शर्मा आदि ने उम्मीद जताई है कि कैबिनेट कर्मचारी एवं पेंशनर हित में सकारात्मक निर्णय लेगी।

### साले ने अपने जीजा के घर को लगाई आग, गिरफ्तार



**राजनांदगांव 8 जून(तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थी दिनांक 06.06.2026 को चौकी आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रार्थी अपने मोहल्ले मे बैठकर घरेलू बातचीत कर रहा था उसी समय प्रार्थी के रिस्ते मे साला रिस्ता नेताम शराब के नशे मे आकर मां बहन की अश्लील गाली गुप्तार करने लगा मना करने पर और अधिक उत्तेजित होकर हाथ मुक्का से मारपीट कर गाल मे नुकीली वस्तु से वार कर चोट पहुचाया जिसकी रिपोर्ट लिखाने चौकी चिखली आने पर उसी दौरान प्रार्थी के साला रिस्ता नेताम घर मे आग लगा दिया कि रिपोर्ट पर धारा 296,115(2),326(जी) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामला गंभीर प्रकृति का होने से मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दिया गया जिस पर श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदया सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती वैशाली जैन के पर्यवेक्षण में चौकी चिखली पुलिस द्वारा टीम तैयार कर आरोपी रिस्ता नेताम को ग्राम बोरी से अभिरक्षा मे लेकर पुछताछ करने पर अपराध सदर धारा का अपराध घटित करना स्वीकार करने पर आरोपी रिस्ता गोड़ पिता स्व. तुलसीराम गोड़ उम्र 27 साल साकिन ग्राम बोरी चौकी चिखली जिला राजनांदगांव छ.ग. के विरूद्ध विधिवत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश कर आदेशानुसार जेल दाखिल किया गया।

### सरकारी नौकरी का झांसा देकर ठगी करने वालों से रहें सावधान!

**बलौदाबाजार 8 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** आजकल कुछ जालसाज/ठग सक्रिय हैं, जो बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी (जैसे- पुलिस, रेलवे, राजस्व विभाग आदि) लगाने का झूठा झांसा देकर मोटी रकम (पैसे) की मांग करते हैं। ?कृपया इन बातों का विशेष ध्यान रखें: सरकारी विभागों में भर्तियां केवल आधिकारिक और निर्धारित चयन प्रक्रिया (परीक्षा/साक्षात्कार) के माध्यम से ही होती हैं। किसी भी व्यक्ति के बहकावे में आकर नौकरी के नाम पर पैसों का लेन-देन न करें।

### निधन

**श्री हरीसारण सोनी**



**सिमगा 8 जून।** श्री हरी सारण सोनी जी का आज सुबह निधन हो गया वे गणेश सोनी संजय सोनी के पिता थे आज दोपहर 1:00 बजे अंतिम संस्कार किया जावेगा।

# सुहेला ब्लॉक कांग्रेस बैठक में युवा कांग्रेस प्रत्याशियों ने समर्थन मांगा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा 8 जून।** जिला कांग्रेसाध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे के निर्देश पर ग्राम कुथरौद के पावन धरा मे सुहेला ब्लॉक कांग्रेस के प्रभारी अजीत बाजपेयी के उपस्थिति में कांग्रेस के मासिक बैठक मे ब्लॉक् कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भानु प्रताप वर्मा का जन्मदिन मनाया गया पार्टी के रीति नीति के बारे मे चर्चा,ब्लॉक कांग्रेस कार्यकारिणी गठन, युवा कांग्रेस के चुनाव प्रदेश मे लोकतान्त्रिक पद्धति से हो रही है जिसमे युवाओं द्वारा अपनी उम्मीदवारी किया जा रहा है उनके द्वारा अपने पक्ष मे समर्थन मांगा गया। पाठ्य पुस्तक निगम के पूर्व अध्यक्ष एवं बलौदाबाजार विधानसभा के प्रत्याशी रहे शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा भाजपा की डबल इंजन सरकार के बाद भी किसानों को खाद,बीज, डीजल के लिए भटकना पड़ रहा है किसानों के साथ साथ आम आदमी मंहगाई बेरोजगारी से त्रस्त है सड़को का निर्माण नहीं हो रहा है केवल सोशल मिडिया मे प्रचार बस हो रहा है आज सरकार बने लगभग 3 साल बीतने वाली फिर सड़कों की दुर्दशा बनी हुई है,वही प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री सीमा वर्मा ने अपने उदबोधन मे कहा की संगठन सृजन का पर्व पार्टी मे चल रहा है कांग्रेस पार्टी के सभी कार्यकर्त्ताओं को हर बैठक मे अधिक से अधिक संख्या मे उपस्थित होने की अपील करते हुए कहा की देश मे पेपर लिक होना करोड़ो छात्र छात्राओं के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा है जिसके लिए कांग्रेस पार्टी लगातार आवाज उठा रही है साथ ही क्षेत्र की समस्याओं के लिए हम सब एकजुट होकर आम जनता की हितों के लिए अग्रसर होकर लड़ाई लड़ेंगे जनता की हित ही हम कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रथम उद्देश्य है,इसी क्रम मे डॉ फारुकी, जिला कांग्रेस महामंत्री उमा अनंत, संतोष चंद्राकर संदीप पाण्डेय सुरेंद्र ठाकुर,सुहेला मण्डल अध्यक्ष गजेंद्र वर्मा ने भी सम्बोधित किया कार्यक्रम मे मंच संचालन पूर्व जिला पंचायत सदस्य बसंत आडिल ने किया तथा आभार व्यक्त ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री जितेन्द्र वर्मा ने किया मासिक बैठक में विशेष उपस्थिति अजितेश शर्मा शहर कांग्रेस अध्यक्ष तिल्दा रहे,भाटापारा नगर पालिका नेता प्रतिपक्ष अजय ठाकुर,युवक कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष मोहन निषाद, मिडिया प्रभारी प्रदीप निर्मलकर,रामसुधार जांगड़े हिरमी मण्डल अध्यक्ष, पारख निर्मलकर, युवा अध्यक्ष पीकेश जायसवाल, युवक कांग्रेस उपाध्यक्ष दुर्गेश साहू, महिला कांग्रेस नेतागण नीता जायसवाल,गंगाबाई, राम प्यारीगायकवाड़, रूखमणि राय, शेखर यादव,कृष सोनवानी,राजा यदु, जगदीश यादव, पदुम पटेल,जगदीश,अभिनेश चेलक,प्रशांत जांगड़े,साहिल बंजारे, ईशु अनंत, ईशु,महेंद्र अनंत,अरमान अनंत,गुलेश कुमार, धीवर,विवेक कुर्रे,सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्तागण की उपस्थित रहे ।

# देशभक्ति से बड़ा कोई काम नहीं, देश के लिए जीना सीखें युवा: सांसद बृजमोहन अग्रवाल

## अग्निवीर, पुलिस और सहायक विस्तार अधिकारी पद पर चयनित युवाओं का किया गया सम्मान

- ■ सांसद ने संस्थान को खेल एवं प्रशिक्षण सामग्री हेतु ?5 लाख देने की घोषणा की
- ■ 15 अगस्त 2020 से संचालित संस्थान से अब तक 91 युवाओं का हो चुका है विभिन्न सरकारी सेवाओं में चयन



**रायपुर 8 जून।** देशभक्ति से बड़ा कोई काम नहीं होता और देशभक्ति से बड़ा कोई जीवन नहीं होता। जो देश के लिए जीना सीख जाए, उसे देश के लिए मरने की जरूरत नहीं पड़ती, क्योंकि वह जीवित रहकर भी देश को जीवंत रखता है। आज यदि हम अपने घरों में शांति से जीवन जी रहे हैं, तो इसका पूरा श्रेय सीमा पर माइनस तापमान में भी डटे हमारे देश के जवानों को जाता है। यह प्रेरक विचार वरिष्ठ भाजपा नेता और रायपुर सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने व्यक्त किए। श्री अग्रवाल रविवार को 'जय श्री राम निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण एवं सेवा संस्थान' द्वारा आयोजित एक गरिमामय सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने संस्थान के उन होनहार प्रशिक्षुओं को सम्मानित किया, जिनका चयन हाल ही में देश और राज्य की विभिन्न प्रतिष्ठित सेवाओं में हुआ है।

चयनित होनहार युवाओं का हुआ सम्मान समारोह में सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने विभिन्न सेवाओं में चयनित निम्नलिखित युवाओं को स्मृति चिन्ह और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उनके उज्वल भविष्य की कामना की। सम्मान पाने वालों में

1. श्री साहिल ध्रुव (चयनित - अग्निवीर) 2. श्री हरीश यदु (चयनित - अग्निवीर) 3. श्री पवन जायसवाल (चयनित - अग्निवीर) 4. श्री पोखराज वर्मा (चयनित - सहायक विस्तार अधिकारी) 5. श्री कुलदीप इसदा (चयनित - छत्तीसगढ़ पुलिस)

हर घर में देशभक्त और बलिष्ठ युवा तैयार करना लक्ष्य

समारोह को संबोधित करते हुए सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने 'अग्निवीर योजना' और युवाओं के शारीरिक विकास पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि ,अग्निवीर और सैन्य प्रशिक्षण का मतलब सिर्फनौकरी पाना नहीं है, बल्कि इसका मुख्य उद्देश्य घर-घर में देशभक्त तैयार करना है। हमारे युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से बलिष्ठ होना पड़ेगा। यदि हमारे युवा सक्षम होंगे, तभी वे समाज में अन्याय, अत्याचार और दुराचार करने वालों को सबक सिखा सकेंगे।

उन्होंने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ के युवाओं में प्रतिभा की कमी नहीं है, लेकिन सही मार्गदर्शन और शारीरिक सौष्ठव (हाइट और सीना चौड़ा करने) के लिए सही ट्रेनिंग की आवश्यकता है। चावल प्रधान डाइट के कारण आने वाली शारीरिक कमियों को सुधारने के लिए इस प्रकार के प्रशिक्षण संस्थान बेहद जरूरी हैं, जहां 15 साल के बच्चे भी ट्रेनिंग लेकर मजबूत बन रहे हैं।

**सांसद निधि से ?5 लाख की बड़ी घोषणा:** जय श्री राम सैन्य प्रशिक्षण संस्थान द्वारा युवाओं को दिए जा रहे निःशुल्क और उत्कृष्ट प्रशिक्षण की सराहना करते हुए सांसद श्री बृजमोहन अग्रवाल ने संस्थान की मांग पर एक बड़ी घोषणा की। उन्होंने प्रशिक्षुओं के लिए आवश्यक प्रशिक्षण एवं खेल सामग्री उपलब्ध कराने हेतु ?5,00,000 (पाँच लाख रुपये) की राशि देने का ऐलान किया, ताकि भविष्य में और बेहतर तरीके से युवाओं को तैयार किया जा सके।

**2020 से शुरू हुए सफर में 91 युवाओं को मिली सफलता:** संस्थान के अध्यक्ष श्री पन्ना लाल सिन्हा ने बताया कि इस निःशुल्क सैन्य प्रशिक्षण संस्थान की शुरुआत 15 अगस्त 2020 को हुई थी। बेहद कम समय में संस्थान ने अपनी एक अलग पहचान बनाई है और यहाँ से कड़े प्रशिक्षण के बाद अब तक कुल 91 युवाओं का चयन देश की सेना, पुलिस और अन्य सरकारी सेवाओं में हो चुका है। कार्यक्रम की अध्यक्षता पुराने साथी डॉ. उदय भान सिंह चौहान ने की। इस अवसर पर पूर्व सैनिक संगठन के संयोजक श्री सोनी जी, संस्थान के अध्यक्ष श्री पन्ना लाल सिन्हा, कार्यकारी सदस्य व समाजसेवी श्री मेवा लाल सिन्हा, श्री गौतम ओझा, जोन अध्यक्ष श्री बद्री गुप्ता, जोन अध्यक्ष श्री अम्बर अग्रवाल, श्री राजेंद्र अग्रवाल, श्री सुभाष जी, श्री त्रिवेदी जी सहित बड़ी संख्या में पूर्व सैनिक, संस्थान के प्रशिक्षु, उनके परिवारजन और स्थानीय नागरिक उपस्थित थे।

# श्री रामलला के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ में बनी रहे सुख-समृद्धि एवं खुशहाली : डॉ. रमन सिंह

- ■ अयोध्या धाम एवं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना से लौटे श्रद्धालुओं का सम्मान, रामायण मंडलियों को 3 हजार रुपये देने की घोषणा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव, 8 जून।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि श्री रामलला के आशीर्वाद से छत्तीसगढ़ में सुख-समृद्धि, शांति और खुशहाली बनी रहे। वे पद्मश्री गोविंदराम निर्मलकर ऑडिटोरियम में आयोजित श्री रामलला दर्शन (अयोध्या धाम) योजना एवं मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के यात्रियों के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।

अयोध्या धाम और काशी विश्वनाथ की यात्रा से लौटे श्रद्धालुओं का रामचरितमानस, शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। इस अवसर पर जय श्रीराम के जयकारों और भक्ति गीतों से पूरा परिसर भक्तिमय हो उठा।

डॉ. रमन सिंह ने कहा कि अयोध्या धाम करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है तथा भगवान श्रीराम का विशेष आशीर्वाद छत्तीसगढ़ पर बना हुआ है। उन्होंने सभी रामायण मंडली समितियों को स्वेच्छानुदान मद से 3 हजार रुपये देने तथा सभी तीर्थयात्रियों को श्री रामलला की फोटो फ्रेम भेंट करने की घोषणा की। कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने बताया कि श्री रामलला दर्शन योजना के अंतर्गत राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से अब तक 5,950 श्रद्धालुओं को अयोध्या धाम की यात्रा कराई जा चुकी है। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के ठहरने, भोजन, स्वास्थ्य और आवागमन की समुचित व्यवस्था जिला प्रशासन द्वारा की गई। कार्यक्रम में तीर्थयात्रियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए यात्रा के दौरान मिली सुविधाओं और व्यवस्थाओं की सराहना की। समारोह में जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

### गुडेलिया में समाधान शिविर आज,22 ग्राम पंचायत के लोग होंगे शामिल

**बलौदाबाजार 8 जून (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सुशासन तिहार 2026 अंतर्गत सोमवार 8 जून को विकासखंड भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत गुडेलिया में समाधान शिविर आयोजित की जाएगी जिसमें 22 ग्राम पंचायत के लोग शामिल होंगे।शिविर प्रातः 10 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक आयोजित होगा। गुडेलिया शिविर में ग्राम पंचायत बिटकुली, करहीबाजार, पथरिया, पासीद, रामपुर, लालपुर, ओटेबंद, केसला, मेकरी, लच्छनपुर, कोसमंदा, मोपका, धनेली, मोपकी, पाटन, खैरी (क), खपरी (आर), खैरा, चिचपोल, गुडेलिया, बोरसी (ध), राजपुर शामिल होंगे।।कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने विभागीय अधिकारियों को शिविर की बेहतर तैयारी करने और विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। इस दौरान विभागीय स्टॉल भी लगाए जाएंगे।

### पृथ्वीराज चौहान चौक में गुरु खुशवंत साहेब का जोरदार स्वागत किया गया



**सिमगा 8 जून।** छत्तीसगढ़ शासन के युवा एवं ऊर्जावान मंत्री आदरणीय गुरु खुशवंत साहेब जी का मनोज टोंडे सामाजिक कार्यकर्ता एवं हेम सिंह चौहान प्रदेश संहयोजक राइस मिल प्रकोष्ठ प्रसंस्करण के नेतृत्व में समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं एवं सतनामी समाज के सम्माननीय बंधुओं द्वारा आत्मीयता, उत्साह एवं अपार स्नेह के साथ फ्टाखे फोड़कर पुष्पगुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम में लखन लाल अग्रवाल नारायण पाल चोवासाहु कैलाश साहू श्रीमतीजीत त्रिलोक कुर्रे जनपद सदस्य डेरहा दुर्गेश टंडन मंगलदास सुदर्शन बंधन टंडन मनीष निषादसुरेश साहू राजा मोमेश डहरे लीलावती चौहान किरवई सरपंच प्रतिनिधि संजय शर्मा समारू जांगड़े सुरेंद्र आडील अवध यादव दुर्गेश निषाद संजय डॉक्टर बंजारे रामचंद्र गुरु के चरण हमारे ग्राम लिमतरा में पडने से यहां धरती धन्य हो गई उनका आशीर्वाद हम सबको प्राप्त हुआ हम सब धन्य हो गए इस अवसर पर क्षेत्रवासियों में विशेष उत्साह देखने को मिला तथा सभी ने गुरु मंत्री जी के प्रति अपना सम्मान एवं शुभकामनाएं व्यक्त किया चौहान जी ने आभार व्यक्त करते हुए उनको बहुत-बहुत धन्यवाद और साधुवाद दिया और अगले 2026दिसंबर में लिमतरा धाम बाबा गुरु घासीदास जयंती में आने का निमंत्रण भी समाज द्वारा दी गई ।

### अंचल की गौरव चारु पाण्डेय की ऐतिहासिक उपलब्धि पर ब्राह्मण समाज बलौदाबाजार परिक्षेत्र ने दी शुभकामनाएं



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 8 जून।** छत्तीसगढ़ के अंचल तिल्दा-नेवरा क्षेत्र की प्रतिभाशाली बेटी चारु पांडेय द्वारा मात्र 23 वर्ष की आयु में 19 विभिन्न सरकारी प्रतियोगी परीक्षायें सफलतापूर्वक उत्तीर्ण करने तथा राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किए जाने को चयनित होकर गौरवपूर्ण उपलब्धि पर ब्राह्मण समाज बलौदाबाजार परिक्षेत्र के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। चारू पाण्डेय, प्रवीण कुमार पाण्डेय व सुधा पाण्डेय की इकलौती सुपुत्री है। महामहिम राष्ट्रपति महोदय से सम्मानित जितेन्द्र कुमार शर्मा ने भी चारू पाण्डेय एवं उनके परिवार को बधाई दी, इतनी कम आयु में अनेक प्रतिष्ठित परीक्षाओं में सफलता प्राप्त कर उन्होंने तिल्दा-नेवरा का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। समाजिक जनों ने कहा कि चारु पांडेय जैसी प्रतिभाएं युवाओं के लिए यह संदेश देती हैं कि दृढ़ संकल्प, निरंतर परिश्रम और सकारात्मक सोच के माध्यम से कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं है। सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे आने वाले समय में भी नई ऊंचाइयों को प्राप्त कर प्रदेश एवं समाज का नाम रोशन करती रहेंगी। ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार दुबे, संरक्षक जितेन्द कुमार शर्मा, प्रीतेश शर्मा, नवकेतन मिश्रा, नीरज शर्मा, मुकेश दीक्षित, महिला मण्डल अध्यक्ष अचला शर्मा, श्रद्धा-नेहा शर्मा, मंजू तिवारी, रुक्मणी दुबे, रुक्मणी तिवारी, बसंती दीक्षित और अन्य गणमान्य सदस्यों ने चारु पांडेय एवं उनके परिवार को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर पुनः बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

### अवैध शराब बेचने वालों पर बसंतपुर राजनांदगांव पुलिस क़ी बड़ी कार्रवाई

**राजनांदगांव 8 जून।** पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वैशाली जैन (भा.पु.से.) के मार्गदर्शन में जिले में अवैध गतिविधियों, विशेषकर अवैध शराब बिक्री, मादक पदार्थों की तस्करी एवं अन्य असामाजिक गतिविधियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में दिनांक 05 जून 2026 को प्राप्त मुखबिर सूचना पर जोगीनगर मैदान के पास दबिश देकर आरोपी प्रीतम विश्वकर्मा एवं अभिषेक मेश्राम को अवैध रूप से शराब परिवहन एवं बिक्री करते हुए पकड़ा गया। आरोपियों के कब्जे से 86 पौवा देशी प्लेन शराब एवं घटना में प्रयुक्त एक्टिवा क्रमांक ष्टत्र-08-ड्ड-2583 जप्त की गई। पुनः दिनांक 07 जून 2026 को प्राप्त मुखबिर सूचना पर जोगीनगर मैदान एवं मोहारा बायपास के पास दबिश देकर दो पृथक प्रकरणों में कार्यवाही की गई। प्रथम प्रकरण में आरोपी देवेन्द्र यादव के कब्जे से 18 पौवा देशी शराब तथा द्वितीय प्रकरण में आरोपी महेश गोड एवं योगेश सिंह राजपूत के कब्जे से 40 पौवा देशी प्लेन शराब जप्त की गई। तीनों प्रकरणों में कुल 144 पौवा देशी प्लेन शराब एवं घटना में प्रयुक्त वाहन सहित कुल 51,760 रूपये मूल्य की मशरूका जप्त की गई। आरोपियों के विरुद्ध थाना बसंतपुर में अपराध क्रमांक 265/2026 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम, अपराध क्रमांक 268/2026 धारा 34(1) आबकारी अधिनियम एवं अपराध क्रमांक 270/2026 धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी बसंतपुर निरीक्षक एमन साहू, उप निरीक्षक नरेश सार्वा, सहायक उप निरीक्षक डेमिन साहू, सहायक उप निरीक्षक मनमोहन साहू, आरक्षक राजेश्वर बंदेश्वर, आरक्षक कुश बघेल एवं आरक्षक रूपेन्द्र वर्मा की महत्वपूर्ण एवं सराहनीय भूमिका रही।

### शिविर लगा बंदोबस्त त्रुटि सुधारने का समय सीमा मामला 9 वर्षों से लंबित , सुशासन तिहार में ज्ञापन सौंपा गया

**रायपुर 8 जून।** समय सीमा ( टी एल ) मामलों को निपटारे की एक निश्चित समयावधि होती है और ऐसे मामलों की समीक्षा इस हेतु निर्धारित बैठकों में समय-समय पर हर जिले का जिलाधीश करता है पर मंदिर हसौद तहसील के ग्राम टेकारी में हुये व्यापक बंदोबस्त त्रुटि को सुधरवाने ग्राम में शिविर लगवा सुधरवाने के आवेदन पर दर्ज टी एल प्रकरण आज भी कहीं फाईलों में दबा पड़ा है । बीते 18 मई को मंदिर हसौद तहसील के ग्राम सिवनी में आयोजित सुशासन तिहार में पंचायत द्वारा आवेदन देने पर नौकरशाही का यह रव्वैया सामने आया है । ज्ञातव्य हो कि ग्राम टेकारी में बंदोबस्त के दौरान हुये व्यापक त्रुटियों की ओर ग्राम के लगभग 70 प्रतिशत किसानों के हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन पंचायत ने सन् 2017 के 11 दिसंबर को तात्कालिक संभागायुक्त व जिलाधीश को सौंप ग्राम में शिविर लगवा त्रुटियों के सुधार करवाने का आग्रह किया था । ज्ञापन में जानकारी दी गयी थी कि कई भूमिस्वामियों के भूमि दूसरे भूमिस्वामियों के नाम कर दी गयी है तो किसी के रकबे को बढ़ा दिया गया है तो किसी के रकबे को कम कर दिया गया है । इतना ही नहीं वरन् जहां ग्रामीण सिंचाई नालियां भी न केवल गायब कर दी गयी है वहीं कई शासकीय भूमियों को भी भूमिस्वामी हक में दर्ज कर दिया गया है । बंदोबस्त के पूर्व ग्राम के निस्तार के लिये निस्तार पत्रक में सुरक्षित कई भूमियां भी गायब है । इसके परिप्रेक्ष्य में बंदोबस्त के पूर्व के सभी संबंधित व वर्तमान अभिलेखों को ले ग्राम में व्याप्त लगवा किसानों के सामने त्रुटियां सुधरवाने का आग्रह किया गया था । मामले की गंभीरता व संवेदनशीलता को देखते हुये तात्कालीन जिलाधीश ने इसे टी एल प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही हेतु आरंग के अनुविभागीय अधिकारी को भेजा था जिन्होंने सन् 2018 के 10 जनवरी को मंदिर हसौद के नायब तहसीलदार को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया था ।

# जब तक भव्य आत्माएं धर्म एवं संघ के रास्ते पर नहीं चलती तब तक हम दुख-कष्ट से मुक्ति नहीं पा सकेंगे

- ■ बिहार सेवा ग्रुप के अधिवेशन में नूतन आचार्य सम्यक रतन जी ने कहा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 8 जून।** जैन बगीचे के नए हाल में आज महाकौशल बिहार सेवा ग्रुप का अधिवेशन संपन्न हुआ। अधिवेशन को संबोधित करते हुए नूतन आचार्य सम्यक रतन जी ने कहा कि जब तक भव्य आत्माएं धर्म एवं संघ के रास्ते में नहीं चलती तब तक हम दुख कष्ट से मुक्ति नहीं पा सकेंगे। उन्होंने कहा कि हमें भगवान महावीर के परिवार के सदस्य बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है जिसका लाभ हमें उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जैनों को दया,धर्म की संपत्ति जन्म से ही मिली है, हमें इस मार्ग पर चलना चाहिए और धर्म को मजबूत बनाने के लिए हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए।

जैन आचार्य ने कहा कि विहार सेवा ग्रुप कल्पवृक्ष के समान है। जिस तरह कल्पवृक्ष के सामने में जो मांगो वह मिल जाता है, इस तरह विहार सेवा ग्रुप के सदस्यों से हमें भी अपने आवश्यकता की वस्तु मिल जाती है। विहार सेवा वाले जो रास्ता दिखाते हैं वही उन्हें मोक्ष मार्ग की ओर ले जाती है। उन्होंने कहा कि आप आत्म साधना का पुरुषार्थ करते हैं। वि हार ग्रुप के जिन सदस्यों को वि हार करना होता है उन्हें रात्रि 11:00 बजे के बाद अपने शरीर को पूर्णतः विश्राम देना चाहिए। हमारा लक्ष्य धर्म करना, धर्म करवाना और धर्म करने वालों की अनुमोदना करना होना चाहिए।

जैन आचार्य श्री सम्यक रत्न जी सागर के सम्मुख विहार ग्रुप को राजनांदगांव निवासी पारस झाबक ने पारडी नागपुर स्थित अपने मकान को और उसके रिनोवेशन के लिए भी रुपए देने की घोषणा की। अधिवेशन को रायपुर से आये राजेश बुरड के अलावा दुर्ग रायपुर एवं अन्य स्थानों से आए विहार सेवा ग्रुप के सदस्यों ने भी संबोधित किया। राजनांदगांव विहार सेवा ग्रुप के मोहिल कोटड़िया ने भी अपने विचार व्यक्त किए एवं जैनम बैद ने कहा कि प्रत्येक घर से एक-एक सदस्य यदि संघ से जुड़ जाए तो संघ और मजबूत हो जाएगा। गुजरात से आए मोक्षेश मोदी ने कहा कि बिहार पर निकले संतो के साथ एक्सीडेंट व अन्य घटना रोकने के लिए वह प्रयासरत है और इसके लिए वे और उनके साथियों ने एक डिवाइस भी तैयार किया गया जिसका संबंध सीधे कंट्रोल रूम से है। संत महात्मा यदि रास्ता भटक जाते हैं तो इस डिवाइस के जरिए उन्हें रास्ता बताया जा सकता है साथ ही उनकी सुरक्षा भी निर्धारित की जा सकती है। नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन ने भी अधिवेशन को संबोधित किया और कहा कि संतों की सुरक्षा के लिए पुलिस भी प्रतिबद्ध है। अधिवेशन के दौरान विभिन्न स्थानों से आए वि हार सेवा ग्रुप के सदस्यों को सम्मानित किया गया। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

एक नजर

## नाली सफाई करने आई जेसीबी मशीन से वार्ड की सड़क क्षतिग्रस्त

**रायपुर 8 जून।** नाली सफाई के लिए आई जेसीबी मशीन से रानी दुर्गावती वार्ड की सड़क क्षतिग्रस्त हो गई है। इससे विशाल नगर के लोगों को आने-जाने में दिक्कत हो रही है। सड़क का निर्माण इतना घटिया किया गया है कि वह जेसीबी के वजन को सह नहीं पाई। दुर्भाग्यजनक तथ्य तो यह है कि क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत नहीं की गई है। इससे होगा यह कि सड़क का जख्म बढ़ता जाएगा। यही स्थिति राजधानी की कई सड़कों की है। सड़कों में गड्ढे भरे नहीं जाते है। नल कनेक्शन के लिए गड्ढे खोदकर इसे सही ढंग से समतल नहीं किया जाता है। काम चलाऊ मरम्मत के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। समय पर मरम्मत नही किए जाने की वजह से गड्ढा का दायरा बढ़ जाता है बारिश के पूर्व गड्ढों को भरा जाना जरूरी है। पानी भने से गड्ढे नजर नहीं आते है।

## 13 वर्षीय सुमाना कुंडू के अंग दान से दो को मिला नया जीवन

**रायपुर 8 जून।** साहस और मानवता की एक अनूठी मिसाल पेश करते हुए, रायपुर की 13 वर्षीय सुमाना कुंडू के परिवार ने गंभीर न्यूरोलॉजिकल (तंत्रिका संबंधी) जटिलताओं के बाद उन्हें ब्रेन डेड (मस्तिष्क मृत) घोषित किए जाने पर अंगदान की सहमति दी। उनके इस निस्वार्थ निर्णय ने अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), रायपुर में दो जीवन रक्षक किडनी ट्रांसप्लांट (गुर्दा प्रत्यारोपण) को सफल बनाया, जिससे एंड-स्टेज किडनी रोग से पीड़ित मरीजों को नया जीवन और नई उम्मीद मिली है। यह बच्ची पिकनोडाईसोस्टोसिस से पीड़ित थी, जो एक बेहद दुर्लभ अनुवांशिक विकार (जेनेटिक डिसऑर्डर) है। इस बीमारी में हड्डियां असामान्य रूप से घनी लेकिन बेहद कमजोर हो जाती हैं। बचपन से ही वह गंभीर इंट्राक्रैनियल हाइपरटेंशन (मस्तिष्क के भीतर अत्यधिक दबाव) से जूझ रही थी, जिसके लिए उनके मस्तिष्क में वेंट्रिकुलोपेरिटोनियल (वीपी) शंट डाला गया था। बीते वर्षों में, शंट के बार-बार खराब होने के कारण उनकी कई सर्जिकल रीविज़न (दुरुस्तीकरण) की गईं, और अंततः सेकेंडरी ऑप्टिक एट्रोफी के कारण उनकी आंखों की रोशनी हमेशा के लिए चली गई। वह एम्स रायपुर में न्यूरोलॉजी और न्यूरोसर्जरी टीमों के सहयोग से बाल रोग विभाग (पीडियाट्रिक्स) की विशेष देखरेख में थीं।

## बेहतर विद्युत आपूर्ति के लिये बढ़ाई गई उपकेंद्र की क्षमता

**रायपुर 8 जून।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (सीएसपीटीसीएल) ने राजधानी सहित दुर्ग की विद्युत पारेषण व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की। 220/132 केवी उपकेंद्र, भिलाई में 160 एमवीए क्षमता के पावर ट्रांसफॉर्मर की स्थापना की गई। इसे छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी के प्रबंध निदेशक श्री राजेश कुमार शुक्ला ने बटन दबाकर ऊर्जीकृत कर दिया। प्रबंध निदेशक श्री शुक्ला ने परियोजना से जुड़े सभी अधिकारियों, अभियंताओं एवं कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि सीएसपीटीसीएल राज्य की विद्युत पारेषण प्रणाली को आधुनिक, सुदृढ़ एवं विश्वसनीय बनाने के लिए निरंतर कार्यरत है तथा उपभोक्ताओं को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मुख्य अभियंता (सब-स्टेशन) श्री अब्राहम वर्गीज, मुख्य अभियंता (सिविल) श्री संजय तिवारी, अतिरिक्त मुख्य अभियंता श्री आर. के. तिवारी सहित सीएसपीटीसीएल एवं सीएसपीडीसीएल के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### निधन

#### सुशील पगारिया



सिमगा। स्व. मांगीलाल पगारिया के द्वितीय सुपुत्र सुशील पगारिया का आकस्मिक निधन आज हो गया है। अंतिम यात्रा निवास स्थान 28, विवेकानंद नगर से अपरान्ह 4 बजे मारवाड़ी शमशान घाट जायेगी । वे उगमदेवी पगारिया के पुत्र ,सिद्धराज पगारिया, गजराज पगारिया के भाई, प्रियेश पगारिया के चाचा व श्रेयांश पगारिया, श्रेया के पिता थे।

#### गोविंद सोनी बालू



**तिल्दा नेवरा।** प्रतिष्ठित नागरिक बनवारी लाल सोनी के पांचवे पुत्र गोविंद सोनी बालू 34 वर्ष का निधन हो गया हैं। वे गोपाल सोनी, मनीष मुनिया, शंकर, गगन के छोटे भाई और शालू, मयंक के बड़े भाई थे।

# कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव को लेकर वार-पलटवार

» कांग्रेस की परंपरा और संस्कार में ही गुटबाजीः जायसवाल

» सामूहिक नेतृत्व में हम करते हैं विश्वासः महंत

**रायपुर 8 जून।** प्रदेश कांग्रेस के नए अध्यक्ष के लिए कवायद शुरू हो गई है. इस पद के लिए कई दावेदार हैं। कुछ तो सामने आकर अपनी दावेदारी पेश भी कर रहे है। कुछ पर्दे के पीछे गुप-चुप तरीके से अपने काम में जुटे हैं. प्रदेश के मुख्य विपक्षी दल के इस अहम पद को लेकर जहां भाजपा नेता और मंत्री तंज कस रहे हैं, तो कांग्रेस नेता भी उसी तंज भरे लहजे में जवाब दे रहे हैं.

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष पद की दौड़ में कई और नेता शामिल होने पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि पिछले 3 सालों से कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष का मुद्दा प्रदेश में घूम रहा है. अब यह बोरिंग चेप्टर हो चुका है. कांग्रेस को पूरे प्रदेश ने ही भुला दिया है. कांग्रेस की गतिविधियों को याद रखना, बुद्धिमानी वाला काम नहीं है. जब से मैने होश संभाला है, देख रहा कि इनमे आपसी मतभेद ही रहता है. कांग्रेस की परम्परा और संस्कार में ही गुटबाजी है. यहीं समय- समय पर उभरकर आता है.

स्वास्थ्य मंत्री के बयान पर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि हमारे में तो ऐसा नहीं



है. वो अभी- अभी आए हैं, इनको कहाँ से पता लग गया. कांग्रेस में सब ठीक चल रहा है. उन्होंने कहा कि हम जो चार-पांच लोग अगुवाई कर रहे हैं, उनमें सब ठीक है. सामूहिक नेतृत्व में हम विश्वास करते हैं. चुनाव भी सामूहिक नेतृत्व में होगा. कांग्रेस में कुछ भी निर्णय होता है, तो सामूहिक नेतृत्व के आधार पर होता है.

डॉ. महंत ने कहा कि आने वाले समय में जिन ङ्क जिन राज्यों में चुनाव होने वाले हैं, उनमें प्रदेश अध्यक्ष बदलने की पूरी संभावना है. छत्तीसगढ़ के बारे में भी चर्चा है. लेकिन जब तक राहुल गांधी का यहां दौरा और जिला अध्यक्षों का प्रशिक्षण नहीं हो जाता, तब तक इसकी कोई जरूरत नहीं है.

### खाद-बीज को लेकर कांग्रेस का प्रदर्शन

चरण दास महंत ने इसके साथ खाद-बीज को लेकर कांग्रेस के प्रदर्शन पर कहा कि सरकार का सब ठीक है, कहना उचित नहीं है. निचले स्तर पर समस्या अभी भी है, गांव में तकलीफहै. गांव में काम नहीं हो रहा है, इसलिए ग्रामीण अर्थव्यवस्था पूरी तरह से ठप है. इसकी चिंता सबको है, लेकिन मंत्रीगणों को नहीं दिख रहा है. इसमें गंभीरतापूर्वक मुख्यमंत्री को विचार करना चाहिए जो आज की जरूरत है.

### देश में अघोषित आपातकाल जैसे हालात

इंडियन एलायंस की बैठक पर नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने कहा कि आज दिल्ली में इंडिया एलायंस की बैठक है. देश में महंगाई, डीजल-पेट्रोल, रसोई गैस और खाद्य सामग्री के बढ़ते दामों पर चर्चा होगी. देश में अघोषित आपातकाल जैसे हालात होने का आरोप लगाते हुए कहा कि विपक्ष की भूमिका और आगे की रणनीति पर मंथन होगा।

# केंद्रों में उर्वरक वितरण से किसानों को मिली राहत



■ किसान अर्जुन यादव के लिए आसान हुई खेती की तैयारी

**रायपुर, 8 जून ।** राज्य शासन की किसान हितैषी पहल और कृषि विभाग की सतत निगरानी के परिणामस्वरूप किसानों को खरीफ सीजन के लिए आवश्यक उर्वरकों की सुगम उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। सहकारी समितियों के माध्यम से किसानों को निर्धारित प्रक्रिया के तहत समय पर खाद उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे खेती-किसानी की तैयारियों को गति मिली है।

जिले के विकासखंड अभनपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत भेलवाडीह के किसान अर्जुन यादव ने उर्वरक वितरण व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि उन्हें समिति केंद्र में बिना किसी परेशानी के आवश्यक खाद उपलब्ध हो गया। उन्होंने कहा कि समिति पहुंचने पर निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार उनका परमिट तत्काल जारी किया गया तथा आवश्यक उर्वरक भी आसानी से प्राप्त हो गया। किसान अर्जुन यादव ने बताया कि वे 4 एकड़ कृषि भूमि पर खेती कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि समिति से उन्हें खेती की आवश्यकता के अनुसार 4 बोरी डीएपी, 4 बोरी यूरिया खाद प्राप्त हुआ है। समय पर उर्वरक उपलब्ध होने से फसल प्रबंधन में सुविधा होगी और उत्पादन बढ़ाने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान व्यवस्था के तहत समिति केंद्र में उर्वरक प्राप्त करने में किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़ा। पारदर्शी और सुव्यवस्थित वितरण प्रणाली से किसानों का समय बच रहा है तथा खेती की तैयारियां समय पर पूरी हो पा रही हैं। यादव ने कहा कि किसानों की जरूरतों को ध्यान में रखकर की गई व्यवस्थाओं से खेती-किसानी के कार्यों में काफी सुविधा हुई है। राज्य शासन द्वारा किसानों को समय पर कृषि आदान उपलब्ध कराने के प्रयासों का सीधा लाभ ग्रामीण अंचलों के किसानों को मिल रहा है।

## कार की टक्कर से युवक की मौके पर मौत

**रायपुर, 8 जून ।** राजधानी में तेज रफ्तार वाहनों का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। शंकर नगर इलाके में हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की जान चली गई। हादसा बर्गर किंग के पास हुआ, जहां एक तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान लाखेनगर निवासी उदय रगड़े के रूप में हुई है। वह अपने काम से शंकर नगर क्षेत्र से गुजर रहा था। इसी दौरान तेज गति से आ रही कार ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, कार की रफ्तार इतनी अधिक थी कि टक्कर के बाद युवक सड़क पर दूर जा गिरा और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की और पोस्टमॉर्टम के लिए मेकाहारा अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने कार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

# चेंबर ने की वित्त मंत्री ओपी चौधरी से व्यापारिक मुद्दों पर व्यापक चर्चा

**रायपुर 8 जून।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी से चेंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज का प्रतिनिधि मंडल मिलने पहुंचा।

सतीश थौरानी ने वित्त मंत्री के साथ छत्तीसगढ़ के व्यापारिक परिदृश्य को लेकर मुलाकात के दौरान राज्य में व्यापार और उद्योगों को बढ़ावा देने, कर प्रणालियों के सरलीकरण तथा व्यापारियों के हितों से जुड़े विभिन्न गंभीर व प्रासंगिक विषयों पर गहन चर्चा हुई।

चेंबर प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी का दृष्टिकोण हमेशा से ही विकासपरक और प्रदेश के व्यापारियों के प्रति सकारात्मक रहा है। राज्य के व्यापार को नई ऊंचाइयों पर ले जाने और व्यापारियों की व्यावहारिक समस्याओं के



निराकरण के संबंध में सारगर्भित चर्चा भी की। हमें पूर्ण विश्वास है कि उनके कुशल नेतृत्व और वित्तीय प्रबंधन से छत्तीसगढ़ का व्यापारिक जगत निरंतर प्रगति करेगा।

## आम जनता पर कहर बन कर टूट रही है महंगाई : दीपक बैज

**रायपुर 8 जून।** गैस के दाम बढ़ाने को कांग्रेस ने जनता पर अत्याचार बताया है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि आम लोगों को आज महंगाई का एक और झटका लगा है। घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में 29 रुपये प्रति सिलेंडर की बढ़ोतरी कर दी गई है, इसके बाद 14.2 किलोग्राम वाले घरेलू गैस सिलेंडर की कीमत छत्तीसगढ़ में 1000 रुपये के पार हो गई है। पिछले तीन महीनों में यह दूसरी बार है, जब घरेलू गैस सिलेंडर के दाम बढ़ाए गए हैं। इससे पहले मार्च में भी सिलेंडर की कीमत में 60 रुपये की बढ़ोतरी की गई थी। विगत विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा ने मोदी की गारंटी के नाम पर छत्तीसगढ़ में 500 रुपये में गैस सिलेंडर देने वादा किया था लेकिन अब यह सरकार वायदाखिलाफी पर उतर आयी है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा है कि पांच राज्यों में हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनाव के बाद से यह सरकार जनता के जेब में डकैती कर लगातार मुनाफाखोरी कर रही है, विगत डेढ़ माह में अर्थव्यवस्था के कोर सेक्टर ऊर्जा/ईंधन में 34 गुना इज़ाफ़ा हुआ है।



*रायपुर 8 जून। राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदरदास के जन्मदिन पर वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गुणनिधि मिश्रा, प्रदेश अध्यक्ष अरविंद ओझा, प्रदेश महासचिव डॉ. सुनील कुमार ओझा, संभागीय अध्यक्ष नितिन कुमार झा, उपाध्यक्ष पं. उमेश शर्मा, सचिव सतीश शर्मा, कोषाध्यक्ष राघवेन्द्र पाठक उनसे श्री दूधाधारी मठ कक्ष में भेंटकर शॉल, बुके, पुष्प माला एवं फल प्रदान कर उनके उत्तम स्वास्थ, दीर्घायु जीवन की शुभकामनाएं प्रेषित कर आशीर्वाद प्राप्त किये।*

## पॉक्सो के तहत 2 आरोपी गिरफ्तार, चौकी प्रभारी निलंबित

**रायपुर, 8 जून ।** रायपुर ग्रामीण पुलिस ने थाना धरसीवां अंतर्गत चौकी सिलयारी के गुमशुदा नाबालिग बालिका प्रकरण में महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए पॉक्सो एक्ट के तहत दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं मामले की गंभीरता का सही आकलन नहीं करने पर चौकी प्रभारी जितेन्द्र दुबे को निलंबित कर प्रारंभिक जांच के आदेश दिए गए हैं।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 18 अप्रैल 2026 को नाबालिग बालिका के पिता ने चौकी सिलयारी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी पुत्री 17 अप्रैल से लापता है। इस पर थाना धरसीवां में धारा 137(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। विवेचना के दौरान पुलिस ने 18 अप्रैल को बालिका को दस्तयाब कर लिया था तथा महिला पुलिस अधिकारी द्वारा उसका बयान दर्ज किया गया। इसके बाद बालिका को बाल कल्याण समिति एवं न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर धारा 183 बीएनएसएस के तहत कथन दर्ज कराया गया, जिसमें उसने किसी भी प्रकार के अपराध से इनकार किया था।

इसी बीच मामले में नया मोड़ तब आया जब नाबालिग के दादा का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हुआ, जिसमें कथित रूप से मामले को दबाने के लिए पैसे लेते हुए दिखाया गया। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस अधीक्षक ग्रामीण ने मामले के खारिज प्रस्ताव को अस्वीकार करते हुए पुनः विवेचना के निर्देश दिए। पुनः जांच के दौरान नाबालिग के बयान में अपराध की पुष्टि होने पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों द्वारा जुर्म स्वीकार करने पर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया।

# ऐतिहासिक दस्तावेजों को करीब से देखने का मौका

■ रायपुर में आज से 12 जून तक विशेष प्रदर्शनी

**रायपुर, 8 जून।** संस्कृति विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय अभिलेखागार सप्ताह के अवसर पर आज से 12 जून 2026 तक राजधानी रायपुर में विशेष प्रदर्शनी एवं व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय स्थित आर्ट गैलरी में होगा, जहां आम नागरिकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों और इतिहास प्रेमियों को ऐतिहासिक अभिलेखों और दस्तावेजों को करीब से देखने का अवसर मिलेगा। प्रदर्शनी में नीति, नियम और शासन संबंधी महत्वपूर्ण ऐतिहासिक दस्तावेजों के छायाचित्र प्रदर्शित किए जाएंगे। इन अभिलेखों के माध्यम से प्रदेश और देश के प्रशासनिक, सामाजिक तथा सांस्कृतिक इतिहास की महत्वपूर्ण झलक देखने को मिलेगी। प्रदर्शनी प्रतिदिन प्रातः 11 बजे से अपराह्न 5 बजे तक आमजन के लिए खुली रहेगी।

### इतिहास और स्मृति के संरक्षण पर होगा विशेष व्याख्यान

अंतर्राष्ट्रीय अभिलेखागार सप्ताह के अंतर्गत 9 जून 2026 को विशेष व्याख्यान कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा। न्याय के लिए अभिलेखागार, अधिकार, स्मृति और भविष्य विषय पर आयोजित इस व्याख्यान में अभिलेखों के महत्व, उनके संरक्षण और लोकतांत्रिक व्यवस्था में उनकी भूमिका पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अभिलेखागार, नई दिल्ली के विशेषज्ञ दीपक तथा भुवनेश्वर, (ओडिशा) के सत्यनारायण मिश्र विषय विशेषज्ञ के रूप में अपने विचार साझा करेंगे। दोनों विशेषज्ञ अभिलेखागारों की उपयोगिता, ऐतिहासिक दस्तावेजों के संरक्षण की चुनौतियों तथा भविष्य की संभावनाओं पर प्रकाश डालेंगे।

### शोधार्थियों और विद्यार्थियों के लिए उपयोगी अवसर

आयोजकों के अनुसार यह प्रदर्शनी और व्याख्यान कार्यक्रम विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं, इतिहासकारों तथा अभिलेख संरक्षण में रुचि रखने वाले नागरिकों के लिए विशेष रूप से उपयोगी होगा। कार्यक्रम के माध्यम से लोगों को अभिलेखागारों की भूमिका, ऐतिहासिक दस्तावेजों के महत्व तथा सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा।

### आयोजन का उद्देश्य ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना

पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय संचालनालय, रायपुर द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आम नागरिकों को आमंत्रित किया गया है। आयोजन का उद्देश्य ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना तथा अभिलेखागारों के महत्व को समाज के व्यापक वर्ग तक पहुंचाना है। नागरिक 8 से 12 जून तक आर्ट गैलरी, महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय, रायपुर पहुंचकर इस विशेष प्रदर्शनी का अवलोकन कर सकते हैं।

बैठक | छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से महिला पदाधिकारियों, उद्यमियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की

# नारी वंदन कार्यक्रम की तैयारी पर बैठक में चर्चा

**रायपुर 8 जून।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) महिला विंग के प्रदेष अध्यक्ष श्रीमती मधु अरोरा, महिला प्रदेष महामंत्री श्रीमती पिंकी अग्रवाल एवं महिला प्रदेष कोषाध्यक्ष श्रीमती प्रेरणा भट्ट ने बताया कि नारी शक्ति के सम्मान, सशक्तिकरण एवं महिला उद्यमिता को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आयोजित होने वाले भव्य नारी वंदन 2026 कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर छत्तीसगढ़ महिला विंग द्वारा एक महत्वपूर्ण जूम मीटिंग आयोजित की गई। इस बैठक में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से महिला पदाधिकारियों, उद्यमियों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

बैठक की अध्यक्षता मधु अरोड़ा जी ने की उन्होंने सभी जिलों की महिलाओं से अपील की



कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अधिक से अधिक महिलाओं को इस आयोजन से जोड़ें तथा नारी शक्ति को एक सशक्त मंच प्रदान करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँ।

बैठक के दौरान पिंकी अग्रवाल जी एवं प्रेरणा जी ने नारी वंदन कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित होने वाले विभिन्न सम्मान समारोह, नारी वंदन अवॉर्ड्स, स्टॉल बुकिंग प्रक्रिया एवं कार्यक्रम की रूपरेखा की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह आयोजन महिलाओं की प्रतिभा, उपलब्धियों और उद्यमिता को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का एक महत्वपूर्ण अवसर है।

इस अवसर पर बिलासपुर अध्यक्ष निहारिका त्रिपाठी ने भी विस्तार से जानकारी देते हुए महिलाओं को स्टॉल बुकिंग एवं नारी वंदन अवॉर्ड्स के लिए सक्रिय रूप से भागीदारी करने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि यह मंच महिलाओं को अपनी कला, व्यवसाय, नवाचार एवं सामाजिक योगदान को प्रदर्शित करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान करेगा।

बैठक में सभी जिलों से अत्यंत सकारात्मक प्रतिक्रिया प्राप्त हुई तथा प्रतिभागियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक जनसंपर्क एवं प्रचार-प्रसार करने का संकल्प लिया। बैठक के पश्चात यह विश्वास व्यक्त किया गया

कि छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में महिलाओं का पंजीयन नारी वंदन अवॉर्ड्स एवं स्टॉल बुकिंग के लिए होगा और यह आयोजन महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम सिद्ध होगा।

आइए, नारी शक्ति का सम्मान करें, उनकी उपलब्धियों को पहचान दें और नारी वंदन 2026 को एक यादगार एवं सफल आयोजन बनाएं।

जूम मिटिंग में मधु अरोड़ा, पिंकी अग्रवाल, प्रेरणा भट्ट, डॉ प्रदीपा, नीलम दिवाकीर्ति, डॉ. प्रिया जोशी, डॉ. अंकिता जोशी, श्रावणी चटर्जी, एकता ठाकुर, चेतना श्रीवास्तव, बिलासपुर की सेक्रेटरी प्रतिज्ञा ठाकुर, फिरोज खान एवं चुन्नी मौर्य उपस्थित रहे।

# मोदी सरकार के 12 साल आम जनता की बदहाली के साल : कांग्रेस

**रायपुर 8 जून।** मोदी सरकार के 12 साल को आम जनता के लिए बदहाली के 12 साल थे। कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि प्रधानमंत्री मोदी का विगत 12 साल का कार्यकाल देश की जनता के लिए बेहद निराशाजनक है। उपलब्धि के नाम पर केवल महंगाई की मार, ऐतिहासिक बेरोजगारी, चंद पूंजीपतियों के मुनाफे पर काम करने के चलते देश में बढ़ती असमानता, अमीरी गरीबी की खाई, बढ़ती गरीबी और भुखमरी ही बढ़ी है। डॉलर के मुकाबले रुपया लगातार टूट रहा है, मोदी राज में भारत की करेंसी एशिया में सबसे खराब करेंसी साबित हुई है, आर्थिक कुप्रबंधन और गलत नीतियों के चलते देश पर कर्ज का भार बढ़ रहा है आवश्यक वस्तुओं के दाम आसमान छू रहे हैं, इस सरकार का कोई नियंत्रण नहीं है। प्रदेश कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि स्मार्ट सिटी, मेक इन इंडिया, हर साल दो करोड़ रोजगार, 2022 तक हर घर में नल, 2024 तक हर सिर पर छत के नाम पर केवल झूठ बोला गया। छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार बनने के बाद नये प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत नहीं हुये है राज्य सरकार झूठे दावे करती है, आप ही बता दे 2023 के बाद कितने आवास केंद्र ने स्वीकृत किया है? कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा है कि धान के डैच् में कांग्रेस की पूर्ववर्ती सरकार ने औसत 14 प्रतिशत हर साल वृद्धि की जाती रही लेकिन मोदी सरकार में औसत वृद्धि घटकर मात्र 4 प्रतिशत रह गया है। डबल इंजन की सरकार राज्य के किसानों को यूरिया, डीएपी तक नहीं उपलब्ध करवा पा रही है। ऐसी डबल और ट्रिपल इंजन की सरकार का राज्य को क्या फायदा?

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26